**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 44.4 | 32.0 |
| जमशेदपुर | 44.4 | 30.2 |
| डालटनगंज | 45.4 | 28.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, बुधवार 12 जून 2024 • ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 06 संवत 2081 • पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 • वर्ष : 2, अंक : 64 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,200 |
| चांदी (किलो) | 95,000 |

## ब्रीफ खबरें

### मोदी पहली विदेश यात्रा इटली की करेंगे



**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी लगातार तीसरे कार्यकाल का कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत वार्षिक जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए इस सप्ताह इटली का दौरा करने वाले हैं. मोदी 18 जून को वाराणसी पहुंचेंगे, जनता लोगों का जिताने के लिए आभार जताएंगे. संसद का सत्र 24 जून से शुरू होने की संभावना है. इसमें लोकसभा के स्पीकर का चुनाव किया जाएगा.

### मोहन मांझी होंगे ओडिशा के नए सीएम



**भुवनेश्वर।** भाजपा नेता मोहन चरण मांझी ओडिशा के नए सीएम होंगे. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को यहां इस बारे में घोषणा की. उन्होंने कहा कि केवी सिंह देव और पार्वती परिदा को राज्य का डिप्टी सीएम बनाया जाएगा. मांझी क्योंझर सीट से विधायक हैं. ये निर्णय भाजपा विधायक दल की बैठक में लिए गए, जिसमें राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए. इसी के साथ राज्य को लगभग ढाई दशक बाद नया सीएम मिला है. मोहन मांझी आदिवासी समाज से आते हैं और बीजेपी ने उन्हें सीएम बनाते हुए इस समाज में अपनी पकड़ मजबूत करने की ओर भी कदम उठाया है. 52 वर्षीय मांझी चार बार विस चुनाव जीत चुके हैं.

### कथनी-करनी में फर्क का नाम मोदी: राहुल



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली नई मंत्रिपरिषद के कई सदस्यों का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने सरकारी परिवार को सत्ता की वसीयत बांट रहे हैं. उन्होंने यह दावा भी किया कि कथनी और करनी के इसी फर्क को मोदी कहते हैं. राहुल ने एक्स पर जिन मंत्रियों के नाम साझा किए उनमें इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू, संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और कई अन्य नाम शामिल हैं. उन्होंने कहा, पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने सरकारी परिवार को सत्ता की वसीयत बांट रहे. कथनी और करनी के इसी फर्क को नरेंद्र मोदी कहते हैं.

## धनबाद: झमाडा कार्यालय में जारी है आश्रितों का धरना-नियोजन की मांग

# 14 साल की टकटकी, 108 आश्रितों का 840 दिनों से धरना

संवाददाता। धनबाद

ये टकटकी पिछले 14 साल की है. उम्मीद है कि अपनों को खोने के बाद कम से कम उनकी कमाई का साधन तो मिल जाए. कुल 108 आश्रितों के परिवार हैं, जो इस जद्दोजहद में मुसीबतों को झेलते हुए पिछले 840 दिनों से धरना दे रहे हैं. यह धरना झमाडा कार्यालय धनबाद में जारी है. हर बार टूटती उम्मीदों को हिम्मतों का सहारा दिया जाता है और लड़ाई में डटे रहने वाले ये 108 परिवार फिर से जुट जाते हैं. इस महाधरना को नेतृत्व करनेवालों में से एक विशाल कुमार चौधरी ने बताया कि यहां कुल 108 परिवार के लोग यहां धरना दे रहे हैं. इनमें से कुछ के मामले में 14 साल पुराने हैं. जो करीब डेढ़ दशक से नौकरी के इंतजार में हैं. लेकिन ऐसा नहीं हो पाया. धरना मरते दम तक जारी रखेंगे.

**14 साल पुराने मामले हैं. जो करीब डेढ़ दशक से नौकरी के इंतजार में हैं.**



### बोर्ड अध्यक्ष नहीं होने के कारण लटक रहा मामला

विशाल ने बताया कि 2008 के बाद झमाडा के बोर्ड अध्यक्ष नहीं है. यही बोल कर उनकी लड़ाई को दबाया जा रहा है. बोर्ड अध्यक्ष के रहने और नहीं रहने का खामियाजा आश्रित क्यों भुगतेंगे. जब हमारे परिवार के सदस्य ने माडा में नौकरी करते हुए जान गंवाई दी तो हमें नियोजन देने में इतनी बेईमानी क्यों की जा रही है.

### आश्रित के प्रतिनिधि मंडल ने झरिया विधायक को सौंपा ज्ञापन

झमाडा धनबाद के अनुकंपा आश्रित कई लोग पिछले 840 दिनों से झमाडा के मुख्य द्वार के समक्ष धरने पर बैठे हैं. मंगलवार को इन धरनार्थियों का एक प्रतिनिधि मंडल झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से मुलाकात की और उन्हें अपनी मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा. विधायक ने अनुकंपा आश्रित लोगों को यह आशवासन दिया कि वह उनकी मांगों को झमाडा के प्रबंध निदेशक से मिल कर बात कर जल्द निदान के लिए पहल करेंगी. झमाडा में दर्शाए गए कर्मचारियों की कमी के मामले व अनुकंपा बहाली प्रक्रिया को भी सदन में जोरदार तरीके से उठाने का काम करेंगी.

## सीएम चंपाई सोरेन ने विभागीय सचिवों और सभी डीसी के साथ की समीक्षा बैठक, बोले-

# शुरू होंगी नियुक्तियां

कौशल आनंद। रांची

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि इसी सप्ताह से झारखंड में रिक्त पड़े पदों पर बहाली प्रकिया शुरू होगी. सरकार 26 हजार शिक्षक नियुक्ति, क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति, सिपाही बहाली, उत्पाद विभाग सहित अन्य विभागों में बहाली शुरू करेगी. उन्होंने अफसरों को कड़ी हिदायत दी कि सरकार की योजनाओं में अगर किसी भी प्रकार की कोताही बरती गयी तो उनपर कार्रवाई होगी.

सोरेन ने मंगलवार को अपने सहयोगी मंत्रियों के साथ प्रोजेक्ट भवन में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक के दौरान कही ये बातें कहीं. सीएम राज्य के सभी विभागों के सचिवों और डीसी के साथ बैठक कर रहे थे. बैठक में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बन्ना गुप्ता, रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन, दीपक बिरुआ, मुख्य सचिव एल. खियांग्ते सहित संबंधित विभाग के कई सचिव और सभी जिलों के डीसी मौजूद थे.

**डीसी को सख्त निर्देश, योजनाओं में गति लाएं :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित फ्लैगशिप योजनाओं, नीतियां और कार्यक्रमों की उच्च स्तरीय समीक्षा की. इस मौके पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के प्रगति की जानकारी लेने के साथ अधिकारियों को कई निर्देश दिए. उन्होंने विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव की उपस्थिति में सभी जिलों के उपायुक्त को कहा कि योजनाओं में गति लाएं ताकि राज्य वासियों को इसका पूरा लाभ मिल सके.

**सीएम ने डीसी-एसपी के साथ बैठक में दी हिदायत- अपराध बढ़े तो खैर नहीं** - देखें पेज 7 पर



### सीएम चंपाई सोरेन रेस

- भरे जाएंगे 26 हजार शिक्षकों समेत सरकार के अन्य रिक्त पद
- योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं गति, समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मिले योजनाओं का लाभ
- अफसरों को कड़ी हिदायत, काम में लापरवाही होने पर होगी कार्रवाई

### निर्धारित समय में योजनाएं पूरी हों

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास की गति तेज करने में आपका अहम रोल है. ऐसे में सभी विभाग इस बात का विशेष ख्याल रखें की योजनाएं तय समय सीमा में पूरी हो. मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्तियों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है.

### मुख्यमंत्री ने दिया ये निर्देश

- बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधे लगाने के साथ उसके रख- रखाव एवं संरक्षण की पूरी व्यवस्था हो.
- बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत इस वर्ष नवंबर के पहले तक एक लाख कूपों का निर्माण पूर्ण करें.
- प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत अपूर्ण और लंबित आवासों का निर्माण कर जल्द से जल्द पूरा हो.
- जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडलों और उससे संबंधित महिलाओं को मोबिलाइजेशन कर विभिन्न योजनाओं में इनवॉल्व करें.
- राज्य के सभी पंचायत सचिवालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं. बिजली, इंटरनेट, सोलर पैनल, कम्प्यूटर सेट एवं प्रज्ञा केंद्र स्थापित हो यह सुनिश्चित करें. राज्य के सभी पंचायतों में अपना पंचायत भवन होनी चाहिए.
- सभी पंचायत सचिवालयों तक पहुंच पथ हो यह भी सुनिश्चित करें. सभी पंचायत सचिवालय पूर्णत: क्रियाशील हो, यह सुनिश्चित करें.
- पंचायत सचिवालय में कार्यरत कर्मी बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनाए, यह लागू करें.
- 15वें वित्त आयोग की राशि का व्यय शत प्रतिशत हो, इस निमित्त 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सभी योजनाओं का संचालन ससमय पूरा करें। 15वें वित्त आयोग के तहत होने वाले कार्यों में तेजी लाएं.
- सभी उपायुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, एलआरडीसी और अंचल अधिकारी नियमित कोर्ट करें ताकि, जमीन से जुड़े मामले का निष्पादन हो.
- सीएनटी-एसपीटी एक्ट के तहत दर्ज किए गए मुकदमों का निपटारा प्राथमिकता के साथ हो यह सुनिश्चित करें. एसटी कोर्ट द्वारा एसटी जमीन से संबंधित मामलों में जो डिग्री हुई है उसकी सूची पब्लिक डोमेन में प्रकाशित करें.
- ज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में जनजातीय भाषा की पढ़ाई शीघ्र प्रारंभ करें.
- स्थानीय जनजातीय भाषाओं को प्राथमिकता देते हुए स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों को जनजातीय भाषा की शिक्षा उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाए.
- जनजातीय भाषा- संताली, हो, कुड़ुख, खड़िया, मुंडारी सहित सभी जनजातीय भाषाओं के विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र करें.
- गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का पोर्टल 20 जून से एक्टिव हो जाएगा. इस योजना के तहत विद्यार्थियों को 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन दिया जाएगा. ऐसे में इस योजना का ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी लाभ ले सकें. इसके साथ नौ हजार से ज्यादा विद्यार्थी शिक्षा लोन के लिए आवेदन कर चुके हैं उन्हें शिक्षा लोन देने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरी करें.
- पीएम अभिम योजना के तहत भवन विहीन स्वास्थ्य उप केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अन्य स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण कार्य.
- पीएम अभिम योजनाके तहत सभी स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण इस वर्ष नवंबर तक पूरा करें.
- सभी स्तर के सरकारी अस्पतालों के एक ही भवन में ही ओपीडी और जांच की सुविधा हों. यहां सभी दवाई भी होनी चाहिए. डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल में नियमित रूप से रहें.
- राज्य के स्थानीय युवाओं को झारखंड में अवस्थित विभिन्न निजी उद्योगों तथा कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने जो कानून बनाए हैं, उसका हर हाल में पालन सुनिश्चित करें. इसे एक अभियान के रूप में चलाएं ताकि ज्यादा से ज्यादा स्थानीय और मूलवासी को अपने ही प्रदेश में रोजगार मिल सके.
- बिरसा योजना के तहत प्रखंड स्तर पर कौशल केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया पूरी करें. -बोकारो और देवघर में ईएसआईसी का अस्पताल बनाने के लिए भूमि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें.
- जेपीएससी और जेएसएससी विभिन्न पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरी करे.
- जाति प्रमाण पत्र जारी करने में जो भी भी विसंगति है उसे दूर करें. इसे सरल बनाएं. आवेदकों को समय पर जाति प्रमाण पत्र देना सुनिश्चित करें. जाति प्रमाण पत्र से जुड़े आवेदन लंबित नहीं रहने चाहिए.
- फिलहाल किसानों का 50 हजार रुपए तक के ऋण को माफ किया जा रहा है, लेकिन इसे अब बढ़ाकर दो लाख रुपये किया जाना है, ऐसे में इसके नीतिगत प्रक्रिया को जल्द पूरी करें.
- ज्यादा से ज्यादा किसानों को केसीसी से आच्छादित करें. समय पर लोन चुकाने वाले किसानों को इंटरेस्ट फ्री लोन मिलेगा, इसका प्रचार- प्रसार सुनिश्चित करें.
- जून महीने के अंतिम अथवा जुलाई माह के पहले सप्ताह तक बीज का वितरण ही जाना चाहिए.

### सीएम ने की इन विभागों और योजनाओं की समीक्षा

सीएम चंपाई सोरेन ने मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जेएसएलपीएस से जुड़े सखी मंडलो की महिलाओं को योजनाओं में इन्वॉल्वमेंट आदि की एकसाथ समीक्षा की.

## अन्नपूर्णा ने महिला एवं बाल विकास का कार्यभार संभाला

### स्मृति ईरानी जी का मिला मार्गदर्शन



**रांची।** अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का कार्यभार संभाला और कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने की दिशा में काम करेंगी. अन्नपूर्णा देवी (55) ने कार्यभार संभालने से पहले पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी से मुलाकात की. उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, निवर्तमान महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी जी से उनके आवास पर आत्मीय मुलाकात हुई, मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. बहन स्मृति ईरानी जी द्वारा स्नेहसिक्त अगवानी और पूरे अपनेपन के साथ बधाई देने के उनके अंदाज ने अभिभूत किया. मंत्रालय के दायित्वों के निर्वहन में उनका प्रेरक मार्गदर्शन सदैव मेरे लिए प्रकाश पुंज की भांति उपयोगी होगा. महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने भी मंगलवार को कार्यभार संभाल लिया. उन्होंने कार्यभार संभालने से पहले अपने कार्यालय में पूजा-अर्चना की. अन्नापूर्णा देवी की राजनीतिक यात्रा बिहार विधानसभा के लिए 1998 में हुए उपचुनाव में जीत से हुई.

## संजय सेठ ने शुभ घड़ी में रक्षा राज्य मंत्री का पदभार संभाला

### बोले : पीएम मोदी के आदर्शों पर चल कर दोगुनी ऊर्जा से काम करूंगा



**रांची।** रांची लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित रक्षा मंत्रालय में शुभ घड़ी के बीच केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री का पदभार संभाल लिया. इसके बाद उन्होंने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की. संजय सेठ ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा. साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदर्शों पर चल कर दोगुनी ऊर्जा से काम करूंगा. बता दें कि संजय सेठ रांची लोकसभा सीट से दूसरी बार सांसद निर्वाचित हुए हैं. वे झारखंड की राजनीति में चार दशक से अधिक समय से सक्रिय हैं. उन्होंने बीकॉम, एलएलबी के साथ-साथ पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बिजनेस मैनेजमेंट इंडस्ट्रियल एडमिनिस्ट्रेशन की भी पढ़ाई की है.

## बड़ी पहल विश्वविद्यालयों में विदेशी संस्थानों की तरह साल में दो बार मिलेगा प्रवेश

# यूजीसी की मुहर, प्रवेश के लिए इंतजार खत्म

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अब विदेशों की तर्ज पर वर्ष में दो बार प्रवेश देने की अनुमति मिलेगी. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस योजना को मंजूरी दी है.

यूजीसी अध्यक्ष जगदीश कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सत्र 2024-25 से जुलाई-अगस्त और जनवरी-फरवरी में दो बार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी. कुमार ने एक साक्षात्कार में कहा, यदि भारतीय विश्वविद्यालय वर्ष में दो बार प्रवेश दे सकें, तो इससे कई छात्रों को लाभ होगा, जैसे कि वे छात्र जो बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा में देरी, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या व्यक्तिगत कारणों से जुलाई-अगस्त सत्र में किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने से चूक जाएं. उन्होंने कहा, साल में दो बार विश्वविद्यालयों में प्रवेश से छात्रों को प्रेरणा बनाये रखने में मदद मिलेगी क्योंकि यदि वे वर्तमान सत्र में प्रवेश से चूक जाते हैं, तो उन्हें प्रवेश पाने के लिए एक पूरा वर्ष इंतजार नहीं करना पड़ेगा.

### उद्योग जगत के लोग भी वर्ष में दो बार कैंपस चयन की प्रक्रिया कर सकते हैं

उद्योग जगत के लोग भी वर्ष में दो बार अपने कैंपस चयन की प्रक्रिया संचालित कर सकते हैं, जिससे स्नातकों के लिए रोजगार के अवसर बेहतर होंगे. यूजीसी प्रमुख ने बताया कि साल में दो बार प्रवेश से उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) को अपने संसाधन वितरण, जैसे संकाय, प्रयोगशाला, कक्षाएं और सहायक सेवाओं की योजना अधिक कुशलतापूर्वक बनाने में मदद मिलेगी, जिसके परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय के भीतर सुगमता से कामकाज होगा. कुमार ने कहा, दुनियाभर के विश्वविद्यालय पहले से ही द्विवार्षिक प्रवेश प्रणाली का पालन कर रहे हैं.

### हमारी वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा

यदि भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान द्विवार्षिक प्रवेश चक्र को अपनाते हैं, तो हमारे उच्च शिक्षा संस्थान अपने अंतरराष्ट्रीय सहयोग और छात्र आदान-प्रदान को बढ़ा सकते हैं. परिणामस्वरूप, हमारी वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा और हम वैश्विक शैक्षिक मानकों के अनुरूप होंगे. उन्होंने कहा, यदि उच्च शिक्षा संस्थान द्विवार्षिक प्रवेश को अपनाते हैं, तो उन्हें प्रशासनिक पेचीदगियों, उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए अच्छी योजना बनाने तथा वर्ष के अलग-अलग समय में प्रवेश पाने वाले छात्रों के साथ सुचारू तरीके से तालमेल बैठाने के लिए निर्बाध सहायता प्रणाली प्रदान करनी होगी.

## नीट विवाद सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए से मांगा जवाब, अगली सुनवाई 8 जुलाई को

# लेकिन शीर्ष अदालत ने काउंसलिंग पर नहीं लगाई रोक

एजेंसी। नयी दिल्ली

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 के रिजल्ट में धांधली को लेकर छात्र नाराज हैं. अब नीट की प्रवेश परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है, जिस पर मंगलवार को सुनवाई हुई. लेकिन शीर्ष अदालत ने काउंसिलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया. और कहा कि मामला गंभीर है, हम इस पर सुनवाई आगे भी करेंगे.

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. ये याचिका सुप्रीम कोर्ट में तेलंगाना व आंध्र प्रदेश के रहने वाले अब्दुल्लाह मोहम्मद फैज और शैंक रोशन मोहिद्दीन ने दायर की है. याचिका में कहा गया है कि छात्रों के हितों की खातिर यह याचिका दायर की गई है और सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई गई है कि इस मामले में जब तक जांच होती है तब तक नीट यूजी 2024 की काउंसलिंग पर रोक लगाई जाए. जानकारी दे दें कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में पहले से ही दो याचिका लंबित हैं और परीक्षा रद्द कराने की गुहार लगाई जा चुकी है.

### याचिकाकर्ताओं को लगा झटका, कोर्ट ने कहा- परीक्षा रद्द नहीं की जाएगी

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट से छात्रों को भी झटका लगा है. न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पास उम्मीदवारों की काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया. परीक्षा रद्द करने से भी मना कर दिया. याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता मैथ्यू जे नेदुमपारा ने पीठ से काउंसलिंग पर रोक लगाने का अनुरोध किया. लेकिन कोर्ट ने इस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और मामले की सुनवाई के लिए आठ जुलाई का समय दिया. पीठ ने कहा, काउंसलिंग शुरू होने दीजिए, हम काउंसलिंग नहीं रोक रहे हैं.

### जवाब देने की जरूरत

अदालत ने कहा कि परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है, एनटीए को जवाब देना है. नीट-यूजी की परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस और आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है. शीर्ष अदालत ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दायर याचिका को लंबित याचिका के साथ जोड़ दिया और एनटीए से इस बीच जवाब दाखिल करने को कहा. याचिका में आरोप लगाया गया है कि नीट-यूजी, 2024 कदाचार से भरा हुआ है, क्योंकि पेपर लीक के विभिन्न मामले याचिकाकर्ताओं के संज्ञान में आए हैं.

## दो अलग-अलग मामलो की सुनवाई के दौरान झारखंड हाईकोर्ट का अहम फैसला

# अचानक झगड़े के बाद बिना किसी पूर्व योजना की गयी गैर इरादतन हत्या, हत्या नहीं

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

### अपीलकर्ता को हिरासत से तुरंत रिहा करने का आदेश

झारखंड हाईकोर्ट ने हाल ही में दिये अपने एक फैसले में कहा है कि अचानक झगड़े के बाद आवेश में आकर और बिना किसी पूर्व योजना के की गयी हत्या को हत्या नहीं माना जाएगा. यह फैसला हाईकोर्ट ने श्रीराम शर्मा की क्रिमिनल अपील पर सुनवाई के बाद दिया है. श्रीराम शर्मा को देवघर सिविल कोर्ट ने 4 फरवरी 2017 को हत्या के जुर्म में दोषी करार देते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी. साथ ही 10 हजार का जुर्माना भरने का भी आदेश दिया था. श्रीराम शर्मा ने देवघर सिविल कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी.

श्रीराम शर्मा की क्रिमिनल अपील पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस सुभाष चांद की खंडपीठ में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यदि गैर इरादतन हत्या अचानक झगड़े के बाद जोश में बिना किसी पूर्व योजना के की गयी हो और अपराधी कोई अनुचित लाभ ना उठाये या क्रूर तरीके से काम ना करे, तो उक्त मृत्यु आईपीसी के सेक्शन 300 के अंतर्गत नहीं आयेगी. अपीलकर्ता द्वारा मृतक की हत्या करने का कोई इरादा नहीं था, अचानक झगड़ा हुआ और आवेश में आकर और बिना किसी पूर्व विचार



के मृतक के सिर पर हथौड़े से वार किया गया. चश्मदीद गवाह के साक्ष्य और मेडिकल साक्ष्य से भी पता चलता है कि मृतक के सिर पर केवल एक वार किया गया था. इससे यह भी पता चलता है कि हत्या करने की कोई पूर्व योजना या इरादा नहीं था. हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट रूप से कहा कि अपीलकर्ता पहले से ही दस साल से अधिक समय से हिरासत में था और सजा काट चुका था. इसलिए अदालत ने निर्देश दिया कि अपीलकर्ता को हिरासत से तुरंत रिहा किया जाये.

### सहायक आचार्य परीक्षा देने को लेकर दायर याचिका पर हुई सुनवाई

## 41 अभ्यर्थियों के लिए अलग से होगी परीक्षाः हाईकोर्ट

- अदालत ने जेएसएससी को दिया चार माह का समय
- झारखंड में आज होने वाली है सहायक आचार्य परीक्षा

**रांची** । सहायक आचार्य परीक्षा में शामिल होने के लिए दायर अमृता कुमारी समेत 41 अभ्यर्थियों की याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान जेएसएससी के अध्यक्ष प्रशांत कुमार अदालत के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए. हाईकोर्ट ने उन्हें निर्देश दिया है कि हाईकोर्ट में जिन 41 अभ्यर्थियों ने याचिका दाखिल की है, उनके लिए अलग से परीक्षा ली जाएगी. इसके लिए अदालत ने जेएसएससी को चार सप्ताह का समय दिया है. अदालत ने यह स्पष्ट भी किया है कि इस याचिका का जो भी अंतिम निष्कर्ष निकलेगा, उससे उनकी नियुक्ति प्रभावित होगी. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश डॉ. एसएन पाठक की पीठ में हुई. अमृता कुमारी एवं अन्य की ओर से पूर्व महाधिवक्ता एवं हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार एवं अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज ने बहस की. बता दें कि सहायक आचार्य परीक्षा बुधवार को होने वाली है.

**मूल नियमावली की सभी शर्तों को पूरा कर रहे वादी :** अभ्यर्थियों के अधिवक्ताओं ने अदालत को बताया कि संशोधित नियमावली को पूर्व के विज्ञापन में लागू नहीं किया जा सकता. वादी मूल नियमावली की सभी शर्तों को पूरा कर रहे हैं, इसलिए इन्हें एडमिट कार्ड मिलना चाहिए और परीक्षा में शामिल किया जाना चाहिए. बता दें कि पिछले दिनों झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि राज्य में 26,000 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया में दूसरे राज्य के टेट पास अभ्यर्थी या सीटेट पास अभ्यर्थी भी शामिल हो सकते हैं.

## राज्य सरकार कर रही है मंथन, कार्मिक ने तैयार किया है ब्योरा

# अफसर व कर्मियों को प्रमोशन से भरे जाएंगे एक लाख रिक्त पद

रवि भारती। रांची

राज्य सरकार लगभग एक लाख रिक्त पदों को अफसर व कर्मियों के प्रमोशन से भरेगी. इसको लेकर मंथन चल रहा है. कार्मिक विभाग ने इसका ब्योरा तैयार किया है. राज्य सरकार इस नियम के तहत विचार-विमर्श कर रही है कि विभागों के कुल स्वीकृत पदों के 25 फीसदी पद पर अगर सीधी नियुक्ति नहीं की जाती है, तो उन पदों को प्रोन्नति के माध्यम से भरा जाता है.

इस फार्मूले के मुताबिक, राज्य सरकार के पदाधिकारियों और कर्मियों को समय पर प्रोन्नति प्रदान कर खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है. जानकारी के अनुसार, रिक्तियों का सीधा असर राज्य सरकार के कार्यों पर पड़ता है. बड़ी संख्या में पद खाली रहने की वजह से फाइलों का मूवमेंट धीमा हो जाता है. इससे विकास कार्यों की गति धीमी पड़ जाती है.

**सरकारी विभागों में 62.46 फीसदी पद रिक्त :** सरकारी विभागों में कुल स्वीकृत पदों की संख्या 4,66,494 है. इसके विरुद्ध केवल 1,79,365 पदों पर ही कर्मी कार्यरत हैं. शेष 2,87,129 पद खाली पड़े हुए हैं. इस हिसाब से स्वीकृत पदों के खिलाफ 38.44 फीसदी पदों पर ही अफसर व कर्मचारी कार्यरत हैं. राज्य सरकार के विभागों में सबसे अधिक रिक्त पद शिक्षा विभाग में हैं. प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा में सवा लाख से अधिक पद खाली पड़े हुए हैं. वहीं, स्वास्थ्य व गृह विभाग में भी बड़ी संख्या में पद रिक्त पड़े हैं. वहीं पिछले दो साल में 5000 अफसर-कर्मी सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं.

**जेपीएससी व जेएसएससी की लंबित परीक्षाओं की होगी समीक्षा**



### किस सेवा में किस श्रेणी के कितने पद हैं रिक्त

### सचिवालय में सेक्शन अफसर के 600 पद खाली

सचिवालय सेवा का कैडर मैनेजमेंट भी चरमराया हुआ है. सेक्शन ऑफिसर के 657 स्वीकृत पद हैं. इसमें से 600 पद खाली पड़े हैं. प्रोजेक्ट भवन, नेपाल हाउस, सीएम सचिवालय, महाधिवक्ता कार्यालय, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग, खाद्य सुरक्षा आयोग, पांचों कमिश्नरी सहित अन्य को मिला कर कुल 657 सेक्शन हैं. सचिवालय सेवा के सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के 1313 पद स्वीकृत हैं. इसमें 708 सहायक प्रशाखा पदाधिकारी ही कार्यरत हैं. इसी तरह सचिवालय सेवा में अवर सचिव के स्वीकृत 328 पदों में से 58 पद रिक्त हैं. उपसचिव के 54 स्वीकृत पदों में से 10 पद और संयुक्त सचिव के 23 स्वीकृत पदों में से 10 पद रिक्त हैं.

### राज्य सेवा के 305 पद खाली

राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों की भी भारी कमी है. 60 अंचलों में सीओ नहीं हैं. वहां बीडीओ अतिरिक्त प्रभार में हैं. राज्य सेवा में अवर सचिव के 138, उप सचिव के 153, संयुक्त सचिव के चार, अपर सचिव के एक व विशेष सचिव के नौ पद रिक्त हैं.

### आइएएस कैडर में 44 पद खाली

आइएएस कैडर में भी अफसरों की भारी कमी है. झारखंड में आइएएस के कुल स्वीकृत पदों की संख्या 224 है. इनमें 180 अफसर ही कार्यरत हैं. इस हिसाब से आइएएस के 44 पद रिक्त हैं. ऐसे में एक-एक अफसर के पास एक से अधिक प्रभार में हैं.

### जेटेट को तीन महीने में पूरा करने का निर्देश

राज्य सरकार शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) को भी इसी तीन महीने के अंदर पूरा करने के लिए शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है. जैक के



माध्यम से झारखंड पात्रता परीक्षा (जेटेट) आयोजित कराने की तैयारी है. इसी तरह सहायक प्राध्यापक और पीएचडी में नामांकन के लिए जेपीएससी जल्द ही झारखंड पात्रता परीक्षा के लिए विज्ञापन जारी करने वाला है. जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को एक बार फिर से आयोजित करने की तैयारी की जा रही है. जानकारी के मुताबिक, जल्द ही आयोग द्वारा सूचना जारी की जाएगी.

### सीएम करेंगे लंबित परीक्षाओं की समीक्षा

सीएम चंपाई सोरेन जेएसएससी व जेपीएससी के लंबित परीक्षाओं की समीक्षा करेंगे. अगले तीन महीने के अंदर करीब 50 हजार पदों को भरा जायेगा. विभागों से रिक्तियां मिलने के बाद जेएसएससी व जेपीएससी को अधियाचना भेजी जायेगी. राज्य सरकार ने शिक्षक नियुक्ति से लेकर जेपीएससी सिविल सेवा भर्ती परीक्षा के जरिए अधिकारियों को नियुक्त करने की तैयारी की है. 26 हजार प्राथमिक व मध्य विद्यालय के शिक्षकों की नियुक्ति के अलावा 11वीं जेपीएससी सिविल सेवा के माध्यम से 342 अधिकारियों की नियुक्ति, बैकलॉग जेपीएससी सिविल सेवा, सीडीपीओ भर्ती आदि परीक्षा के चयन प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं.

### सिविल कोर्ट में राहुल गांधी पर छह जुलाई को सुनवाई

**रांची**। भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ बयान देने से जुड़े मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज मुकदमे में रांची सिविल कोर्ट अब छह जुलाई को सुनवाई करेगा. पिछली सुनवाई में रांची की एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने राहुल गांधी के विरुद्ध समन जारी किया था. लेकिन किसी कारणवश उन तक समन नहीं पहुंच पाया था. राहुल खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने केस दायर किया. उनपर आरोप लगाया गया कि मार्च 2018 को उन्होंने कांग्रेस महाधिवेशन के दौरान भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह की छवि धूमिल की है. राहुल गांधी के खिलाफ अपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में रांची और चाईबासा में अवमानना का केस दर्ज कराया गया था.

### आज से 15 जून तक बंद रहेंगे सभी स्कूल

**रांची**। राज्य में भीषण गर्मी और तपिश के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सभी विद्यालयों में केजी से 12वीं तक की कक्षाएं 15 जून तक बंद रहेंगी. इस बाबत झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने आदेश जारी किया है. बता दें इससे पहले विभाग ने सभी सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त/ गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में केजी से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह सात से 11:30 बजे तक चलाने का निर्देश जारी किया था.

## झारखंड में जमीन विवाद

## 1150 केस, 3356 आरोपी, पुलिस सिर्फ 125 को ही कर पायी गिरफ्तार

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड के 24 जिलों में जमीन विवाद या जमीन के नाम पर ठगी और कब्जा करने को लेकर साल 2021 से 2023 तक कुल 1150 केस दर्ज हुए. जिसमें कुल आरोपियों की संख्या 3356 थी. लेकिन झारखंड पुलिस इनमें से सिर्फ 125 आरोपियों को ही गिरफ्तार कर पायी. जबकि 421 जमानत पर हैं. वहीं दूसरी ओर विभिन्न कारणों से 2,935 आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पायी. इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि जमीन कारोबारी या जमीन माफिया पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं. पूरे राज्य पुलिस की कार्रवाई की यही स्थिति है. इसके आधार पर यह भी कहा जा सकता है कि आरोपियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई संतोषजनक नहीं है.



**जानें किस जिले में कितने कांड दर्ज और कितने लोगों की हुई गिरफ्तारी**

| जिला | कांड | अभियुक्त | गिरफ्तार |
|---|---|---|---|
| रांची | 194 | 189 | 08 |
| खूंटी | 23 | 60 | 00 |
| गुमला | 25 | 74 | 00 |
| सिमडेगा | 12 | 27 | 02 |
| लोहरदगा | 33 | 145 | 11 |
| चाईबासा | 00 | 00 | 00 |
| सराइकेला | 101 | 357 | 23 |
| जमशेदपुर | 43 | 89 | 08 |
| पलामू | 54 | 152 | 09 |
| लातेहार | 40 | 87 | 07 |
| गढ़वा | 58 | 228 | 01 |
| धनबाद | 36 | 101 | 05 |
| बोकारो | 38 | 81 | 09 |
| हजारीबाग | 72 | 183 | 00 |
| रामगढ़ | 36 | 123 | 09 |
| कोडरमा | 49 | 263 | 00 |
| चतरा | 37 | 155 | 02 |
| गिरिडीह | 55 | 225 | 06 |
| दुमका | 11 | 72 | 03 |
| गोड्डा | 23 | 143 | 00 |
| जामताड़ा | 18 | 76 | 01 |
| देवघर | 51 | 188 | 18 |
| साहेबगंज | 24 | 144 | 00 |
| पाकुड | 48 | 194 | 03 |
| कुल | 1150 | 3356 | 125 |

## गांडेय के नेता-कार्यकर्ताओं के साथ कल्पना ने की बैठक

विशेष संवाददाता। रांची

- गिरिडीह संसदीय सीट पर पार्टी को मिली हार पर की चर्चा

गांडेय विधानसभा की नवनिर्वाचित झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने कांके रोड स्थित अपने निवास पर विधानसभा क्षेत्र के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की. उन्होंने गांडेय की जीत पर सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया. साथ ही गिरिडीह संसदीय सीट पर पार्टी को मिली हार पर चर्चा की. इस दौरान मंत्री हफीजुल अंसारी, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद सहित अन्य मौजूद थे.

**कई नेताओं ने कल्पना को दी बधाई :** विधानसभा की सदस्यता लेने के बाद दूसरे दिन मंगलवार को कई नेता कल्पना सोरेन से मिले और उन्हें बधाई दी. कल्पना से मिलने वालों में पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय, मंत्री दीपक बिरूआ, विधायक नेहा शिल्पी तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, गो सेवा आयोग के चेयरमैन राजीव रंजन प्रसाद आदि शामिल थे. वहीं, शशि भूषण राय ने चंपा भाटिया द्वारा लिखित पुस्तक 'गीता का ज्ञान योग' भेंट किया. उन्होंने पूरे चुनाव अभियान में 'इंडिया' गठबंधन को एकजुट रखने के लिए कल्पना सोरेन को बधाई भी दी.

**Certificate Lost**

I, Abhishek Kumar Sinha, S/O-Ashok Kumar Sinha, R/O-Eklavya Tower, Pundag, Ranchi-834004. That my original degree certificate of B.Com (Hons.), Roll no.- 13C-H164170296, passed from Karim City College, Jamshedpur has been lost on 09.05.2024 at Pundag, Ranchi during time course of photocopy and could not traced out towards my efforts. Vide Affidavit ref no.-706, dated-13.05.2024.

### जेपीएससी मुख्य परीक्षा के लिए अब 14 तक आवेदन

**रांची**। 11वीं जेपीएससी सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा 22 जून को प्रस्तावित है. जेपीएससी ने परीक्षा में पास जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन नहीं किया, ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए और तीन दिनों की मोहलत दी है. जेपीएससी ने कहा कि अब 14 जून तक जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं. अभ्यर्थियों की तकनीकी खामियों की वजह से लगातार की जा रही मांग को देखते हुए यह फैसला हुआ है. मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन ऑनलाइन भरे जायेंगे. आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है.

## सुनील मीणा के खिलाफ जारी होगा रेड नोटिस

संवाददाता। रांची

अमन साहू और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा सुनील मीणा के खिलाफ रेड नोटिस जारी होगा. इसकी प्रकिया शुरू हो गयी है. झारखंड पुलिस के मुताबिक, मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा साल 2022 से मलेशिया में रह रहा है. वह अमन साहू गिरोह में दूसरा स्थान रखता है. पिछले डेढ़ साल के दौरान झारखंड पुलिस ने अमन साहू गिरोह से जुड़े 33 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. इन अपराधियों के पास से दो कार्बाइन, 17 पिस्टल और 109 राउंड गोली भी बरामद की गयी है.

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग का विश्वस्त रह चुका है सुनील मीणा



अमन-बिश्नोई गैंग से जुड़ा है सुनील मीणा

झारखंड पुलिस के लिए मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा चुनौती बना हुआ है. सुनील मीणा मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के घडसाना के नयी मंडी का रहने वाला है. सुनील लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में रह चुका है. वर्क वीजा पर भारत से मलेशिया गया सुनील कुआलालमपुर में रहने के दौरान लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और संपत नेहरा के जरिये लॉरेंस के संपर्क में आया. इसके बाद मलेशिया से ही अपराध की दुनिया में अपनी जड़े जमाने लगा. वह लॉरेंस बिश्नोई के इशारे पर राजस्थान और पंजाब के कई जिलों में हत्या, रंगदारी वसूली, फायरिंग जैसे घटनाओं को अंजाम दिया.

**विधायक से रंगदारी मांगकर चर्चा में आया था सुनील**

सुनील मीणा राजस्थान के तत्कालीन राहत एवं आपदा प्रबंधन मंत्री व कांग्रेस विधायक गोविंद राम मेघवाल से रंगदारी मांगकर सबसे पहले चर्चा में आया था. लॉरेंस के इशारे पर ही सुनील मीणा ने राजस्थान के एक पेट्रोल पंप संचालक से पांच करोड़ की रंगदारी मांगी थी. रंगदारी देने से इनकार करने पर सुनील मीणा ने ही पेट्रोल पंप संचालक पर फायरिंग करवायी थी

**कवायद** गैर प्रशासनिक सेवा से आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी स्क्रीनिंग कमेटी

# स्क्रीनिंग कमेटी के टेस्ट में पास करने पर ही आइएएस में प्रोन्नति

**खास बातें**

- इस साल छह अफसरों को आइएएस में दी जानी है प्रोन्नति
- स्क्रीनिंग कमेटी से चयनित नामों को भेजा जाएगा यूपीएससी

प्रमुख संवाददाता। रांची

गैर प्रशासनिक सेवा से आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति के लिए अब अफसरों को राज्य सरकार की स्क्रीनिंग कमेटी के टेस्ट में भी पास करना होगा. नियमतः पहले चरण में अफसरों के परफॉरमेंस के आधार पर विभाग के एचओडी सरकार को अफसरों के नामों की अनुशंसा करते हैं. अब मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी स्क्रीनिंग कमेटी जांच के साथ टेस्ट भी लेगी. कमेटी में मुख्य सचिव के अलावा विकास आयुक्त, कार्मिक सचिव और एक वरीय आइएएस अफसर को शामिल किया गया है. स्क्रीनिंग कमेटी से पास होने के बाद कमेटी द्वारा चयनित नामों को यूपीएससी भेजा जाएगा.

**2023 की रिक्तियों के विरूद्ध दी जानी है प्रोन्नति :** इस साल गैर प्रशासनिक सेवा के छह अफसरों को 2023 की रिक्तियों की विरुद्ध प्रोन्नति दी जानी है. विभागों से नाम भी मांगा गया है. एक पद के विरुद्ध तीन नाम यूपीएससी को भेजने का प्रावधान है. गैर प्रशासनिक सेवा के अफसरों के नामों के लिए पथ निर्माण, नगर विकास, जल संसाधन, योजना विकास, उर्जा विभाग, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों से योग्य अफसरों का नाम मांगा गया है. जल्द ही यह सूची यूपीएससी को उपलब्ध करा दी जाएगी.




### यूपीएससी के इंटरव्यू में पूछे जाते हैं इन मुद्दों से जुड़े सवाल

- राज्य के प्रति अफसर का विजन
- विभिन्न विभागों की जानकारी
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गतिविधियां
- हर क्षेत्र में नये ट्रेंड की जानकारी
- मेरिट और एबिलिटी से जुड़े सवाल

### गैर प्रशासनिक सेवा से चार आइएएस हैं कार्यरत

झारखंड कैडर में गैर प्रशासनिक सेवा से आइएएस कैडर में प्रोन्नति पाए सिर्फ चार आइएएस ही कार्यरत हैं. इनमें मनोज कुमार, प्रभात कुमार, अजय नाथ झा और अक्षय कुमार सिंह के नाम शामिल हैं. वहीं राज्य प्रशासनिक सेवा से आइएएस कैडर में प्रोन्नति पाए 36 अफसर कार्यरत हैं. जबकि, सीधे यूपीएससी परीक्षा पास कर आइएएस बने अफसरों की संख्या 138 है.

**क्लासिफाइड**









राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in धनबाद, बुधवार 12 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 06 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 64 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### 15 जून तक स्कूल बंद

**धनबाद ।** राज्य में भीषण गर्मी और तपिश के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में केजी से कक्षा 12 तक की कक्षाएं 12 जून से 15 जून तक बंद रहेगी. झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने आदेश जारी किया है. बता दें कि इससे पहले विभाग ने सभी सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में केजी से कक्षा 12 की क्लास सुबह 7 से 11:30 बजे तक चलाने का आदेश जारी किया था.

### कोयला मंत्री से मिले सीएमडी

**धनबाद।** बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता मंगलवार को नई दिल्ली में कोयला मंत्री किशन रेड्डी से मुलाकात किया .इस दौरान बीसीसीएल टीम के और सीएमडी समीरन ने उनका स्वागत किया.इसके साथ कोयला मंत्री से बीसीसीएल के वर्तमान हालात के बारे में अवगत कराया.वही कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने कहा की बीसीसीएल सहित कोल इंडिया के सभी इकाई में बढ़ते कोयला उत्पादन पर जोड़ देने का निर्देश दिया.

### शैक्षणिक हड़ताल पर रहे कर्मचारी

**चिरकुंडा।** झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर एसएचएमएस इंटर महाविद्यालय में मंगलवार को शैक्षणिक हड़ताल रहा. महाविद्यालय के कर्मियों ने शिक्षा सचिव का पुतला जलाया. इसकी जानकारी देते हुए प्रो डी कुमार ने बताया कि वितरहित शिक्षक कर्मचारियों को बिहार के तर्ज पर राज्य कर्मी का दर्जा देने,अनुदान की राशि में 80 प्रतिशत बढ़ोतरी के प्रस्ताव को अविलंब कैबिनेट भेजने की मांग की गई.

### रिटायर्ड कर्मियों की बैठक

**धनबाद।** कोल इंडिया वरिष्ठ नागरिक संघ की मंगलवार को जगजीवननगर में बैठक संपन्न हुई.बैठक में संघ के प्रमुख नेता हीरा लाल साव मौजूद थे. इस दौरान रिटायर्ड कोल कर्मचारी की समस्याओं के निदान को लेकर चर्चा हुई. चार जून को रिटायर्ड कर्मचारियों के मेडिकल समस्या पर विचार विमर्श हुआ था. इस दौरान ओपीडी के इलाज को लेकर समय सीमा समाप्त की मांग रखी गई थी. इसके साथ खरीदी गई मेडिसिन पर डॉक्टर की वैधता समाप्त की मांग रखी जाएगी. मेडिकल बिल में कोई फेरबदल न हो, पैथोलॉजी विभाग के पुरानी जांच मशीनों को बदलने आदि मांग की गई. बिंदेस्वरी प्रसाद,चिमन कुमार,अमरेंद्र चौधरी ,बैजनाथ साव,विक्रम पांडे,उमेश चंद्र मिश्र सहित अन्य शामिल थे.

**आंदोलन :** झमाडा कार्यालय में जारी है आश्रितों का धरना, नियोजन की मांग को लेकर परेशान हैं आश्रित

# 14 साल की टकटकी, 108 आश्रितों का 840 दिनों से धरना

संवाददाता। धनबाद

ये टकटकी पिछले चौदह साल की है. उम्मीद है कि अपनों को खोने के बाद कम से कम उनकी कमाई का साधन तो मिल जाए. कुल 108 आश्रितों के परिवार हैं, जो इस जद्दोजहद में मुसीबतों को झेलते हुए पिछले 840 दिनों से धरना दे रहे हैं. यह धरना झमाडा कार्यालय धनबाद में जारी है. हर बार टूटती उम्मीदों को हिम्मतों का सहारा दिया जाता है और लड़ाई में डटे रहने वाले ये 108 परिवार फिर से जुट जाते हैं.

इस महाधरना को नेतृत्व करनेवालों में से एक विशाल कुमार चौधरी ने बताया कि यहां कुल 108 परिवार के लोग यहां धरना दे रहे हैं. इनमें से कुछ के मामले में 14 साल पुराने हैं. जो करीब डेढ़ दशक से नौकरी के इंतजार में हैं. लेकिन ऐसा नहीं हो पाया. धरना मरते दम तक जारी रखेंगे.



झरिया विधायक पुर्णिमा नीरज सिंह को ज्ञापन सौंपते धरणार्थी

### बोर्ड अध्यक्ष नहीं होने के कारण लटक रहा मामला

विशाल ने बताया कि 2008 के बाद झमाडा के बोर्ड अध्यक्ष नहीं है. यही बोलकर उनकी लड़ाई को दबाया जा रहा है. बोर्ड अध्यक्ष के रहने और नहीं रहने का खामियाजा आश्रित क्यों भुगतेंगे. जब हमारे परिवार के सदस्य ने माडा में नौकरी करते हुए जान गंवाई दी तो हमें नियोजन देने में इतनी बेईमानी क्यों की जा रही है.

### झरिया विधायक को सौंपा ज्ञापन

झमाडा धनबाद के अनुकंपा आश्रित कई लोग पिछले 840 दिनों से झमाडा के मुख्य द्वार के समक्ष धरने पर बैठे हैं. मंगलवार को इन धरनार्थियों का एक प्रतिनिधि मंडल झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से मुलाकात की और उन्हें अपनी मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा. विधायक ने अनुकंपा आश्रित लोगों को यह आश्वासन दिया कि वह उनकी मांगों को झमाडा के प्रबंध निदेशक से मिलकर बात कर जल्द निदान के लिए पहल करेंगी. झमाडा में दर्शाये गए कर्मचारियों की कमी के मामले व अनुकंपा बहाली प्रक्रिया को भी सदन में जोरदार तरीके से उठाने का काम करेंगी.

### खरखरी कोलियरी में मॉकड्रिल

**मधुबन (कतरास)।** खदानों में होने वाले दुर्घटना से बचाव के उद्देश्य से मंगलवार को बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया 3 के अंतर्गत खरखरी कोलियरी के दो नंबर पिट में कार्यशाला का आयोजन किया गया. खान सुरक्षा महानिदेशालय के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बीसीसीएल, धनसार रेस्क्यू टीम, सीआइएस एफ, यूनियन प्रतिनिधि, मधुबन पुलिस शामिल थी. इस दौरान मॉक ड्रिल के माध्यम से दुर्घटना के समय बचाव व सुरक्षा की जानकारी दी गई. महानिदेशालय के निदेशक अनिल कुमार दास एवं उप निदेशक जावेद आलम ने कहा कि मॉकड्रिल कर अधिकारी और कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाता है, ताकि दुर्घटना के समय अपनी सुरक्षा कर सके. महाप्रबंधक गणेश चंद्र साहा ने कहा कि कोलियरी में कार्यरत कर्मियों की जान माल की सुरक्षा करना बीसीसीएल प्रबंधन की जिम्मेवारी है.

भीषण गर्मी में 20-25% बढ़ा लोड, बिजली कटौती से लोग परेशान


# उफ ये गर्मी... हाय रे बिजली

- एक साथ सभी बिजली उपकरणों का ना करें इस्तेमाल : अधीक्षण अभियंता

संवाददाता। धनबाद

प्रचंड गर्मी में बेतहाशा बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है. मंगलवार को 24 घंटे में 12 से 14 घंटे बिजली गुल रही. इससे लोगों को काफी परेशानी हुई. चिलचिलाती धूप और बेतहाशा गर्मी में बिजली कटौती ने घर में भी जीना मुहाल कर दिया. गर्मी शुरू होने से पहले मेंटेनेंस के नाम पर कटौती का कोई लाभ नहीं दिख रहा है. सोमवार की रात भर में दस मिनट की बिजली आपूर्ति के बाद एक एक घंटे की कटौती की गई. मंगलवार सुबह से रात तक भी कई बार बिजली कटौती हुई. इन्वर्टर वाले लोगों का इन्वर्टर भी जवाब दे गया. इस भीषण गर्मी में बेतहाशा बिजली कटौती से लोगों का सब्र खोता जा रहा है. हीरापुर, श्मशान रोड, प्रोफेसर कॉलोनी, विनोद नगर, मनईटांड़, पतराकुल्हि, बरमसिया, बैंक मोड़, जयप्रकाश नगर, बाबूडीह, गोधर सहित शहर के अधिकांश इलाकों में 12 से 14 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही. इसके साथ ही झरिया, कतरास, सिंदरी, गोविंदपुर में भी बिजली आपूर्ति का बुरा हाल है. बिजली कटौती को लेकर लोग सोशल मीडिया पर भी विभाग को कोस रहे हैं.

### पारा 43, और बिजली 12 - 14 घंटे रही गुल



मनईटांड में क्षतिग्रस्त बिजली पोल से यातायात बाधित

### लोड बढ़ने से बाधित हो रही बिजली आपूर्ति

अधीक्षण अभियंता एस के कश्यप ने बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित होने का मुख्य कारण लोड का बढ़ना है. उन्होंने कहा कि गर्मी के कारण 20 से 25 फीसदी लोड बढ़ गया है. आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है लेकिन लोड बढ़ने के कारण कई दिक्कतें हो जा रही है. जम्फर उड़ने से लेकर ट्रांसफार्मर के जलने में बढ़ोतरी हुई है, जिसका मुख्य कारण लोड का बढ़ना ही है. उन्होंने लोगों से अपील किया है कि घर के सभी बिजली उपकरणों को एक साथ चालू न करें. गर्मी में एसी चलाएं लेकिन जितनी देर जरूरी हो, उतनी देर ही चलाएं. बिजली आने पर आम तौर पर लोग घर के सारे उपकरणों को एक साथ चालू कर देते हैं, जिससे अचानक से लोड बढ़ जाता है. बताया कि मंगलवार को डीवीसी के चार ग्रिड से बिजली की आपूर्ति बाधित रही. जिसके कारण भी परेशानी हुई है. उन्होंने बताया कि गोधर एक एवं दो में आई गड़बड़ी के कारण बिजली आपूर्ति ठप रही. इसके साथ ही कांड्रा फीडर में आयी खराबी के कारण भी दो घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही.

### न दिन में चैन न रात में सकून

बिजली कटौती और भीषण गर्मी के कारण दिन और रात दोनों समय का चैन सकून खत्म हो गया है. रात में बिजली नहीं रहने के कारण बिजली उपकरण काम नहीं कर रहे हैं और गर्मी सोने भी नहीं दे रही है. ऐसे में मुहल्लों में लोग रतजग्गा करने को विवश हो गए हैं. शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार की रात टोलियों की शक्ल में रात जागते देखे गए.

# दो लाख से अधिक की आबादी को नहीं मिला पानी

**मैथन:** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की मैथन स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का मोटर खराब हो जाने के कारण क्षेत्र में सोमवार से पेयजलापूर्ति ठप है. इस भीषण गर्मी में मैथन, कुमारधुबी, चिरकुंडा आदि क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है. विभाग के सूत्रों ने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा क्षेत्र के दो लाख से अधिक की आबादी भुगत रही है. बताया कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में चार मोटर उपलब्ध है. दो मोटर चालू रहता है और दो मोटर रिजर्व रखा गया है, ताकि चालू मोटर खराब होने की स्थिति में रिजर्व रखे गए मोटर से पेयजलापूर्ति नियमित रूप से जारी रखा जा सके. इस बीच खराब मोटर को मरम्मत कराकर रिजर्व में रख लिया जाता है. किंतु विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदार की लापरवाही के कारण रिजर्व में रखे मोटर पहले से खराब पड़ा था, उसे ठीक नहीं कराया और चालू मोटर भी खराब हो गया.

**मैथन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का मोटर खराब**

कुल मिलाकर चारों मोटर खराब हो गया है. इस संबंध में विभाग के एसडीओ एस मल्लिक ने कहा कि मोटर की मरम्मती कार्य जोर-शोर से चल रहा है. बहुत जल्द पेयजलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी. इधर उपभोक्ताओं के गुस्सा सातवें आसमान पर है, जो कभी भी विस्फोटक रूप ले सकता है. उपभोक्ताओं ने कहा कि एक तो भीषण गर्मी की मार और ऊपर से विभाग की लापरवाही के कारण पानी के संकट जूझना पड़ रहा है. दो दिन से हमलोग इस गर्मी में अपना काम छोड़कर पानी के लिए इधर उधर भटक रहे हैं और विभाग के अधिकारी ठेकेदारों के साथ मौजमस्ती करने लगे हुए हैं. कहा कि कल यानी बुधवार की सुबह पानी नहीं मिला तो जोरदार आंदोलन होगा.

# अधेड़ को कुल्हाड़ी से काटा

तोपचांची में पानी की लड़ाई में बहा दिया अपनों का खून

1. ढांगी पंचायत के खरनी गांव में हुई वारदात
2. विवाद में दोनों परिवार आपसी रिश्तेदार,
3. तीन माह पूर्व शुरू हुई थी लड़ाई
4. कोर्ट में जमानत कराकर लौटा था भोला, इसके बाद घर के समीप हुई लड़ाई में गई जान



संवाददाता। तोपचांची

तोपचांची थाना क्षेत्र के ढांगी पंचायत अन्तर्गत खरनी गांव में 50 वर्षीय युवक भोला दास को कुल्हाड़ी से जोरदार हमला कर मौत के घाट उतार दिया. घटना की खबर जंगल में लगी आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैली गई. ग्रामीण सड़क पर पड़े शव के सामने मृतक परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

घटना के संबंध में भोला दास का बेटा हीरादास ने बताया कि धनबाद कोर्ट से 307 मामले में जमानत कराकर घर लौटे थे. बाइक से कतरास जाने की तैयारी कर रहे थे. अचानक दीनदयाल अपने परिवार के अन्य लोगों के साथ उनके परिवार पर हमला कर दिया. हमला में पिता भोला दास को तेज धारदार कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया. दीनदयाल के परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पानी को लेकर काफी नोकझोंक हुई थी. इस दौरान पानी कनेक्शन के सरकारी योजना के पाइप लाइन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था. घटना में भोला की पत्नी कामनी देवी को भी गंभीर चोट आई है. कामनी देवी के हाथ , मुंह तथा अन्य जगहों में काफी चोट आई है. भोला की मां बासमती देवी ने कहा कि पानी के चक्कर में इतनी बड़ी घटना घट गई.

मेरे बेटों को गांव के कुछ लोगों ने साजिश के तहत हमला कर मौत का घाट उतार दिया है. भोला दास रेलवे स्टेशन में चना बेचने का काम करते थे. मृतक परिवार में एकमात्र कमाऊ सदस्य था. घटनास्थल पर पहुंची तोपचांची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है. भोला के परिजनों के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर किया जा रहा है. पुलिस ने दीनदयाल घर से एक महिला व एक लड़की को हिरासत में लिया, जबकि शेष लोग फरार हो गए हैं. गिरफ्तार सदस्यों में खिरिया देवी, लक्ष्मी कुमारी और एक एक नाबालिग लड़का शामिल है. अन्य सदस्य फरार हैं. घटना में उपयोग हुए कुल्हाड़ी को पुलिस जब्त कर थाना ले आई है.घटनास्थल पर पहुंचे तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि दोषियों पर विधि सम्मत कानून कार्रवाई की जाएगी.

### पुश्तैनी जमीन विवाद में मारपीट, चार घायल

गोमो : हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरकोट्टा गांव के ठाकुर टोला में सोमवार की रात लगभग दस बजे पुश्तैनी जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई. इसमें रात के अंधेरे में लाठी डंडा और टांगी भी चलाए गये. दोनों पक्षों के चार लोगों को गंभीर चोट लगी है .घटना की सूचना हरिहरपुर थाना पुलिस को दी गई परंतु पुलिस मौके पर नहीं पहुंची. बाद में घायल अवस्था में दोनों पक्षो के लोग लहू-लुहान हरिहरपुर थाना पहुंचे. पुलिस ने गंभीर रुप से घायल हुए लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा1 तोपचांची साहूबहियार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद एनएमएमएससीएच धनबाद अस्पताल बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया. घायल रेलकर्मी बासुदेव ठाकुर ने बताया कि पुश्तैनी जमीन का विवाद पिछले पांच साल से शिवदयाल ठाकुर के साथ चल रहा है. 107 का मामला न्यायालय में चल रहा है .इसके बावजूद भी रात लगभग 10 बजे शिवदयाल ठाकुर पूरे परिवार के साथ उनके घर में पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी. टांगी से मार कर घायल कर दिया, परिवार सदस्यों से भी मारपीट की. जिसमें मेरी पत्नी गीता देवी भी घायल हो गई. वही शिवदयाल ठाकुर ने आरोप लगाया है कि बासुदेव ठाकुर और हूबलाल ठाकुर ने मिलकर उनकी पत्नी सावित्री देवी, पुत्र विक्की ठाकुर मारपीट कर जख्मी कर दिया. हरिहरपुर पुलिस की पड़ताल कर रही है.

**पहल** कोयले की दर में हो सकता है इजाफा, गुणवत्ता वाले कोयले की होगी सप्लाई : समीरन दत्ता

# स्टील कंपनियों को कोल लिंकेज का मिलेगा ऑफर

- दिल्ली में स्टील इंडस्ट्री के उपभोक्ताओं के साथ बैठक

संवाददाता। धनबाद

नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान भारत कोकिंग कोल लि. ने स्टील इंडस्ट्री के उपभोक्ताओं को लिंकेज कोयले की पेशकश की .इंटरेक्टिव बैठक के दौरान आधा दर्जन से अधिक प्रतिनिधियों के साथ बीसीसीएल, कोल इंडिया के अधिकारियों के अलावा कोयला मंत्रालय के सचिव स्तर के अधिकारी मौजूद रहे. स्टील इंडस्ट्री के उपभोगता को बीसीसीएल ने खुले रूप से लिंकेज की मंजूरी प्रदान किया.इधर केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद पहली बार स्टील इंडस्ट्री के उपभोगता के साथ सार्थक सत्र का आयोजन हुआ है.इसके साथ बीसीसीएल ने भी अपने सभी स्टील इंडस्ट्री के उपभोक्ताओं को कैसे अधिक से अधिक गुणवत्ता वाले कोयले की सप्लाई करे इसकी योजना तैयार कर रही है.




### स्टील सेक्टर की उन्नति से देश का द्रुत विकास होगा

बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने स्टील इंडस्ट्री के उपभोक्ताओं के पॉजिटिव पहल को बड़ी उपलब्धि बताया .सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा देश का चौगुना विकाश स्टील इंडस्ट्री के विकाश से संभव है.उन्होंने कहा स्टील इंडस्ट्री सिर्फ बीसीसीएल के कॉकिंग कोल से ही चलता है . उन्होंने ने बताया कि स्टील इंडस्ट्री की कोयला जरुरत का सबसे बड़ा भाग बीसीसीएल के द्वारा ही पूरा किया जाता है उन्होंने ने कहा कि देश में कोकिंग कोल का उत्पादन करने वाली इकलौता कंपनी बीसीसीएल ही है .श्री समीरन दत्ता ने कहा कि स्टील क्षेत्र में क्रांति पर हुई पहल से एक बड़ा फायदा होगा .इसके लिए बीसीसीएल उच्च गुणवत्ता युक्त कोयला उपलब्ध कराएगा.

इस बैठक में कोल मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव नागाराजू, सीआईएल चेयरमैन पीएम प्रसाद, मुकेश चौधरी, बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता,निदेशक फाइनेंस आरके सहाय,जीएम सेल्स हितेश वर्मा सहित अन्य शामिल थे.

### बैठक से ये होगा फायदा

इस बैठक के बाद बीसीसीएल को खासा फायदा होगा .एक ओर जहां स्टील इंडस्ट्री के प्रतिनिधि को लिंकेज के कोयले का ऑफर मिलेगा .वहीं बीसीसीएल में घटते कोयले की दर में भी जल्द इजाफा की संभावना देखने को मिल सकती है .जानकारी के अनुसार देश के कोयला कोकिंग कोल उत्पादन में बीसीसीएल का हिस्सा 50 प्रतिशत ठहरता है .बीसीसीएल द्वारा जिन स्टील कंपनीयों के प्रतिनिधियों के साथ सकारत्मक बैठक हुई है, उसमें सेल,टाटा स्टील , जेएसडब्लू, एनएमडीसी, आरआईएनएल सहित आधा दर्जन कंपनी शामिल है .इसके अलावा वाशरी,उत्पाद इंडस्ट्री,सीमेंट कपड़ा और पेपर इंडस्ट्री को भी इस डील से फायदा होगा.

# करकेंद में कोयला लदा दो हाइवा, एक पेलोडर जब्त

संवाददाता। पुटकी

सीआईएसएफ की बीसीसीएल मुख्यालय की टीम ने करकेंद ने निकट संचालित आउटसोर्सिंग के निकट रात तीन बजे औचक छापामारी कर कोयला लदे दो हाईवा व एक पेलोडर को जब्त किया है.

दोनो हाईवा पर करीब 70 टन कोयला लदा था. छापामारी को देख सभी धंधेबाज भाग निकले. वाहन व कोयला को पुटकी पुलिस के हवाले कर दिया गया. जब्त हाईवा का नम्बर जेएच10सीएस-1871,जेएच10सीके- 2367 व पेलोडर का नंबर जेएच05एवाई- 2911 है. गोपालीचक के परियोजना पदाधिकारी एके वर्मा के लिखित आवेदन पर केस दर्ज किया गया है. इलाके में जनवरी के बाद से कोयला का धंधा पुनः शुरू हो गया है. गोपालीचक कोलियरी के बंद खैरा ओसीपी से बड़े पैमाने पर दबंग धंधेबाजों ने अवैध उत्खनन शुरू कर दिया है. गोपालीचक,बीच बलिहारी,कच्छी बलिहारी में अवैध डिपो बनाया गया है. जहां कोयला को एकत्रित कर जमा कर रात में ट्रकों में भरकर हार्ड कोक भट्ठा तक खपाया जा रहा है. एक रात में 10 से 15 हाइवा कोयला निकाल रहे है. धंधे में कई नामजद क्रिमिनल भी शामिल है. जिनपर पहले से कोयला चोरी के केस दर्ज है. बन्द खैरा माइन्स ने अवैध उत्खनन को सीआईएसएफ भी नजर अंदाज कर रही है.





- गोपालीचक कोलियरी के बंद खैरा ओसीपी से बड़े पैमाने पर दबंग धंधेबाजों कर रहे अवैध उत्खनन
- धंधेजाजों में कई पुराने अपराधी, प्रतिदिन 15 हाइवा से हो रही कोयला की चोरी

## ब्रीफ खबरें

### आपूर्ति पदाधिकारी ने किया जनवितरण दुकान को सस्पेंड

**निरसा।** कलियासोल प्रखंड के उरमा पंचायत के अल्लाह समूह जनवितरण प्रणाली के दुकानदार की मनमानी के खिलाफ निरसा के आपूर्ति पदाधिकारी ने उसे सस्पेंड कर दिया. अल्लाह समूह जनवितरण के दुकानदार पर आरोप है कि वे अपने क्षेत्र के राशन कार्ड धारियों को अपनी मनमर्जी से राशन वितरण करता था. इतना ही नहीं दुकानदार द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को तीन से चार किलो कम मात्रा में राशन देने का आरोप था. लोकसभा चुनाव से पूर्व एक महिला कार्डधारी राशन लेने पहुंची तो अभद्र व्यवहार किया गया. पंचायत समिति मुक्ति मंडल ने जब इस सम्बन्ध में पूछताछ करने दुकानदार के पास पहुंची तो दुकानदार उनसे भी उलझ गया.

### हरिजन टोला में बना सामुदायिक भवन

**महुदा।** कांड्रा ग्राम पंचायत के हरिजन टोला में 15 वें वित्त आयोग मद से सामुदायिक भवन का मरम्मति कार्य पूरा किया गया. मंगलवार को बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो एवं मुखिया रिंकु देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर सामुदायिक भवन का उदघाटन किया. इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने कहा कि मुखिया द्वारा 15वीं वित्त से इस सामुदायिक भवन का मरम्मति कार्य किया गया है. यहां के ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए यह सुविधा दी गई है. ग्रामीणों का बैठक हो या शादी समारोह. सभी में यह उपयोग होगा. उन्होंने कहा कि विधायक मद से यहां पीसीसी पथ का निर्माण भी कर दिया जायेगा, ताकि यहां तक आने जाने में ग्रामीणों को समस्या नहीं हो.

### तेतुलमारी में आजसू की बैठक

**तेतुलमारी।** चंन्दौर बस्ती के हनुमान मंदिर मे मंगलवार को आजसू पार्टी की बैठक आयोजित की गई. बैठक में तेतुलमारी कोलियरी में संचालित नरेश कुमार एंड ट्रांसपोर्ट कंपनी में स्थानीय ग्रामीणों को नियोजन संबंधित विषय पर चर्चा की की.वक्ताओं ने कहा कि परिवहन कंपनी की वाहन चलने से प्रदूषण फैल रहा है. कंपनी कभी भी पानी का छिड़काव नहीं करता है. लोगों को कंपनी में रोजगार भी नहीं दिया है. कहा कि शीघ्र समाधान की दिशा में पहल नहीं किया गया तो कंपनी का काम ठप कर दिया जाएगा.मौके पर शेखर वर्मा, विकाश बाउरी, बिष्णु वर्मा,अनिल वर्मा संतोष वर्मा,बसंत वर्मा,संजीत बाउरी, उमेश बाउरी, संजय बाउरी,प्रशांत वर्मा, सुरज वर्मा आदि थे.

### 16 जून को मनेगा दामोदर महोत्सव

**धबनाद।** दामोदर नदी के छह तटों पर 16 जून को दामोदर महोत्सव मनाया जाएगा. दामोदर बचाओ आंदोलन के संयोजक अरुण राय ने बताया कि 16 जून को धनबाद जिला में छः स्थानों पर दामोदर नदी के तट एवं उसके सहायक नदी कतरी एवं खुदिया नदी में दामोदर महोत्सव का जश्न होगा. राय ने बताया कि 16 जून को गंगा दशहरा है, गंगा दशहरा के दिन गंगा नदी पृथ्वी पर अवतरित हुई थी. इसी अवसर पर झारखंड की गंगा एवं झारखंड की जीवन रेखा कही जाने वाली दामोदर नदी को प्रदूषण मुक्त करने, स्वच्छ एवं निर्मल बनाने हेतु दामोदर के उद्गमस्थल चूल्हापानी (लातेहार) से लेकर झारखंड के अंतिम छोर पंचेत (धनबाद) तक 22 स्थानों पर दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा के दिन मनाया जाएगा. इस अवसर पर दामोदर नदी का पूजन, आरती एवं विचार गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा.

# जाम हर कदम, निकाल रहा दम

**खास बातें**

- जाम की समस्या से हर दिन जूझ रहे हैं लोग
- टोटो की वजह से प्रतिदिन लगता है जाम

संवाददाता । कतरास

कतरास शहर में जाम की समस्या से हर दिन लोगों को जूझना पड़ रहा है. प्रचंड गर्मी में अतिक्रमण व टोटो चालकों के कारण सड़कों पर गाड़ियां रेंगती रहती है. शाम के समय जाम की समस्या बढ़ जाती है. इस समस्या से निजात दिलाने के लिए ना तो पुलिस कदम उठा रही है न ही नगर निगम कार्रवाई कर रही है. इनकी अनदेखी से जनता की परेशानी बढ़ती जा रही है. हाल के दिनों में सबसे अधिक जाम कतरास थाना चौक पर ही लगती है. एक तो अतिक्रमण दूसरे यातायात को सुचारू रखने के नियम कानून का अभाव. यही वजह है कि शहर की सड़कें सिकुड़ती जा रही हैं. जबकि टोटो वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. पैदल चलने वालों के लिए सड़क की दोनों ओर बिछे पेवर ब्लॉक पर दुकानदारी चलती है. कइयों ने अपनी दुकानें आगे बढ़ाकर पेवर ब्लाक पर ला दिया है, तो कोई उस पर अपना सामान बेच रहा है. थाना चौक से लेकर गुहीबांध, कतरास बाजार और नदी किनारे पुल तक कमोबेश यही स्थिति है. थाना चारदीवारी के बाहर सड़क पर लगने वाली दुकान को देख पूरे शहर की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है. मुख्य सड़क के बगल का बड़ा नाला भी अतिक्रमण की चपेट में है. नाला पर भी कई लोगों ने निर्माण कर रखा है. गुहीबांध तालाब से लेकर सालानपुर खदान तक सड़क के बगल की जमीन पर अवैध निर्माण है. यातायात सुलभ और सुचारू रखने तथा सड़क की सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण रोकने की जिम्मेदारी किसकी है? यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है.विगत वर्ष निगम की टीम ने अपने अधिकार का अहसास कुछ दुकानदारों को कराया था. दुकान के आगे पेवर ब्लाक पर सामान रखने वाले कुछ दुकानदारों पर जुर्माना लगाया था.



कतरास थाना चौक से कतरी पुल तक लोग जाम से त्रस्त

# नाबालिग के साथ दो दिनों तक गैंग रेप

**प्रेमी ने दुष्कर्म के बाद दोस्तों को सौंपा, पांच आरोपी बालिग- दो नाबालिग**

**दुष्कर्म के दौरान वीडियो भी बनाया, मोबाइल पुलिस के हवाले**

संवाददाता । धनसार



धनसार थाना क्षेत्र दहुआटाड़ में सोमवार की देर रात चौदह वर्षीय एक नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है. हैरान करनेवाली बात यह है कि प्रेमी ने ही अपनी प्रेमिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म करवा डाला. नाबालिग किशोरी ने धनसार थाना में नाबालिग प्रेमी व चंदन कुमार साव सहित सात लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला दर्ज किया है. नाबालिग प्रेमी ने ही अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया है. शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश मे जुट गई है. किशोरी का मेडिकल जांच के बाद उसे चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंपा गया है. बताते है कि किशोरी घनुवाडीह क्षेत्र का रहने वाली है.उसके माता पिता नहीं है. बता दें कि दहुआटाड़ के एक नाबालिग किशोर का प्रेम-प्रसंग घनुवाडीह की चौदह वर्षीय किशोरी से था. किशोर ने उसे झांसा देकर रविवार की रात दहुआटाड़ बुला लिया. इसके बाद वह अपने एक दोस्त के साथ एक बंद घर में उसके साथ दुष्कर्म किया है. इसके बाद वह सोमवार की रात अपने ही पांच बालिग दोस्तों को उसे सौंप दिया. जहां सभी ने सोमवार की रात एक झाड़ी में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म करने लगे. किशोरी की चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग वहां पहुंचे तो वहां का दृश्य देख अचंभित हो गए.एक युवक दुष्कर्म कर रहा था तो दूसरा उसका वीडियो बना रहा था. स्थानीय लोगों को देख सभी भाग निकले, पर चंदन का मोबाइल वहीं गिर गया.जिसमें दुष्कर्म की वीडियो बनाई गई थी. घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में कई जगहों पर छापेमारी कर रही है. हालांकि देर शाम तक कोई पकड़ा नहीं जा सका है.

## एसएन झा बने गोमो के पहले स्टेशन सुपरिटेंडेंट



**गोमो।** गोमो रेलवे के स्टेशन मास्टर सत्य नारायण झा गोमो स्टेशन के पहले स्टेशन सुपरिटेंडेंट बने. इस संबंध में धनबाद रेल मंडल के वरीय अधिकारी सीनियर डीओएम द्वारा पत्र निर्गत किए गए हैं. श्री झा के प्रमोशन के साथ ही गोमो स्टेशन में स्टेशन सुपरिटेंडेंट का पद सृजन हुआ. इसके पूर्व चीफ यार्ड मास्टर कार्यालय के नाम संचालित था. एस एन झा स्टेशन सुपरिटेंडेंट पद पर प्रमोशन मिलने पर ईसीआरकेयू यूनियन के शाखा सचिव पीके सिन्हा,रुपेश कुमार, आर बी चौधरी, डी सी यादव, सन्तोष कुमार, निरंजन कुमार, सतीश कुमार, सुधीर कुमार आदि रेल यूनियन से जुडे सदस्य एवं कर्मचारियों ने बधाई दी है.

## कोर्ट की खबरें

### धनबाद डेकोरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष समेत चार के खिलाफ कोर्ट ने लिया संज्ञान

**धनबाद।** दी रिवाज मैरिज हॉल श्यामडीह मोड़ कतरास में घुस कर उसके मैनेजर के साथ गाली गलौज व मारपीट कर संचालक को अपमानित करने व हॉल के विरोध में दुष्प्रचार करने के मामले में धनबाद के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडेय की अदालत ने धनबाद डेकोरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, डेकोरेटर्स एसोसिएशन कतरास शाखा के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल , सचिव संदीप साव व सदस्य अजय पांडेय के खिलाफ भादवि की धारा 323/500/506 के तहत संज्ञान लिया है.अदालत ने शिकायतकर्ता को निर्देश दिया है कि वह आरोपियों के उपस्थित होने के लिए समन दायर करे. अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 24 जून 2024 निर्धारित कर दी है.

**क्या है मामला :** 30 नवंबर 2023 को बाघमारा बाजार निवासी रंजीत सिंह ने अपने अधिवक्ता जितेंद्र कुमार के माध्यम से धनबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में धनबाद डेकोरेटर्स एसोसिएशन (चिरागोरा) के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, डेकोरेटर्स एसोसिएशन कतरास शाखा के अध्यक्ष (पचगढ़ी बाजार) निवासी अशोक अग्रवाल , सचिव संदीप साव व सदस्य अजय पांडेय के खिलाफ शिकायत वाद दायर किया. उन्होंने आरोप लगाया है कि 23 जून 2023 को सुबह दस बजे अजय पांडेय ने उनके मैरिज हॉल में जाकर मैनेजर के साथ दुर्व्यवहार किया और धमकी दी. मैनेजर की सूचना पर हॉल संचालक रंजीत सिंह अपने पिता अंबिका सिंह के साथ मैरिज हॉल पहुंचे और अजय पांडेय से आग्रह पूर्वक पूछताछ किया. तब वह आग बबूला हो गए और दोनों के साथ दुर्व्यवहार किया. इस संदर्भ में प्रदीप कुमार सिंह अन्य आरोपियों के साथ मिलकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मैरिज हॉल में डेकोरेशन ,कैटरिंग , लाइट एंड साउंड में अपनी सेवा नहीं देने की घोषणा की. साथ ही मैरिज हॉल के खिलाफ दुष्प्रचार किया. जिसके कारण उनके व उनके परिवार की मानहानि हुई है और सितंबर तक लगभग 30 लाख रुपये का नुकसान मैरेज हाल को उठाना पड़ा.

### नाबालिग से दुष्कर्म में दोषी करार

**धनबाद।** शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी वर्द्धमान निवासी आकाश डोम को अदालत ने दोषी करार दिया है. धनबाद पोस्को एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 13 जून की तारीख निर्धारित की है . प्राथमिकी पीड़िता की मां की शिकायत पर चिरकुंडा थाने में 9 जनवरी 2020 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी में आरोप था कि 6 जनवरी 20 को पीड़िता की मां को फोन करके आकाश ने कहा कि तुम्हारी बेटी को लेकर भाग गए हैं. खोजबीन मत करना वरना अंजाम बुरा होगा. शिकायत के बाद पुलिस ने पांच फरवरी 20 को पीड़िता को बरामद किया था. अनुसंधान के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 26 मई 21 को आरोप पत्र दायर किया था. सुनवाई के दौरान आकाश फरार हो गया. उसकी अनुपस्थिति में अदालत ने अपना फैसला सुनाया.

### मटकुरिया गोलीकांड संयुक्त सचिव हुए हाजिर

**धनबाद।** मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई अदालत में हुई. सुनवाई के दौरान अभियोजन ने धनबाद के पूर्व एसडीओ व मामले के सूचक जार्ज कुमार सशरीर हाजिर हुए. जिनका बचाव पक्ष के द्वारा प्रति परीक्षण किया गया. जार्ज कुमार वर्तमान में संयुक्त सचिव शिक्षा विभाग के पद पर कार्यरत हैं . 28 मई 24 को जॉर्ज कुमार की गवाही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की गई थी . उनका प्रति परीक्षण बचाव पक्ष द्वारा नहीं किया जा सका था . अदालत को दिए बयान में उन्होंने घटना का समर्थन किया. दोनो गवाहों ने आरोपी मन्नान मल्लिक व नीरज सिंह की पहचान की हालांकि अन्य आरोपियों को पहचानने से इन्कार किया. अदालत ने अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. सुनवाई के दौरान आरोपी पूर्व मंत्री बच्चा सिंह, मन्नान मल्लिक, व अन्य हाजिर नहीं थे.

# साउथ तिसरा डंप के समीप सड़क जाम, ट्रांसपोर्टिंग ठप

संवाददाता । झरिया

एंटी एसटी परियोजना के लोडिंग पोवाइंटो में कोयला लोडिंग को डीओ का आवंटन बढ़ाने एवं ट्रकों लोडिंग के लिए पर्याप्त कोयला आपूर्ति कराने कि मांग को लेकर मंगलवार को असंगठित मजदूरों ने राकोमस नेता गौतम देव और झामुमो नेता दिलीप सिंह के नेतृत्व में साउथ तिसरा डंप के समीप सड़कजाम कर कोयला कि ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दिया. जिससे क्षेत्र के साइडिंग में कोयला ट्रांसपोर्टिंग नहीं होने से पावर हाउस को रेलवे रैक से होनेवाली कोयला डिस्पैच प्रभावित है.मामले की जानकारी पाकर परियोजना प्रबंधक डीके माझी एवं अभियंता हिमांशु कुमार ने तत्काल पहुंचकर मजदूरों से वार्ता कर बुधवार से ट्रक लोडिंग के लिए पर्याप्त कोयला आपूर्ति कराने तथा डीओ आवंटन बढ़ाने को क्षेत्रीय प्रबंधन से बात कर समाधान कराने का आश्वासन देने के छह घंटे बाद मजदूरों का सड़क जाम आंदोलन खत्म हुआ.मालूम हो कि एंटी एसटी लोडिंग पोवाइंट पर पिछले चालीस वर्षों से बलियापुर एवं झरिया अंचल के लगभग आठ सौ असंगठित मजदूर ट्रक में डीओ का कोयला लोडिंग कर अपने परिवार का भरण पोषण करते आ रहे हैं. मजदूरों का कहना है कि क्षेत्र में एमडीओ मोड़ आउटसोर्सिंग परियोजना संचालित होने के बाद से क्षेत्र कि लोडिंग पोवाइंट का अस्तित्व संकट में है.



## लो वोल्टेज को लेकर महाप्रबंधक से वार्ता

**तेतुलमारी।** लो वोल्टेज की समस्या का समाधान कराने को लेकर मंगलवार की दोपहर बिजखामसं के समर्थकों ने सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में महाप्रबंधक अनूप कुमार राय के साथ वार्ता की. जीरो सिम कालोनी, हनुमान गढ़ी कालोनी, सुभाष चौक के लोगों को हो रही लो वोल्टेज की समस्या के बारे में जीएम को जानकारी दी गई. कहा कि लो वोल्टेज होने से नहीं पंखा और न ही कूलर चल पा रहा है.

# रसिक हांसदा को शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि

**खास बातें**

- शहीद के परिवार को राज्य की नौकरियों में 5 % आरक्षण दे रही सरकार - मथुरा प्रसाद महतो

संवाददाता । केंदुआ

शहीद रसिक हांसदा के 45 वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गोधर में प्रदेश सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि झारखण्ड के लिए शहादत देने वाले आंदोलकारियों के सम्मान व उनके परिजनों के आर्थिक सुरक्षा के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है. सरकार ने शहीद के परिवार को राज्य की सरकारी नौकरियों में 5 % आरक्षण दे रही है. वहीं अब पेंशन व अन्य सुविधा के लिए आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करने का प्रयास जारी है. उन्होंने कहा कि रसिक हांसदा, नेपाल रवानी, राजेश आनन्द की हत्या पूंजीवादी व्यवस्था की प्रतीक है. पूंजीवादी व्यवस्था व विस्थापन नीति के खिलाफ जनता की लड़ाई आज भी जारी है. मासस जुलूस के साथ समाधि स्थल पर पहुंचकर श्रद्धांजलि देते हुए केंद्रीय सचिव हरि प्रसाद पप्पू ने कहा कि रसिक हांसदा ने किसान मजदूरों की लड़ाई में जान की कुर्बानी देकर आंदोलन को एक गति दी. जो आज भी पूंजीवादी ताकतों के शोषण,जुल्म के खिलाफ जारी है. केंद्रीय सचिव बबलू महतो ने कहा कि रसिक हांसदा का शहादत से प्रेरणा लेकर शोषण, दमन, पुलिस जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद करना ही उसके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होंगी ।कार्यक्रम में जिप सदस्य सह झामुमो महिला मोर्चा की अध्यक्ष मीणा हेमब्रम, गोविंद महतो,महादेव हांसदा,मदन महतो, अजय रवानी, गणेश महतो, विवेक कुमार, धरम बाउरी, रवि शंकर सिंह, इम्तियाज़ अली, बिमला देवी ,अखिलेश महतो, अर्जुन महतो, गोपी महतो, कुंदन महतो, दिलीप महतो, संतोष कुमार भारती, आदि मौजूद थे.

# अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटर में जल्द शुरू होंगे परिवार नियोजन सेवा

**खास बातें**

- स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाएं : रवि राज

संवाददाता । धनबाद

अर्बन स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने को लेकर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में नगर स्तरीय अंतर्विभागीय अभिसरण समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई. जिसमें निर्देश दिया गया कि निगम द्वारा संचालित अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटर में जल्द परिवार नियोजन सेवा शुरू की जाए. राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन की ओर से आयोजित इस बैठक में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने को लेकर कई निर्देश दिए गए हैं. बैठक में अर्बन स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर एक साथ काम करने का निर्णय लिया गया. अर्बन प्राइमरी हेल्थ सेंटर बसेरिया, हेल्थ वेलनेस सेंटर गोधर, अटल क्लिनिक डुमरहा में पानी की सप्लाई के लिए झमाडा से सहयोग लेने का निर्देश दिया है. अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटर में परिवार नियोजन की सेवा शीघ्र प्रारंभ करने एवं इसके लिए जरूरी उपकरणों को मुहैया कराने का भी निर्देश दिया गया है. सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में नगर निगम के सहयोग से सफाई सुनिश्चित करने सहित अन्य निर्णय लिए गए. बैठक में डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. अमित कुमार ने अर्बन हेल्थ सेंटर में चल रहे इम्यूनाइजेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी. बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, सभी अर्बन प्राइमरी हेल्थ सेंटर के चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे.



## मजदूरों की मांगों पर जीएम से मिला आश्वासन

**झरिया।** झरिया मजदूरों की लंबित 7 सूत्री मांगों को लेकर बीसीसीएल के ईजे एरिया महाप्रबंधक कार्यालय में प्रबंधन एवं बीसीकेयू प्रतिनिधियों के साथ वार्ता हुई. प्रबंधन ने यूनियन की अधिकांश मांगों पर सहमति दे दी है. जबकि कुछ माँगों पर उच्च प्रबंधन से वार्ता करने के बाद सकारात्मक पहल करने की आश्वासन दिया है. यूनियन की मांगों में सुदामडीह रीवर साईड की बंद डिस्पेंसरी का जीर्णोद्धार कर अविलंब चालू करने,के सवाल पर प्रबंधन ने 10 जुलाई से साफ सफाई मरम्मति कार्य शुरू करने एवं 1 नवम्बर को चालू करने, सुदामडीह रीवर साईड शिव मंदिर परिसर की सामुदायिक भवन का सौंदर्यीकरण का काम शुरू करने एवं 1 नवम्बर को चालू करने का आश्वासन दिया है. सुदामडीह रेलवे साइडिंग के ठेका मजदूरों को 12 घन्टे काम कराने एवं एचपीसी के तहत वेतन भुगतान करने के सवाल पर प्रबंधन ने ठेके का एनआईटी की जाँच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है. इसके बाद यूनियन द्वारा प्रस्तावित आंदोलन को वापस ले लिया गया है. वार्ता में महाप्रबंधक धर्मेन्द्र मित्तल,एरिया प्रबंधक कार्मिक,चंदन कुमार उप प्रबंधक कार्मिक प्रशासन,के अलावें बीसीकेयू के संयुक्त महामंत्री निताई महतो, राम बालक सिंह,बीरेंद्र रवानी, राम विनय सिंह आदि उपस्थित थे.

**योजना**

**गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना**


## झारखण्ड सरकार का गरीब मेधावी छात्रों के लिए

# 6 माह बाद भी धरातल से दूर

**खास बातें**

- 3713 छात्रों ने अब तक दिये आवेदन

शेष नारायण सिंह





**मैथन।** झारखण्ड सरकार का गरीब मेधावी छात्रों के लिए उच्च व तकनीकी शिक्षा हेतु गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना अबतक धरातल पर नहीं उतरा है. जिससे हजारों निबंधित छात्र इस योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं. जबकि सरकार द्वारा दिसंबर माह में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में इसके लिए छात्रों से आवेदन लिया गया था. लेकिन छह माह बीत जाने पर भी छात्रों को योजना का लाभ नहीं मिला है. ज्ञात हो कि इस योजना के तहत छात्रों को मात्र 4% ब्याज पर एक से 15 लाख तक लोन मिल सकता है. जानकारी के अनुसार योजना के तहत केलियासोल प्रखंड में 1326, निरसा प्रखंड में 1516, एग्यारकुण्ड प्रखंड में 615 तथा चिरकुंडा नगर परिषद में 256, कुल मिलाकर 3713 छात्रों ने आवेदन किया था, जो अब तक इस योजना का लाभ लेने की बाट जोह रहे हैं. मार्च माह में रांची में कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के हाथों धनबाद के 330 छात्रों को गुरूजी क्रेडिट कार्ड वितरण किया गया था. उस समय मुख्यमंत्री ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा गया था कि इससे कोई छात्र वंचित नहीं रहेगा। सभी को पढ़ाई हेतु लोन मिलेगा. लेकिन यह अबतक धरातल पर नहीं उतरा है. जिसके चलते गरीब मेधावी छात्र परेशान हैं. छात्रों में झारखंड सरकार के प्रति आक्रोश साफ दिख रहा है. कह रहे हैं कि जब बैंक से ही 12% ब्याज पर लोन लेना होगा, तो यह योजना किस काम की है. जब इसका लाभ गरीब व मेधावी छात्रों को मिलेगा ही नहीं तो सरकार द्वारा यह योजना क्यों बनायी गयी. बताया जाता है कि पूरे राज्य में करीब 1.47 लाख छात्र योजना का लाभ लेने की बाट जोह रहे हैं.

# आस्था : तपती धूप में नंगे पांव सिर पर कलश लेकर निकली 251 महिलाएं

## कलश शोभा यात्रा के साथ 5 दिवसीय श्री श्री 108 रूद्र महायज्ञ शुरू

संवाददाता । गोमो



खरियो गांव में मंगलवार 11 जून को पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू हुआ. सुबह 7:00 यज्ञ स्थल नीलकंठ धाम महादेव मंदिर प्रांगण से समिति के अध्यक्ष हलधर रवानी, मुखिया मदन मोहन मंडल ,महाबीर मंडल ,विभिषण रजवार, मनोज रजवार , बिनोद मोहली, चक्रधर रवानी , राजेन्द्र रवानी ,किशोर रवानी मुख्तेश्वर गोस्वामी आदि गणमान्य लोगों की अगुवाई में गाजे-बाजे के साथ 251 महिलाएं सर पर कलश लिए शोभा यात्रा निकाली. महिलाएं पुरुष एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल थे. कलश यात्रा में भगवान शंकर माता दुर्गा महावीर बजरंगबली आदि के रूप धारण कर कलाकार शोभा यात्रा में आगे आगे चल रहे थे जो शोभा यात्रा को आकर्षक बना रहे थे. तपती धूप में माथे पर कलश लिए 251 महिलाएं नंगे पांव हर हर महादेव जय श्री राम के जयकारा लगाते चल रहे थे. कलश शोभा यात्रा मंदिर प्रांगण से चलकर जग्गू मोड खरिया बस्ती होते हुए खरियो रेलवे फाटक पहुंची. खरियो फाटक में जीवन जन संसार सहयोग समिति के अध्यक्ष बिनोद कुम्हार,कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद महतो ,धीरन रजवार,मिठू रवानी,अर्जुन महतो जीवन कर्मकार ,चुरामन सिंह आदि सदस्यों द्वारा भक्तों के लिए शर्बत-पानी की व्यवस्था की गई थी.

**Court Notice**

**GR Case No. 2903/2006(S)**
**Form No. 4**
**Proclamation Requiring the Appearance of Person Accused [See Section 82 of the Crimunal Procedure Code)**

WHEREAS complaint has been made before me that **Sanjay Saw**, S/o Rajendra Saw, R/o Barari No. 1, PS Jorapokhar, Cistrict Dhanbad has committed the offence punishable under section **U/S 341, 323, 504, 34 of the I.P.C.** and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the said **Sanjay Saw** cannot be found, and whereas it has been shown to my satisfaction that the said **accued** has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant). Proclamation is hereby made that the said.

WHEREAS complaint has been made before me the **Sanjay Saw**, S/o Rajendra Saw, R/o Barari No. 1, PS Jorapokhar, District Dhanbad is required to appear before this Court to answer the said complaint at **07.30 A.M.** on the **20th day of May' 2024**.
(i) Timeof Appearance : **07.30 A.M.**
(ii) Date of Appearance : **20.05.2024**
(iii) Place of Appearance : Court of Sri Rajiv Tripathi, A.C.J.M., Dhanbad.

Sd./- **A.C.J.M**
Dated, this 6th Day of April' 2024

## ब्रीफ खबरें

### अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

**डुमरी (गिरिडीह)**। जीटी रोड कुलगो टॉल प्लॉजा के समीप से एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में कोयला लदा एक ट्रक जेएच 10 बीएन 2720 पकड़ा गया. उक्त ट्रक में लोड कोयला के संबंध में जिला खनन कार्यालय गिरिडीह से विधिवत जांच कराया तो पाया गया कि उक्त ट्रक में लदा कोयला अवैध है. इस संबंध में खान निरीक्षक के द्वारा अवैध कोयला परिवहन से संबंधित दिये गये आवेदन पर ट्रक संख्या के चालक, मालिक तथा अवैध कोयला धंधे में संलिप्त लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है. ट्रक में 30 टन कच्चा कोयला लदा है. छापामारी टीम में एसडीपीओ सुमित प्रसाद, डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन, निमियांघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, एएसआई परमेश्वर टोप्पो सहित डुमरी एवं निमियांघाट थाना के सशस्त्र बल शामिल थे.

### करंट लगने से आलू व्यवसायी की मौत

**बोकारो**। गोमिया थाना क्षेत्र के मोती चौक के निकट मंगलवार सुबह बिजली करंट लगने से आलू व्यवसायी दशरथ साव (50 वर्षीय) की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार उसके घर पर बिजली का पावर सप्लाई नहीं हो रहा था. जिसके बाद वह सीढ़ी लेकर पोल पर चढ़कर बिजली लाइन को ठीक कर रहा था. इसी बीच बिजली मरम्मत के दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और झटका लगने से नीचे जमीन पर गिर गया. आनन फानन में उसे तुरंत गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बोकारो भेज दिया गया. बताया गया कि अस्पताल ले जाने के दौरान गंभीर स्थिति को देखते हुए पेटरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, वहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया.

### अर्द्ध विक्षिप्त युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गांडेय (गिरिडीह)**। ताराटांड़ थाना क्षेत्र के बुढवासेर गांव निवासी 26 वर्षीय सहुद अंसारी ने सोमवार देर शाम गांव के बगल स्थित पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना मिलने पर ताराटांड़ थाना प्रभारी मुकेश कुमार पंडित दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गये. हालांकि मृतक की पत्नी व मां के द्वारा लिखित आवेदन देने के बाद बगैर पोस्टमार्टम का शव परिजनों को सौप दिया गया. घटना को लेकर ताराटांड़ थाना प्रभारी मुकेश कुमार पंडित ने बताया कि कुंडलवदह गांव में एक विक्षिप्त सहुद अंसारी नामक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. मृतक व्यक्ति के परिजन व ग्रामीणों के द्वारा लिखित देने के बाद पोस्टमार्टम नहीं किया गया है.

### फुटबॉल टुर्नामेंट में गोरियांचू की टीम विजयी

**गावां**। गावां खेल मैदान में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप अंडर 15 प्रतियोगिता में उमवि गोरियांचू की टीम को विजेता घोषित किया गया. जबकि उत्क्रमित उवि पसनौर दुसरे स्थान पर रहा. प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया. बीपीओ गंगाधर पांडेय ने कहा कि शेष प्रतियोगिताओं के आयोजन की सूचना बाद में दी जायेगी. मौके पर बीइओ तितुलाल मंडल समेत सभी सीआरपी, बीआरपी आदि उपस्थित थे.

### बीडीओ ने मुखिया व पंचायत सचिवों के साथ की बैठक

**गांवा**। गावां प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बीडीओ महेन्द्र रविदास ने सभी मुखिया व पंचायत सचिवों के साथ बैठक की. बैठक में अबुआ आवास, आम बागवानी व कुआं निर्माण आदि योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई. निर्देश दिया गया कि सभी लंबित योजनाओं पर तेजी से कार्य करें. कुआं निर्माण कार्य को संभावित बरसात को देखते हुए शिघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया. बैठक में बीपीओ भिखदेव पासवान, राकेश कुमार, राजेश कुमार, संजय कुमार, आरती देवी, मुन्नी कुमारी, प्रियंका कुमारी, चन्दन कुमार, अमित कुमार, अनिता देवी, बसंत कुमार, कार्तिक विश्वकर्मा, कन्हाइ राम, गुरुसहाय रविदास समेत कई लोग उपस्थित थे.

# पैर टूटे महिला मरीज का ईलाज करने से डॉक्टर ने किया इंकार

## आरोपित चिकित्सक ने मरीज को ईलाज के लिए निजी क्लिनिक में बुलाया

**खास बातें**

- अस्पताल प्रबंधक के आग्रह को भी ठुकराया
- प्लास्टर सामग्री रहने के बावजूद नहीं किया प्लास्टर



संवाददाता। साहिबगंज

साहिबगंज। सदर अस्पताल के चिकित्सक की लापरवाही के कारण लोहंडा निवासी 36 वर्षीय गौरी देवी का टूटे पैर का ईलाज नहीं हो पा रहा है. पीड़ित महिला का पुत्र राजेश कुमार ने बताया कि वह अपनी माँ गौरी देवी को लेकर ईलाज के लिए सोमवार को सदर अस्पताल गया था लेकिन उपस्थित डॉ. सचिन कुमार ने पर्ची देख कर कहा कि सदर अस्पताल में पैर का प्लास्टर करने का कोई सामग्री उपलब्ध नहीं है. इसलिए सकरूगढ़ स्थित मेरे निजी क्लीनिक में आकर ईलाज करवा लीजिए. जबकि अस्पताल प्रबंधक जयराम कुमार यादव ने बताया कि प्लास्टर का पूरा समान उपलब्ध है. उसी वक्त जयराम यादव रोगी को लेकर डॉ. सचिन के ओपीडी में गए. उन्होंने डॉक्टर सचिन से गौरी देवी के पैर का प्लास्टर करने का अनुरोध किया. फिर भी डॉ. सचिन ने जयराम यादव के बात को अनसुनी कर दी और मरीज को ईलाज के लिए चिकित्सक ने अपने निजी क्लिनिक में ही आकर ईलाज कराने का फरमान सुना कर चले गये.

चर्चा है कि डॉ. सचिन प्रायः मरीजों के साथ गलत व्यवहार करते रहते हैं. मरीजों का कहना है कि ओपीडी में रोगियों को अपना मोबाईल नम्बर देकर अपने क्लिनिक में इलाज करवाने के लिए बुलाते रहते हैं.

> घटना के बारे में मुझे रोगी के पुत्र राजेश कुमार से फोन पर सूचना दी है. इस घटना की जांच कर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी. वहीं इस संबंध में नोडल पदाधिकारी को लिखित सूचना दी जाएगी.
>
> **डॉ. अरविंद्र कुमार**
> **सिविल सर्जन**

# बारात से लौट रहा टेंपो पलटा बच्ची की मौत, 20 लोग घायल

संवाददाता। साहिबगंज

रांगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ढिबरी कोल के पास मंगलवार की सुबह शादी समारोह के बाद लौट रही बारात का टेंपो पलट गई. जिसके कारण एक 4 वर्षीय बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई. इस हादसे में करीब 20 बाराती घायल हो गए. जानकारी के अनुसार रांगा थाना क्षेत्र के चमड़ा पहाड़ में पहाड़िया समुदाय के एक लड़की की शादी थी. बारात तालझारी प्रखंड के महाराजपुर कलदी भिट्ठा पहाड़ से रविवार को 4 टेम्पू से आई थी. शादी संपन्न होने के बाद सभी बाराती टेम्पू से वापस लौट रहे थे. इसी दौरान ढिबरी कोल व झूमरबाद के बीच पहाड़ी ढलान पर एक टेंपो चालक ने गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया और टेंपो पलट गया. उक्त दुर्घटना में टेंपो में सवार सभी बाराती घायल हो गए. घायलों की संख्या 20 बताई जा रही है. दुर्घटना की जानकारी ग्रामीणों ने नजदीकी अस्पताल और 108 पर दी. ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस बुलाया गया और घायलों को सीएचसी बरहरवा पहुंचाया गया. बरहरवा में सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया. जानकारी मिलने के बाद रांगा थाना प्रभारी अरुण कुमार घटनास्थल पहुंचे और घायलों की मदद की. जानकारी मिलते ही सीएचसी प्रभारी डॉक्टर पी के संथालिया, डॉ सरिता टुडू व सभी स्वास्थ्य कर्मी तैयार हो गए. जैसे ही घायल अस्पताल पहुंचे, सभी स्वास्थ्य कर्मी इलाज करने लगे. जानकारी के अनुसार करीब एक दर्जन लोगों के सर पर गंभीर चोटें हैं. वहीं कई लोगों के हाथ-पैर में चोट लगी है. सभी का प्राथमिक उपचार किया गया. बेहतर इलाज के लिए गंभीर मरीजों को बाहर रेफर कर दिया गया.

## अल्ट्रा पुअर रेस्पोंसिव पंचायत विषय पर कार्यशाला आयोजित

# आर्थिक विकास करना पंचायतों की जिम्मेदारी : सुकांत सरकार

संवाददाता। जरीडीह (बोकारो)

जरीडीह प्रखंड के जैनामोड़ में प्रदान संस्था, जैनामोड़ एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्था ट्रिकल अप के संयुक्त तत्वाधान में अति गरीब के प्रति जिम्मेदार पंचायत (अल्ट्रा पुअर रेस्पोंसिव पंचायत) विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में प्रदान संस्था एवं ट्रिकल अप संस्था के पदाधिकारियों सहित जरीडीह प्रखंड के चार पंचायत भस्की, बेलडीह, चिलगड्डा एवं टांड़ बालीडीह के मुखिया, उप मुखिया, ग्राम पंचायत सहायता केंद्र सहायक, पंचायत साथी, नागरिक सहायता केंद्र सहायक ने हिस्सा लिया.



कार्यशाला में टीसी सौरव दत्ता ने कहा कि ट्रिकल अप संस्था के वित्तीय सहयोग से प्रदान संस्था जरीडीह प्रखंड के 4 पंचायतों भस्की, बेलडीह, चिलगड्डा एवं टांडबालीडीह में महिला संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं और प्रखंड प्रशासन की सहायता से अल्ट्रा पुअर ग्रेजुएशन प्रोग्राम पिछले एक वर्ष से संचालित है. जिसके तहत घर-घर सघन सर्वे कर कुल 885 परिवारों को चिन्हित कर उनमें से 405 योग्य परिवारों की आजीविका योजना बनायीं गयीं हैं. जिससे वो परिवार अति गरीबी से बाहर निकलने में सक्षम हो सके.

प्रदान संस्था में लोकल डेमोक्रेसी के लीड सुकांत सरकार ने कहा कि अपने पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए पंचायती राज संस्थाओं की दो मुख्य जिम्मेदारियां हैं, जिनमें आर्थिक विकास के लिए योजनायें बनाना और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना प्रमुख है. कहा कि पंचायतों के अति गरीब परिवारों को गरीबी से बाहर निकलने में पंचायतों की मुख्य भूमिका है. जिसमें समुदाय आधारित संगठनों की सहभागिता आवश्यक है. कार्यशाला में भस्की पंचायत के मुखिया मंटू राम मरांडी और टांडबालीडीह की मुखिया माना देवी ने कहा कि अल्ट्रा पुअर ग्रेजुएशन प्रोग्राम के तहत अति गरीब परिवारों को चिन्हित किया गया है, जिन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की पहल की गयी है. कार्यक्रम को ट्रिकल अप के सुदीप मुखर्जी, दिवाकर कुमार, कौशिक रॉय, तेजस्विनी की गायत्री देवी, प्रदान के सौरभ कुमार, सूरज सेन, पीयूषमोई, आदि ने संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन प्रदान जैनामोड़ के टीसी जुबा प्रतिम गोगोई ने किया. धन्यवाद ज्ञापन गायत्री देवी ने किया.

### केंद्रीय टीम ने किया योजनाओं का निरीक्षण

**गोड्डा**। स्वच्छ भारत मिशन के तहत गोड्डा जिला के विभिन्न क्षेत्रों में चल रही योजनाओं का निरीक्षण किया गया. केंद्र सरकार के जल मंत्रालय से आई टीम ने फेज टू के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए. रविन्द्र बोहरा, समन्वयक, भारत सरकार, जल शक्ति मंत्रालय, दिल्ली के नेतृत्व में आई केंद्रीय टीम द्वारा गोड्डा जिला अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-1 में निर्मित शौचालय एवं फेज़-2 से निर्मित शौचालय, ठोस कचरा प्रबंधन एवं तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया गया. टीम द्वारा गोड्डा ज़िले के पोड़ैयाहाट प्रखंड अंतर्गत खरखचिया पंचायत के मधुकुप्पी गांव एवं गोड्डा प्रखंड के नुनबट्टा पंचायत के नूनबट्टा गांव में कार्यों का निरीक्षण किया गया. टीम ने दूसरे दिन भी क्षेत्र भ्रमण किया और इस दौरान केंद्रीय टीम ने महगामा प्रखंड में स्थित प्लास्टिक कचरा प्रबंधन ईकाई का निरीक्षण कर जरूरी बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिया. साथ ही ज़िले में निर्मित गोवर्धन इकाई का निरीक्षण किया. इसके अलावा क्षेत्र भ्रमण के दौरान गांव को मॉडल में विकसित करने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिया.

### मरीज के बेड से 35 हजार की चोरी

**साहिबगंज**। सदर अस्पताल के वेड नंबर 50 में भर्ती चानन निवासी शंकर पासवान का काला झोला लेकर अज्ञात चोर फरार हो गया. झोला में दो मोबाइल, पत्नी के पर्स में रखा लगभग 35 हजार नगद, एटीएम कार्ड, मेडिकल जांच रिपोर्ट सहित अन्य कागजात था. सुबह जब आंख खुली तो काला झोला बेड में नहीं पाने पर काफी खोजबीन व पूछताछ किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला. वहीं मामले को लेकर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी को आवेदन दिया.

### 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर रहेगी रोक: डीसी

**देवघर**। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर ने जानकारी दी है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल द्वारा पारित आदेश तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निर्गत 2016 के आलोक में देवघर जिलान्तर्गत सभी नदी बालूघाटों से मॉनसून सत्र 10 जून से 15 अक्टूबर 2024 तक बालू का उठाव पूर्णतः रोक रहेगी. बालू का उठाव करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है. इसके अलावा उपायुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स के सभी सदस्यों, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर व मधुपर के अलावा जिला व प्रखंड स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत नदी घाटों से बालू उठाव पर पूर्णतः रोक लगाते हुए सतत् निगरानी रखेगें. साथ ही नदी तल से बालू का उठाव होने पर सख्त कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे.

### पशु तस्करी में वाहन जब्त, चालक गया जेल

**बेंगाबाद (गिरिडीह)**। जगह-जगह से अवैध रूप से पशु खरीदकर पशु तस्करी के संदेह में एक खाली पिकअप वैन को बेंगाबाद पुलिस ने पकड़ा है. वहीं चालक धर्मेंद्र कुमार को जेल भेज दिया. जानकारी के अनुसार वरीय पुलिस पदाधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार में बेंगाबाद पुलिस की गश्ती दल ने छोटकी खरगडीहा-ओझाडीह मुख्य मार्ग में सड़क किनारे एक पिकअप संख्या जेएच 02 ए एस 8741 को खड़ा देखा . जहां चालक से पूछताछ करने में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाया. जिसके बाद गश्ती दल ने वाहन के खड़ा रहने संबंधित जानकारी जुटाई. जिसमें जगह-जगह से पशु खरीदकर तस्करी करने की बात सामने आई. इधर पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर थाना ले आयी और कांड दर्ज करते हुए चालक धर्मेन्द्र कुमार को जेल भेज दिया. गश्ती दल में बेंगाबाद थाना के सअनि अजय कुमार समेत अन्य पुलिस जवान शामिल थे.

### अनुबंधकर्मी का धरना दूसरे दिन समाप्त

**तिसरी (गिरिडीह)**। पॉवर सब स्टेशन में ड्यूटी के दौरान विधुतआघात की चपेट में आकर अपना एक हाथ गवा चुके अनुबंधकर्मी विपुल सिंह ने विभाग के विरुद्ध सब डिवीज़न ऑफिस के समक्ष दिया गया धरना आज दूसरे दिन समाप्त हो गया. मामले की जानकारी मिलने पर धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव भी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे विपुल सिंह व उनके परिजनों से मुलाकात की. मंगलवार की शाम महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता विधुत आपूर्ति क्षेत्र गिरिडीह के मौखिक आदेश के बाद सहायक विधुत अभियंता विनोद कुमार द्वारा लिखित आश्वासन देने के पश्चात अनुबंधकर्मी विपुल सिंह की भूख हड़ताल समाप्त हो गई. लिखित आश्वासन में कहा गया कि हिंदुस्तान इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन के अंतर्गत विपुल सिंह से मानवदिवस स्किल्ड के रूप में 15 से कार्य लिया जायेगा. जिसके बाद सब डिवीजन ऑफिस के बाद बड़ा बाबू मनोज सिंह सुमित अन्य कर्मियों ने उन्हें जूस पिलाकर उनका भूख हड़ताल समाप्त करवाया .

### प्रत्येक माह थाना दिवस आयोजित करें : डीसी

**बोकारो**। समाहरणालय में उपायुक्त विजया जाधव द्वारा आयोजित जनता दरबार में ज्यादातर शिकायतें भूमि विवाद से संबंधित होने, स्थानीय स्तर पर (अंचल/थाना में) पर कार्रवाई नहीं होने का मामला प्रकाश में आया है. जिस पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ मंगलवार को थाना दिवस आयोजित करने का निर्देश दिया है. इस बाबत संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी/जिला भूमि उप समाहर्ता/सभी अंचलाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को पत्र जारी कर दिया गया है. साथ ही थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों एवं निष्पादन से संबंधित प्रतिवेदन जिला को थाना दिवस के रात्रि 8:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे.

### शिविर के पहले दिन प्रखंडों में प्राप्त हुए 1336 आवेदन

**बोकारो**। राज्य सरकार द्वारा एवं उपायुक्त विजया जाधव के आदेशनुसार ग्रामीण लाभुकों के हित में संचालित योजनाओं का लाभ जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र के अंतिम व्यक्तियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को बोकारो जिले के सभी प्रखंडों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए. शिविर में आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना, आधार अद्यतीकरण, बैंक केवाईसी, आधार मैपिंग, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि यंत्र योजना, सर्वजन पेंशन योजना, राशन कार्ड में सुधार, मनरेगा योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, छात्रवृत्ति योजना, विभिन्न पेंशन योजना, अबुआ आवास योजना एवं मातृ वंदना योजना सहित जेएसएलपीएस के सीसी लिंकेज, एसएचजी. केवाईसी, प्रधानमंत्री जन जीवन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जाति-आवासीय, बैंकों का केवाईसी एवं न्यू अकाउंट खोलना का आवेदन प्राप्त हुए. जिसमें बहुत से आवेदन का निष्पादन भी किया गया. सभी प्रखंडों में विशेष शिविर में सभी योजनाओं के कुल 1336 आवेदन प्राप्त हुए है, जिसमें गोमिया प्रखंड में कुल 136 आवेदन प्राप्त हुए हैं. जिसमें 78 आवेदनों का निष्पादन किया गया है. उसी तरह जरीडीह प्रखंड में 218 आवेदन, कसमार प्रखंड में कुल 68 आवेदन, बेरमो प्रखंड में 148 आवेदन, पेटरवार प्रखंड में 337 आवेदन, नावाडीह प्रखंड में 236 आवेदन, चास प्रखंड में 114 आवेदन, चंद्रपुरा प्रखंड में 79 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 65 आवेदनों का निष्पादन किया गया है.

### पर्यावरण संरक्षण पर स्कूली बच्चों को दी जानकारी

**बोकारो**। विश्व पर्यावरण दिवस के आलोक में 5 से 12 जून तक साप्ताहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार में पर्यावरण संरक्षण को लेकर बच्चों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजन किया गया. जिसमें विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को पौधरोपण और उसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता जीव विज्ञान के शिक्षक महाकांत झा ने की. उन्होंने बच्चों को ऊर्जा के विभिन्न श्रोतों व अनवीकरणीय और नवीकरणीय ऊर्जा के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं.

### तम्बाकू के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए निकाली रैली

**बोकारो**। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डा० दिनेश कुमार एवं बोकारो जनरल अस्पताल के डा० विभूती की अध्यक्षता में आम जन मानस तम्बाकू के दुष्परिणाम व कोटपा-2003 के मुख्य प्रावधानों विशेष कर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2024 के थीम 'बच्चों को तम्बाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है' विषय पर मोटरसाईकल रैली का आयोजन किया गया. रैली का शुभारम्भ सेक्टर-5 स्थित पत्थरकटटा चौक से राममंदिर होते हुए सर्किट हाउस तक फिर सर्किट हाउस से समाहरणालय पहुंचा. वहां से बोकारो हवाई अड्डा तक पहुंचा. फिर हवाई अड्डा से वापस पत्थरकट्टा चौक पर जाकर समाप्त किया गया. सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार ने कहा कि मोटरसाईकल रैली का मुख्य उद्देश्य बोकारो के युवाओं को तम्बाकू के दुष्प्रभाव से अवगता कराना है.

## ठोस व गीला कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

# स्वच्छता ही जीवन का आधार है : संदीप कुमार



संवाददाता। बोकारो

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 बोकारो की ओर से मंगलवार को समाहरणालय सभागार में ठोस व गीला कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. उद्घाटन डीडीसी संदीप कुमार सहित व अन्य पदाधिकारियों ने दीप जलाकर कर किया. डीडीसी ने कहा कि स्वच्छता ही जीवन का आधार है. इसलिए ठोस व गीला कचरा का उचित प्रबंधन जरूरी है. इसके प्रति प्रशासन से लेकर आम लोगों में जागरूकता जरूरी है. कार्यशाला में कर्मियों व आम लोगों ने स्वच्छता का संकल्प लिया.

मौके पर चास पेयजल स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता रामप्रवेश राम, कार्यपालक अभियंता तेनुघाट शशि शेखर सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के राज्य प्रतिनिधि शैलेन्द्र पांडेय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, डीपीएम जेएसएलपीएस प्रकाश कुमार, चास बीडीओ सहित पंचायतों के मुखिया व अन्य लोग उपस्थित थे.

# बोकारो: बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए सांसद ने की पहल

## 13 जून को डीसी व बिजली विभाग के सभी पदाधिकारियों को किया तलब

**खास बातें**

- बिजली व्यवस्था को लेकर करेंगे बैठक
- नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी रहेंगे उपस्थित





संवाददाता। बोकारो

धनबाद सांसद ढुल्लू महतो चास बोकारो में लचर बिजली व्यवस्था का संज्ञान लिया है. दिल्ली में शपथ ग्रहण, नए सरकार की गठन और मंत्रीमंडल विस्तार कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरांत धनबाद सांसद ढुल्लू महतो गुरुवार को बोकारो विधानसभा के चास-बोकारो में बदतर होती बिजली व्यवस्था को सुचारू करने के लिए जिले के उपायुक्त व बिजली विभाग के सभी पदाधिकारियों को तलब की है. बोकारो परिसदन में दिन 11 बजे आहुत इस बैठक में सांसद के साथ चंदनकियारी विधायक सह नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी भी उपस्थित रहेंगे. ज्ञात हो कि पिछले 15 दिनों से बोकारो और खास कर चास में बिजली नाममात्र के लिए ही आपूर्ति की जा रही.

इस भीषण गर्मी में बिजली नहीं होने से पेयजल की भी समस्या उत्पन्न हो गई है. इस प्रचंड गर्मी में बिजली नहीं होने से लोगों की नींद तो हराम हो ही रही है. वहीं बच्चों की पढाई भी बाधित हो रही है. सोमवार को चास के स्थानीय नेता, समाजसेवी व आम जनता के प्रतिनिधिमंडल बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से उनके कार्यालय में मिलकर बिजली की शिकायत की और आंदोलन की चेतावनी दी.

प्रतिनिधी मंडल में पूर्व सांसद के प्रतिनिधि आरएन ओझा, हरे राम मिश्रा, झामुमो के पार्वती चरण महतो, भाजपा नेता राजेश कुमार सहित आम जनता उपस्थित थे.

## जल नल योजना में अनिमियतता को लेकर भाजपा नेता ने सौंपा ज्ञापन

# पंचायतों में पेयजल संकट दूर करें: एंथोनी

**खास बातें**

- कई ईलाकों में खराब पड़े हैं चापाकल
- पानी की टंकी एक वर्ष से है खराब



संवाददाता। गांडेय (गिरिडीह)

भाजपा नेता एंथोनी स्वामी के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को गांडेय प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में इस भीषण गर्मी में उत्पन्न हो रही पानी की समस्या को देखते हुए गिरिडीह उपायुक्त के नाम गांडेय बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन में कहा गया है कि इन दिनों प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों समेत प्रखंड कार्यालय में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है. सभी कुआं सूख रहा है, कई इलाकों में चापाकाल खराब पड़ा हुआ है, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना में भारी गड़बड़ी बरते जानें की वजह से किसी भी घर को सही से पानी नहीं मिल पा रहा है. आगे कहा गया है कि गांडेय प्रखंड मुख्यालय में पी.एच.ई.डी विभाग के द्वारा एक पानी टंकी का निर्माण भी किया गया है, जो विगत एक वर्षों से खराब पड़ा है. बीच-बीच में उपभोगताओं द्वारा इस पर पहल कर कुछ दिनों के लिए चालू करवाया जाता है, पर विभाग की लचर व्यवस्था की वजह से चंद दिन बाद पुनः समस्या ज्यों का त्यों बन जाता है और इसका संचालन भी सही ढंग से नहीं हो पाता है.

भाजपाइयों ने उपायुक्त से इसकी उचित जांच करते हुए इस भीषण गर्मी को देखते हुए समस्या का समाधान के लिए सकारात्मक पहल करने की अपील की है. आवदेन की प्रतिलिपि कोडरमा लोकसभा सांसद सह मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी निसात अंजुम, गांडेय, प्रखंड प्रमुख राजकुमार पाठक गांडेय आदि को भी दिया है.

हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान मौक़े पर भाजपा के एंथोनी स्वामी समेत नंदकिशोर राय, सुरेश स्वर्णकार, मो. हबीब अंसारी, नंदकिशोर पाठक, मो. नईम, कारू कोल आदि उपस्थित थे.

### चास थाना परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित

**बोकारो**। बोकारो रक्तवीर परिवार एवं चास पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को चास थाना परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह एवं रेड क्रॉस ब्लड सेंटर के डॉ यु. मोहन्ति ने किया. शिविर में चास के प्रबुद्ध व्यक्तियों एवं संस्था के सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. शिविर में कुल 25 लोगों ने रक्तदान किया. इस मौके पर चास एसडीपीओ प्रवीण सिंह ने कहा कि चास पुलिस लोगों के सहयोग एवं समाज के लिए हमेशा तत्पर रहती है. इसी कड़ी में चास पुलिस प्रशासन एवं रक्त के क्षेत्र में कार्यरत संस्था बोकारो रक्तवीर परिवार ने मिलकर इस शिविर का आयोजन किया. रक्त संग्रह रेड क्रॉस सोसायटी, ब्लड सेंटर बोकारो के द्वारा किया गया. शिविर को सफल बनाने में चास थाना के एसआई मुकेश दयाल सिंह, राजु कुमार मुंडा, शान्ति समिति के कैशर अफ़रोज, संजय सोनी सहित अनंत सिन्हा, रंजन सिंह, विकाश, चन्दन, लोकनाथ, नीरज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे.

### चौपारण के पांडे बारा में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत, पगार निवासी एक व्यक्ति ने जहर खाकर की खुदकुशी

# हजारीबाग जिले में अलग-अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत

- केरेडारी थाना क्षेत्र के मनातू गांव में सड़क दुर्घटना में तीन महिलाओं की मौत
- छह दिन से लापता युवक का शव चमेली झरना से रेस्क्यू टीम ने किया बरामद

संवाददाता। हजारीबाग


अस्पताल में दिनभर शवों के पोस्टमार्टम के लिए लगी रही भीड़ .

जिले में मंगलवार को चौपारण, केरेडारी, हजारीबाग व पगार में अलग-अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई. केरेडारी थाना क्षेत्र के मनातू गांव में सड़क दुर्घटना में तीन स्थानीय महिलाओं की मौत हो गई. ये सभी सवारी गाड़ी से पूजा करने के लिए मंदिर गई थी और घर वापस लौट रही थी. इसी बीच नियंत्रण होकर गाड़ी खाई में गिर गई, जिसमें तीनों महिलाओं की मौत हो गई. मृतक महिलाओं की पहचान सपना कुमारी, मालती कुमारी और गोमती देवी के रूप में हुई है. घटना के सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं घटना की सूचना मिलते ही गांव में मातम पसर गया. इधर, चौपारण के पांडे बारा में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई. मृतक की पहचान पांडे बारा पंचायत के आरा पगार निवासी लाछो देवी के रूप में हुई. वहीं इचाक थाना क्षेत्र स्थित चमेली झरना से 6 दिन से लापता युवक का शव मंगलवार को चमेली झरना से रेस्क्यू टीम ने बरामद कर लिया. युवक की पहचान बड़ा बाजार जैन मंदिर निवासी जमन अब्बास के रूप में हुई है. वहीं पगार निवासी एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली. परिजनों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि दो दिन पहले युवक ने जहर खाया था. उसका इलाज आरोग्यं अस्पताल में चल रहा था, जहां उसकी मंगलवार को मौत हो गई. सभी शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिये गये हैं.

### लू लगने से एक व्यक्ति की मौत, बेटी की शादी की खुशी मातम में बदली

**चुरचू।** चुरचू प्रखंड के बिनकरवा गांव का चरण टुडू अपनी बेटी की शादी के लिए तैयारी में लगा हुआ था. वह कड़ी धूप में साफ सफाई का काम कर रहा था. इसी क्रम में 55 वर्षीय चरण टुडू लू लगने से घटना स्थल पर गिरकर बेहोश हो गया। घरवालों की नजर जब चरण पर पड़ी तो तुरंत दौड़कर गए और उसे छाया में ले जाकर खाट पर लेटाया गया. लेकिन काफी देर होने से चरण टुडू की मौत हो चुकी थी. यह घटना सोमवार लगभग चार बजे की बताई जाती है. मंगलवार को चरण का अंतिम संस्कार किया गया. इस घटना की सूचना पाकर ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई. वहीं झरना झारखंड ट्रस्ट के सदस्य विकास टुडू एवं सहजाद हुसैन ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया. लोगों से अपील की कि सभी ग्रामीणों इस कड़ी धूप से बचकर रहना चाहिए. बता दें कि चरण टुडू की बेटी का शुभ लगन 11 जून को और 12 जून को शुभ विवाह होना था.

# बरकट्ठा प्रखंड में पांच माह से खाली अंचलाधिकारी का पद

संवाददाता। बरकट्ठा

प्रखंड कार्यालय बरकट्ठा में अंचलाधिकारी का पद खाली रहने के चलते इन दिनों विभाग के सारे कार्य ठप हैं. पूर्व अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी का तबादला होने के बाद करीब पांच माह बीत जाने के बाद भी प्रखंड अंचलाधिकारी का पद खाली पड़ा है. इससे विभाग के सारे कार्य बाधित हैं. भूमि का दाखिल खारिज, भूमि विवाद समेत कई विभागीय कार्य बाधित रहने से आमजन परेशान हैं. इस निमित्त मंगलवार को 20-सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने उपायुक्त को प्रखंड अंचल कार्यालय की समस्याओं से अवगत कराते हुए अविलंब अंचलाधिकारी पद को भरने और विभागीय सेवा बहाल करने का आग्रह किया है.

**खास बातें**

- अंचलाधिकारी के नहीं रहने से कार्य बाधित : बीस सूत्री अध्यक्ष
- जमीन के दाखिल खारिज समेत कई विभागीय कार्य ठप

उन्होंने बताया कि पिछले करीब पांच माह से अंचल अधिकारी का पद रिक्त हैं, जिससे अंचल कार्यालय से संबंधित सभी प्रकार के कार्य बाधित हैं. इससे आम जनता को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आश्वासन दिया है कि बरकट्ठा अंचल में जल्द ही अंचल अधिकारी का पद भरा जाएगा और अविलंब सेवा बहाल की जाएगी, जिससे लोगों को अंचल से संबंधित कोई परेशानी न हो.

## ब्रीफ खबरें

### भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल की छुट्टी बढ़ी

**हजारीबाग।** राज्य में भीषण गर्मी और तपिश के बढ़ते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए सभी कोटि के विद्यालयों में वर्ग केजी से 12 तक की कक्षाएं 12.जून से 15 जून तक के लिए बंद कर देने का आदेश जारी किया है. इस संबंध में शिक्षा विभाग को पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई है. बता दें कि अभिभावकों की ओर से भी लगातार गर्मी को देखते हुए सरकार से छुट्टी बढ़ाने की मांग की जा रही थी. मंगलवार को सरकार ने जिले में पत्र भेज कर सभी कोटी के विद्यालय को बंद करने का आदेश जारी किया.

### जमीन के मापी कार्य को ग्रामीणों ने रोका

**रामगढ़।** सरकारी अमीन के नेतृत्व में की जा रही जमीन की मापी को ग्रामीणों व अन्य लोगों द्वारा रुकवा दिया गया. इस संबंध में राजेश कुमार तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी बरकाकाना सीआईसी बस्ती निवासी द्वारा बताया गया कि खाता संख्या 15, खसरा संख्या 177 कुल रकवा 62 डिसमिल जमीन हमारे दादा स्व. श्री राम तिवारी द्वारा 1962 में स्व. गरीबा मुंडा से ली गई है. हजारीबाग के तत्कालीन उपायुक्त द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार इसका विधिवत निबंधन कराया गया है. इसका उल्लेख सरकारी दस्तावेज के रजिस्टर टू में भी अंकित है. हमारे पूर्वजों द्वारा खरीदी गई जमीन पर कब्जा दिलाए जाने को लेकर रामगढ़ उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ व अंचल अधिकारी पतरातु से गुहार लगाई गई. इसके बाद अधिकारियों के दिशा निर्देश के अनुरूप जमीन माफी किए जाने को लेकर एक हजार रुपये विधिवत ऑनलाइन जमा कराए गए हैं.

### समन्वय स्थापित कर कार्य करूंगा : मनीष

**हजारीबाग।** आजसू नेता विकास राणा के नेतृत्व में आजसू पार्टी के पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल को जीत की बधाई दी. मंगलवार को जिला अध्यक्ष सह केंद्रीय प्रवक्ता विकास राणा के नेतृत्व में आजसू पार्टी कार्यकताओं ने हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया और जीत की बधाई दी. मनीष जायसवाल ने कहा कि भाजपा और आजसू पार्टी में समन्वय स्थापित कर विकास कार्य करूंगा. हज़ारीबाग की जनता ने जो विश्वास मेरे ऊपर किया है उसपर खरा उतरने का प्रयास करूंगा. राणा ने कहा कि हज़ारीबाग को आदर्श और मॉडल लोकसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करें.

### तीनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरू की

# तीन थाना क्षेत्रों में हुई तीन लोगों की हत्या

संवाददाता। हजारीबाग


कटकमसांडी में हुए हत्याकांड के बाद अस्पताल में मौजूद परिजन.

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में तीन लोगों की हत्या के मामले प्रकाश में आए हैं. पहली घटना कटकमसांडी की डांड पंचायत के गुरुडीह में घटी, जहां सोमवार रात 50 वर्षीय एक व्यक्ति की घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई और शव को जंगल में फेंक दिया गया. आसपास के लोगों ने शव देखकर पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद मृतक की पहचान गुरूडीह निवासी बाजी मुंडा के रूप में हुई. इस हत्याकांड में परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति शक जताते हुए कहा कि बाजी मुंडा की हत्या उस वक्त की गई जब घर के लोग रांची एक कार्यक्रम में गए हुए थे. परिजनों ने यह भी बताया कि मृतक घर में अकेला था और घर के बगल के एक व्यक्ति के साथ उसका डायन बिसाही को लेकर विवाद पिछले एक साल से चल रहा था. सोमवार रात घर में अकेला देखकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई. इस संबंध में थाने में नामजद दो आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया गया.

वहीं दूसरी घटना विष्णुगढ़ के मुरगावां की है. मृतक के परिजनों के अनुसार मजदूर नागेश्वर गंजू (30) को गांव के ही एक व्यक्ति ने अपनी कुट्टी की दुकान में मजदूरी के लिए सोमवार की सुबह 7:00 बजे घर से उठाकर ले गया था. दोपहर बाद लगभग 3:30 बजे युवक की हत्या कर उसे घर पर फेंक कर चला गया. इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई. परिजनों ने यह भी कहा कि गांव के ही एक व्यक्ति ने नागेश्वर की हत्या की है, जिस पर मुकदमा दर्ज करवाया गया है. तीसरी घटना चौपारण की है, जहां एक भाई ने ही अपने भाई की जमीन विवाद में हत्या कर दी. मृतक की पहचान तुलेश्वर यादव (42) के रूप में हुई है. इस संबंध में परिजनों ने बताया कि तुलेश्वर का भाई के साथ जमीन का विवाद चल रहा था, जिसमें सगे बड़े भाई ने छोटे भाई पर धारदार हथियार से सप्ताह भर पहले हमला कर दिया था. उसका इलाज चौपारण स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा था, जहां मंगलवार को उसकी मौत हो गई. परिजनों ने बड़े भाई के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है. इस संबंध में कटकमसांडी, चौपारण, और विष्णुगढ़ थाना के तीनों चौकीदारों ने हत्या की पुष्टि की है और तीनों शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिये गये हैं. कटकमसांडी थाना प्रभारी ने बताया कि कटकमसांडी थाना क्षेत्र के गुरुडीह में हुई हत्या की पुष्टि की है. उन्होंने यह भी कहा है कि आवेदन के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा. अब तक हत्या करने वाले आरोपी अज्ञात हैं. पुलिस जांच कर रही है.

**खास बातें**

- डांड पंचायत में 50 वर्षीय व्यक्ति की घर में हत्या
- दुकानदार पर लगाया गया मजदूर की हत्या का आरोप

### कांग्रेस नेता विशेश्वर नाथ की मां का निधन


अर्थी को कंधा देतीं विधायक अंबा.

**बड़कागांव।** प्रखंड की कांडतरी पंचायत के ग्राम सोनपुरा निवासी कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे के 98 वर्षीय मां द्रोपती देवी का निधन हो गया. वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गईं. उनका अंतिम संस्कार सोनपुरा नदी स्थित श्मशान घाट में किया गया. उन्हें मुखाग्नि पुत्र विशेश्वर नाथ चौबे ने दी. इस मौके पर उपस्थित लोगों ने मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया. इससे पहले शव यात्रा एवं शोक सभा में विधायक अंबा प्रसाद के अलावा प्रबुद्ध लोग उपस्थित हुए. विधायक ने श्मशान घाट पहुंचकर दिवंगत को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी.

# चौपारण में बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा

संवाददाता। चौपारण

**एनजीटी का आदेश लागू, बालू तस्कर होशियार, प्रशासन है तैयार**


चौपारण पुलिस थाने में खड़ा जब्त किया गया बालू लदा ट्रैक्टर.

प्रत्येक वर्ष 10 जून से 15 अक्टूबर तक नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) आदेश के तहत बालू के उठाव पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया जाता है. ऐसे में बालू का उठाव और परिवहन करने वाले अगर पकड़े गए तो उनकी खैर नहीं है. इसके लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार हो चुकी है. डीसी नैंसी सहाय ने जिला खनन पदाधिकारी सहित सभी अंचलाधिकारी और पदाधिकारियों को इसके पालन हेतु निर्देश जारी किया है.

इस अवधि में यदि बालू परिवहन करते या घाटों से उठाव करते देखे जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी. साथ ही वाहन जब्त करते हुए उसे जेल भेजा जाएगा.

**थाना प्रभारी ने पकड़ा ट्रैक्टर :** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बालू तस्कर बालू की तस्करी कर आम जनता को मोटी रकम पर बालू बेच रहे हैं. ये बालू तस्कर ट्रैक्टर से कम लागत पर बालू का सौदा करते हैं और जरूरतमंद आमजनों को दोगुना दाम लेकर बालू देते हैं. इसी क्रम में थाना प्रभारी दीपक सिंह ने सोमवार को बालू लदा ट्रैक्टर को धर दबोचा. इस संबंध में जानकारी देते हुए दीपक सिंह ने कहा कि ट्रैक्टर चौपरण से पकड़ा गया, जिसे थाना में खड़ा कर दिया गया है.

इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी को अवगत करा दिया गया है. आगे की कार्रवाई उनके आदेशानुसार होगी. जानकारी हो कि इस तरह की कार्रवाई थाना प्रभारी द्वारा लगातार की जा रही है. इसके चलते बालू तस्करों और दलालों में हड़कंप मचा हुआ है.

### जानें क्या है नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी )

वनों और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को लेकर 2010 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) एक्ट बनाया गया, जिसके तहत प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित मामलों को सुनने एवं उस पर निर्णय लेने के लिए राष्ट्रिय हरित प्राधिकरण की स्थापना की गई. इसी के तहत प्रतिवर्ष 10 जून से 15 अक्टूबर तक के लिए यह आदेश जारी किए जाते हैं. इस अवधि में बालू का उठाव और परिवहन दंडनीय अपराध माना जाता है.

### जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

# 10 वाहनों से वसूले गए 2,70,650 रुपये

संवाददाता। रामगढ़


वाहन की जांच करते जिला परिवहन पदाधिकारी.

सड़क परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने व अवैध परिवहन के विरुद्ध उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार सोमवार की रात्रि को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिले के विभिन्न चौक चौराहों यथा पटेल चौक, नईसराय, कुजू, एनएच 33 मांडू सहित अन्य स्थलों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया. जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी, रामगढ़ मनीषा वत्स द्वारा माल वाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग आदि के साथ-साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की आदि की जांच की गई. जांच के दौरान कुल 10 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए एवं नियमानुसार उन सभी वाहनों के विरुद्ध कुल 2 लाख 70 हज़ार 650 रुपये का चालान किया गया. मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा सभी वाहन चालकों से अपने-अपने वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिंग टैप का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके.

# विष्णुगढ़ में गर्मी और बिजली संकट से जनजीवन हुआ त्रस्त

संवाददाता। विष्णुगढ़

**बिजली की बदहाली पर विभाग की सफाई, प्रचंड गर्मी को बताया जिम्मेदार**


बिजली का ट्रांसफार्मर

भीषण गर्मी और ऊपर से बिजली की आंख मिचौनी से जनजीवन त्रस्त है. आसमान से बरसती आग ने जीना मुहाल कर दिया है. वहीं बदहाल बिजली व्यवस्था से लोगों को हो रही परेशानियों से संबंधित खबर छपने से नाराज एक दैनिक वेतन भोगी बिजली विभाग के कर्मी द्वारा पत्रकार को धमकाने के मामले के तूल पकड़ने के बाद महकमे के सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बनासो के हवाले से सोशल मीडिया पर बिजली की बदहाली की वजहें गिनाई गई हैं.

बताया गया है कि प्रचंड गर्मी के कारण विद्युत पावर ट्रांसफार्मर, डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर और विद्युत तारों पर अत्यधिक लोड बढ़ गया है. इसके कारण ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ना, विद्युत तारों में आग लगने जैसी समस्या उत्पन्न हो रही है. इससे निजात पाने के लिए सहयोग मांगा गया है. घरों में बिजली से चलने वाले उपकरणों का कम उपयोग करने की अपील की गई है. मसलन घरों में एक से ज्यादा एसी नहीं चलाने व दिन में लाइट नहीं जलाने की नसीहत दी गई है. इन उपायों को अपनाकर बिजली के लोड को कम करने की सलाह दी गयी है.

### पशु तस्करों के खिलाफ थाना प्रभारी दीपक कुमार का एक्शन जारी

# जानवर लदा पिकअप वाहन जब्त

संवाददाता। चौपारण


चौपारण पुलिस द्वारा जब्त किया गया गोवंशीय पशु लदा पिकअप वाहन.

थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह का पशु तस्करों के खिलाफ एक्शन जारी है. सोमवार की रात्रि में गुप्त सूचना के आधार पर जानवर लदा एक पिकअप को पुलिस ने जब्त किया. पिकअप नवादा (बिहार) की तरफ से अवैध रूप से क्रूरतापूर्वक मवेशी लोड कर तस्करी करने के लिये भगहर भंडार के रास्ते चौपारण होते हुए बंगाल ले जाया जा रहा था.

इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सूचना के आलोक में वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु रात्रि गश्ती के पदाधिकारी के साथ ग्राम भगहर के लिये प्रस्थान किया. जैसे ही कठम्बा मोड़ के पास पहुंचा उक्त पिकअप आता हुआ दिखाई दिया, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से रुकने का इशारा किया, परंतु पिकअप चालक अपनी गाड़ी को कठम्बा मोड़ के पास रोककर गाड़ी से चालक उतरकर जंगल की ओर भागने का प्रयास किया जिसे पीछा कर पकड़ लिया गया.

पिकअप की विधिवत तलाशी के क्रम में पिकअप के अंदर क्रूरतापूर्वक चार गाय एवं तीन गाय के बच्चे, जिसमें से दो मृत पाये गये. इस संबंध में चौपारण थाने में सुसंगत धाराओं के तहत पशु क्रूरता निवारण अधिनियम दर्ज कर संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी की जा रही है. छापेमारी दल में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, सअनि सचिदानंद राय और चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे.

# टंडवा-सिमरिया मार्ग पर भारी वाहनों के तांडव पर लगेगा ब्रेक

संवाददाता। टंडवा (चतरा)

**आए दिन पथ पर कोल वाहन की चपेट में आने से लोगों को मौत हो रही**

नकास, प्रगति और ओडिशा स्टिवाडर्स कंपनी के तांडव पर टंडवा में जल्द विराम लगेगा. सैकड़ों ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जब से केरेडारी से चलने वाली प्रगति कंपनी के हाईवा टंडवा की सड़कों पर दौड़ना शुरू हुआ है तब से मौत का तांडव चल रहा है. आम्रपाली कोल परियोजना जब से शुरू हुई, प्रत्येक दिन दुर्घटना हो रही थी, लेकिन शिवपुर साइडिंग खुलने के बाद दुर्घटनाओं में कमी आई.

इधर पिछले छह माह में एक बार फिर दुर्घटनाओं में इजाफा हुआ है. बताया कि जबसे केरेडारी (हज़ारीबाग) के कोयला की टंडवा-सिमरिया की सड़कों से ढुलाई शुरू हुई है, घटनाओं में बढ़ोतरी हो गई है. आए दिन टंडवा-सिमरिया पथ पर कोल वाहन की चपेट में आने से लोगों को मौत हो रही है. आगे बताया कि जल्द सिमरिया-टंडवा रोड पर इन भारी वाहनों की नो एंट्री लगाने को लेकर आंदोलन होगा. बड़कागांव हज़ारीबाग की सड़क पर दुर्घटना को देखते हुए नो एंट्री लगा दी गई है. सवाल किया कि हज़ारीबाग का कोयला टंडवा की सड़कों से ले जाना कहा का न्याय है. स्थानीय जिला प्रशासन से मामले में स्वतः संज्ञान लेकर हज़ारीबाग के कोयला की टंडवा की सड़कों से ढुलाई बंद कराने का आग्रह किया है. सांसद व विधायक से जनता को उम्मीद है कि इस बार कुछ ठोस पहल होगी और जनता को राहत मिलेगी.

**शिकायत** अस्पताल कैंपस में एंबुलेंस खड़ी करने पर मांगे जा रहे महीने के 1500 रुपये

# नगर निगम की मनमानी से एंबुलेंस संचालक परेशान

संवाददाता। हजारीबाग


सदर अस्पताल की पार्किंग में खड़ी एंबुलेंस.

शहर के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की पार्किंग सुर्खियों में है. अब यहां एंबुलेंस संचालक से भी पार्किंग के नाम पर 1500 मांगे जा रहे हैं. नहीं देने वाले एंबुलेंस संचालक को अस्पताल कैंपस से हटाने की धमकी दी जा रही है. इसको लेकर मंगलवार को एंबुलेंस संचालक और पार्किंग संचालक के बीच जमकर हंगामा हुआ. इस संबंध में एंबुलेंस संचालक जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार, अरविंद यादव, नीरज कुमार, टिंकू यादव, सुनील पांडे ने बताया कि वर्षों से अस्पताल कैंपस में हम एंबुलेंस खड़ा करते हैं और हमें सरकार ने भी इस बात की इजाजत दी है. यहां तक कि टोल टैक्स भी नहीं लगता है, लेकिन सदर अस्पताल में पिछले एक साल से पार्किंग के नाम पर पैसे लेने के लिए पार्किंग संचालक नगर निगम की आड़ में जबरन पैसे मांग रहे हैं. वह कहते हैं कि अस्पताल कैंपस में एंबुलेंस खड़ा करने के लिए 1500 रुपये महीना देने होंगे, नहीं तो अस्पताल कैंपस से एंबुलेंस हटा दी जाएगी. मरीज को लेने के लिए अस्पताल में घुसने के वक्त एक बार घुसने पर 100 और दोबारा घुसने पर डेढ़ सौ रुपये लिये जाएंगे.

### मरीजों व परिजनों की परेशानी कम करने के लिए अस्पताल कैंपस में खड़ी करते हैं एंबुलेस

मायूस एंबुलेंस संचालक का कहना है कि अब हम अस्पताल में गाड़ी इसलिए खड़ा करते हैं क्योंकि मरीज को ले जाने में आसानी होती है. अस्पताल कैंपस में ही उन्हें एंबुलेंस उपलब्ध हो जाती है. परिजन अगर बाहर एंबुलेंस ढूंढने के लिए जाएंगे तो उन्हें और मरीज को परेशानी होगी और समय भी ज्यादा लगेगा. एंबुलेंस संचालकों ने यह भी बताया कि पार्किंग के नाम पर जितने पैसे मांगे जा रहे हैं, उतने हम कमा भी नहीं पाते हैं. हम अस्पताल कैंपस में एंबुलेंस लगाकर तीन-चार-दिन तक बैठे रहते हैं, क्योंकि यहां ज्यादा लोग सरकारी एंबुलेंस से जाते हैं. वहीं मरीज के परिजन बड़कागांव के राजेश कुमार, शहर के राजू यादव, इचाक के मुकेश कुमार ने बताया कि यह गलत है. अस्पताल में वहीं लोग आते हैं जो परेशान रहते हैं. यहां तक कि नगर निगम अस्पताल कैंपस में कुछ जगहों पर ही पार्किंग बनाई गई है, लेकिन पार्किंग इंचार्ज अस्पताल कैंपस में कहीं भी गाड़ी घुसते ही पार्किंग के नाम पर पैसे मांगने शुरू कर देते हैं और नहीं देने पर गाली गलौज पर भी उतर जाते हैं. गाड़ी की चाबी भी निकाल लेते हैं. कभी-कभी छोटे बच्चे और महिला भी साथ रहती है और पार्किंग वाले सब के बीच पैसा नहीं देने पर गाली-गलौज करने लगते हैं. ऐसे में बच्चे और महिलाओं पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है.

### कटकमसांडी प्रखंड में मनरेगा बनी लूट खसोट की योजना

# कुआं बना नहीं और निकाल ली गई राशि

- अडरा पंचायत में दो वर्ष पूर्व निजी खर्च से बने डोभा को नया दिखाकर फर्जी तरीके से पैसे की निकासी कर ली गई थी

संवाददाता। कटकमसांडी

प्रखंड में मनरेगा योजना में लूट खसोट की शिकायतें लगातार मिल रही हैं. अडरा पंचायत में कुआं बना नहीं और राशि की निकासी कर ली गई है. इसका खुलासा तब हुआ जब लाभुक चीची गांव निवासी धनेश्वर गंझू ,अडरा निवासी रितेश गंझू के स्वीकृत कुएं में बगैर काम किए वेंडर और तत्कालीन बीपीओ रेणु बाला कुमारी की मिलीभगत से सामग्री मद की राशि की निकासी कर ली गई. इससे पूर्व भी अडरा पंचायत में दो वर्ष पूर्व निजी खर्च से बने डोभा को नया दिखाकर फर्जी तरीके से पैसे की निकासी कर ली गई थी, जिसके बाद प्रखंड के तत्कालीन बीडीओ शालिनी खलखो ने स्थल जांच कर मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण मांगा था.

प्रखंड कार्यालय से जारी पत्र के आलोक में कहा गया था कि जिस गांव की रुपा देवी की जमीन पर डोभा निर्माण की बात कही जा रही है उस गांव में रुपा देवी नाम की कोई महिला नहीं है. साथ ही जांच में यह भी स्पष्ट हुआ है कि बगैर मापी पुस्तिका के भुगतान कर दिया गया. अड़रा पंचायत के उदयपुर गांव में कामख्या गंझू की जमीन पर बने डोभा को वर्ष 2020-21 में योजना संख्या 6 रूपा देवी की जमीन पर डोभा निर्माण कार्य दिखाकर पैसे की निकासी कर ली गई है. योजना को कागज पर ही पूर्ण दिखाया गया था, जबकि धरातल पर यह योजना है ही नहीं, क्योंकि दो वर्ष पूर्व कामाख्या गंझू ने अपनी जमीन पर डोभा बनाया था. इसके बाद मनरेगा कर्मी उसी डोभा पर साइन बोर्ड लगाकर पैसे की निकासी कर ली थी. इस मामले का पर्दाफाश कामख्या गंझू के भतीजा विनोद कुमार गंझू ने आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना के बाद किया था. डोभा में मनरेगा बोर्ड लगाकर तथा नाम बदलकर निर्माण कराया गया था. इस योजना में मजदूरी के नाम पर निकाली गई राशि भी फर्जी बताई जा रही है, क्योंकि जिन मजदूरों के नाम से पैसे की निकासी की गई है उन मजदूरों का पता तक नहीं था.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** पंचम भाव मे चंद्रमा है. कोई पिकनिक या यात्रा का योग बन रहा है. दोपहर के बाद सब कुछ सामान्य होगा. स्वयं के द्वारा लिए गए निर्णय लाभप्रद होंगे. लोगों से मेल-जोल बढ़ सकता है. वाहन का प्रयोग सावधानी से करें.

**वृषभ** समय सामान्य है. घर की महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. व्यापार में नए अनुबंध नहीं करें. व्यर्थ के दिखावे एवं आडंबरों से दूर रहें. किसी की आलोचना न करें. सामाजिक सम्मान मिलेगा. सुख का सामान एकत्र होगा.

**मिथुन** पराक्रम से कोई बड़ा कार्य सिद्ध होगा. भाई बहनों से संबंध मधुर होगा. पराक्रम से व्यावसायिक क्षेत्र को लेकर योजना बनेगी. कशमकश दूर होगी. व्यर्थ संदेह नहीं करें. घर में आनंददायक माहौल रहेगा. मन खुश रहेगा.

**कर्क** समय बहुत ही अच्छा है. किसी अपने द्वारा धन का आगमन होगा. महत्वाकांक्षा की पूर्ति हो सकेगी. स्व-विवेक से कार्य करना लाभप्रद रहेगा. अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता मिलने से हर्ष होगा. चोट मोच से बचें.

**सिंह** दिन खुशनुमा होगा. दिल के बदले दिमाग की सुनें. स्थायी संपत्ति प्राप्ति के योग बनेंगे. कार्यक्षेत्र में आपका महत्व एवं प्रभाव बढ़ेगा. दूसरों के कामों में हस्तक्षेप से बचें. कोई बड़ा कार्य होने का समय आ रहा है. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** धर्म या समाज पर खर्च में वृद्धि होगा. मन खिन्न होगा, पर नवीन योजनाओं के प्रति उत्साह बढ़ेगा. शाम से अर्थ संबंधी कार्यों में थोड़ी सफलता मिलने से हर्ष होगा. सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा. गणेश जी की स्तुति करें.

**तुला** आय होगी, पर कठिन कामों में सोच-समझकर ही हाथ डालें. विचारों में सकारात्मकता व आशाजनक प्रवृत्ति रखें. क्रोध, उत्तेजना पर संयम रखें. मन मे उद्गार होगा. लक्ष्मी जी को किसमिस का भोग करें.

**वृश्चिक** आपके प्रभाव से अपनों का साथ मिलेगा. रुका धन मिल सकता है. अच्छे लोगों से भेंट होगी, जो आपके हितचिंतक रहेंगे. यात्रा करने से बचने का प्रयास करें. व्यापारिक कार्यों से श्रीवृद्धि होगी. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**धनु** कोई छोटी और धार्मिक यात्रा होगी. किसी विशेष कार्य के बन जाने से हर्ष होगा. स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें. किसी के भरोसे न रहकर अपना कार्य स्वयं कीजिए. ससुराल से लाभ होगा. पीली वस्तु का दान करें.

**मकर** किसी कार्य के पहले विचार करें. महत्वपूर्ण कामों में हस्तक्षेप से नुकसान हो सकता है. परिवार में तनाव रहेगा. आर्थिक स्थिति कष्टकारी होगी. संतान के व्यवहार से कष्ट होगा. शनि को खुश करें, साथ ही आलस का त्याग करें.

**कुंभ** वाहन सावधानी से चलना चाहिए. जीवनसाथी का सहयोग होगा. आपको समाज, परिवार में प्रशंसा मिलेगी. आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी. कोई बनाई गई योजनाएं फलीभूत होंगी. गाय को घास दे.

**मीन** समय सामान्य है. मौसमी बीमारियों से बचना चाहिए. नए कार्यों के साथ जुड़ने का योग बनेगा. फालतू कामों में समय बर्बाद न करे. आप जो भी कार्य करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी. आय के मार्ग मिलेंगे. माता दुर्गा का ध्यान करें.

कर्मकार कल्याण बोर्ड की बैठक में दर्जन भर एजेंडों पर हुई चर्चा

# श्रमिक औजार सहायता योजना के तहत राशि बढ़ाने पर मंथन

प्रमुख संवाददाता। रांची

श्रम आयुक्त संजीव बेसरा की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की बैठक हुई. इसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 का योजनाओं के साथ इसकी भौतिक प्रगति की जानकारी दी गई. बोर्ड द्वारा संचालित श्रमिक औजार सहायता योजना अंतर्गत देय सहायता राशि को 3,000 से बढ़ा कर 5,000 रुपये करने पर भी मंथन किया गया. साथ ही इस योजना के तहत तीन साल बाद पुनः लाभ देने पर भी विचार किया गया. बैठक में संयुक्त श्रम आयुक्त प्रदीप लकड़ा, सहायक श्रम आयुक्त अविनाश कृष्णा के अलावा, ग्रामीण विकास, वित्त विभाग, भवन निर्माण विभाग के पदाधिकारियों के साथ ही बोर्ड के अन्य सदस्य और झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री समेत अन्य उपस्थित रहे.



बोर्ड के अधिकारियों एवं चैंबर सदस्यों के साथ बैठक करते श्रम आयुक्त.

### इन योजनाओं पर हुई चर्चा

बैठक में मेधावी पुत्र और पुत्री छात्रवृत्ति योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, निर्माण श्रमिक सेफ्टी किट योजना, झारखंड निर्माण कर्मकार मृत्यु और दुर्घटना सहायता योजना, चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना, चिकित्सा सहायता योजना, मातृत्व प्रसुविधा योजना, विवाह सहायता योजना, पेंशन योजना, नि :शक्तता पेंशन, पारिवारिक पेंशन योजना एवं अनाथ पेंशन पर भी चर्चा की गई. साथ ही बोर्ड के निबंधित कर्मकारों के बच्चों के लिए बोर्ड की निधि से विशेष शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थान खोलने के लिए 100 करोड़ राशि के बजट का प्रावधान करने पर भी मंथन किया गया. श्रम आयुक्त ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के संचालन संबंधी भारत सरकार से प्राप्त निर्देश के अनुपालन पर भी विमर्श किया.

### योजनाओं से बेहतर हो सकता है श्रमिकों का जीवन : किशोर मंत्री

बैठक के दौरान झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने राज्य के नियोजकों और स्टेकहोल्डर्स से अपने कामगारों के हित में श्रम विभाग द्वारा संचालित इन योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रेरित करने की अपील की. उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित इन लाभकारी योजनाओं से भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यों में कार्यरत निबंधित श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है. वहीं, चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से असंगठित कामगारों को सामाजिक सुरक्षा मिलेगी. उन्होंने यह भी श्रमिकों के लिए सरकार की योजनाएं बेहद लाभकारी हैं, जिनका लाभ श्रमिकों को दिलाने के लिए नियोक्ताओं के स्तर से हरसंभव प्रयास किये जाएंगे.

## जमीन विवाद, अपराध और अवैध खनन पर सीएम सख्त

## डीसी-एसएसपी को दी कड़ी हिदायत, कहा

# अपराध बढ़े तो खैर नहीं

विशेष संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन तीन महीने खामोश रहने के बाद मंगलवार को अचानक फुल तेवर में नजर आए. उन्होंने जमीन विवाद, अपराध और अवैध माइनिंग पर कड़े तेवर अपनाए. सीएम ने सभी डीसी और एसएसपी को सख्त हिदायत दी कि हर हाल में अपराध और अवैध माइनिंग पर लगाम लगनी चाहिए. इसके कारण राज्य की छवि धूमिल हो रही है.

मुख्यमंत्री मंगलवार को अपराध और विधि-व्यवस्था को लेकर राज्य के आला अफसरों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर कर रहे थे. उन्होंने अफसरों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि अगर जरूरी हो, तो दूसरे राज्यों में विधि -व्यवस्था को लेकर जो व्यवस्थाएं हैं, उसका भी अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करें. सीएम ने विधि-व्यवस्था, अपराध-उग्रवाद नियंत्रण, अवैध खनन, मादक पदार्थों और शराब तस्करी एवं बिक्री के खिलाफ कार्रवाई एवं वन, उत्पाद और भू- राजस्व से जुड़े मामलों की भी उच्च स्तरीय समीक्षा कर कई अहम निर्देश दिए.

**विविधताओं के साथ अपराध के स्वरूप में भी आ रहा परिवर्तन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य में काफी विविधताएं हैं. कहीं जंगल झाड़ हैं, तो कहीं खदान. कुछ इलाकों में उद्योगों की बहुलता है, तो कहीं लोग कृषि पर निर्भर हैं. इसी तरह यहां की परिस्थितियों के अनुरूप अपराध में भी काफी विविधताएं हैं. नित्य अपराध के स्वरूप में भी परिवर्तन आ रहा है. ऐसे में पुलिस की चुनौती भी बढ़ जाती है. अपराध को नियंत्रित करने में आपकी कार्यशैली और मजबूत सूचना तंत्र काफी कारगर साबित होगा.



*मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन राज्य में विधि- व्यवस्था और अपराध -उग्रवाद नियंत्रण को लेकर जिलों के उपायुक्त एवं एसएसपी एसपी के साथ की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक*



### डीसी और एसपी के बीच समन्वय से मिलेंगे बेहतर परिणाम

सीएम ने कहा कि जिले में डीसी और एसपी के बीच बेहतर समन्वय से ही कानून एवं व्यवस्था तथा अपराध नियंत्रण को मजबूती मिलती है. डीसी और एसपी के बेहतर को-ऑर्डिनेशन से बेहतर नतीजे आते हैं. इससे विकास को गति मिलती है. अधिकारी बेहतर कार्य शैली से विधि व्यवस्था और अन्य सभी मामलों में बेहतर नतीजे देंगे. कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिन भी संसाधनों की जरूरतें होंगी, उसे सरकार पूरा करेगी.

### बैठक में मुख्यसचिव डीजीपी और अन्य अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल सहित संबंधित विभागीय सचिव, सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी जोनल आईजी, डीआईजी, सभी जिलों के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

### सीएम के अहम निर्देश

- स्नेचिंग, चोरी, लूट और डकैती की घटनाओं पर हर हाल में लगाम लगाएं. शहरी इलाकों में गश्ती व्यवस्था को अधिक से अधिक सुदृढ़ करें, इसकी निरंतर निगरानी करते रहें.
- **माफिया तथा पेशेवर अपराधियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध योजनाबद्ध तरीके से प्रभावी कानूनी कार्रवाई करें, ताकि उनके मन में भय उत्पन्न हो.**
- ग्रामीण इलाकों में लोगों को अफीम की खेती में मदद करने वाले बाहरी तत्वों और इसकी खेती करने वालों तथा बाजार तक पहुंचाने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें.
- **कई शहरों में स्कूल -कॉलेज के आसपास ड्रग्स की अवैध बिक्री के मामले सामने आ रहे हैं. अवैध मादक पदार्थों और उसकी तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें.**
- अवैध माइनिंग की घटनाओं से राज्य की छवि खराब होती है. इस पर हर हाल में रोक लगे यह सुनिश्चित करें. बिना चालान के माइनिंग की ढुलाई करने वाले वाहन मालिकों पर कानूनी कार्रवाई करें.
- **जहां लीज दें वहीं खनन हो, यह सुनिश्चित करें. आवंटित भूमि के अलावा अन्य आस-पास की भूमि पर खनन नही होना चाहिए, अगर ऐसा हो है तो जांच कर खनन कंपनियों पर कार्रवाई करें.**
- सभी जिलों के उपायुक्त पंचायत वाले बालू घाटों को चिन्हित कर उनकी संख्या बढ़ाएं. बालू की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के लिए पहल करें. अवैध बालू उठाव पर हाल में नियंत्रण करें.
- **जिन आदिवासी जमीनों के दखल दिहानी ऑर्डर जारी हो चुके हैं, उनका दखल कराए जाए.**

### एससी/एसटी मामले लंबित न रहें

सीएम ने आदिवासियों के भूमि अधिकारों की रक्षा करने और उन भूखंडों पर उनका कब्जा सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जिनमें विवादों के बाद कोर्ट का फैसला उनके पक्ष में आया है. उन्होंने जोर दिया कि एसटी लोग सबसे अधिक हाशिए पर हैं और वंचित रहे हैं. एससी-एसटी अधिनियम के तहत दर्ज सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा हो. एससी-एसटी कानून के तहत दर्ज मामले लंबित न रहें, इस पर विशेष ध्यान दें और पूरी गंभीरता से निगरानी करें. यह भी ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले जवानों के आश्रितों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिले.

### अपराधों से निपटने में आधुनिक तकनीक का करें इस्तेमाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कई ऐसी नवीनतम तकनीकें है, जिसके जरिए अपराध को जानने- समझने के साथ नियंत्रित करने में इस्तेमाल किया जा सकता है. पुलिस को ऐसी आधुनिक तकनीक से हमेशा अपडेट रहने की जरूरत है. इसके साथ अन्य राज्यों में विधि व्यवस्था को लेकर जो व्यवस्थाएं हैं, उसका भी अध्ययन करें, ताकि झारखंड की परिस्थितियों के अनुरूप उसकी जरूरत पड़े, तो उसका इस्तेमाल किया जा सके. मुख्यमंत्री ने ट्रैफिक सिस्टम में भी सुधार करने पर जोर दिया.

## बिजली विभाग के कर्मी की पोल से गिरने से मौत



संवाददाता। हजारीबाग

- **ग्राम मंडई में 11000 वोल्ट तार जोड़ने के क्रम में हुई घटना**
- **मानव दिवस कर्मियों ने घटना के विरोध में की नारेबाजी, लगाए आरोप**

ग्राम बानादाग निवासी बिजली विभाग के मानव दिवस कर्मचारी किशोरी महतो की मौत मंगलवार को लोहसिंधना थाना क्षेत्र के मंडई में बिजली पोल से गिरने के कारण हो गई. वह शनिवार को ग्राम मंडई में 11000 वोल्ट तार जोड़ने के क्रम में करंट लगने के कारण पोल से गिर गया. इससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई. इस घटना के बाद मौजूद मानव दिवस कर्मचारी और ग्रामीण उसे लेकर आरोग्यं अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. समाचार लिखे जाने तक आरोग्यं अस्पताल में शव पड़ा था. मानव दिवस कर्मचारी सांसद मनीष जायसवाल के आने की प्रतीक्षा कर रहे थे और मुआवजा की मांग पर अड़े थे. बताया जाता है कि मानव दिवस कर्मचारी किशोरी महतो बिना सुरक्षा उपकरण के बिजली खंभे पर चढ़कर कम कर रहा था. उसने 11000 वोल्ट के दो तार को खोला था. तीसरा तार खोल ही रहा था कि करंट की चपेट में आ गया और और पोल से गिर पड़ा. मानव दिवस कर्मियों ने आरोप लगाया कि आउटसोर्सिंग कंपनी जीतराज कंपनी तहत मानव दिवस कर्मी काम करते हैं. बिजली विभाग इस कंपनी को मेंटेनेंस का भुगतान करता है. वहीं घटना के बाद ग्रामीणों ने जमकर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और कई गंभीर आरोप भी लगाए. ग्रामीणों का कहना था कि बिजली विभाग बिना सेफ्टी मजदूर से काम करवाता है.

## नाबालिग को भगा ले जाने के दोषी को पांच वर्ष कैद

**कोडरमा।** नाबालिग लड़की को भगाने के एक मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को दोषी आशीष कुमार उर्फ आशीष कुमार दास (20) को 363 आईपीसी के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई. साथ ही 30 हजार रुपये जुर्माना लगाया. जुर्माना की राशि नहीं देने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. यह मामला वर्ष 2023 का है. लड़की के मां के आवेदन पर नवलशाही थाना कांड संख्या 211/ 23 दर्ज किया गया था. अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया. इस दौरान सभी 7 गवाहों का परीक्षण कराया गया. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता उदय शंकर प्रसाद ने दलीलें पेश की. अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया.

## कोडरमा-गया रेलखंड पर बम पाए जाने की खबर!

**कोडरमा।** धनबाद-गया-कोडरमा रेलखंड के यदुग्राम और बसकटवा के बीच केन बम पाए जाने खबर सामने आई है. एक टिफिन नुमा संदिग्ध वस्तु को लोगों ने वहां देखा है. आशंका जताई जा रही है कि वह टिफिन बम है. मामले की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंच गई है और इलाके की घेराबंदी कर दी. रेल लाइन के किनारे बम पाए जाने की खबर से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया. लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए. फिलहाल आरपीएफ की टीम मौके पर जमी हुई हैं और किसी को भी कथित बम के पास जाने नहीं दिया जा रहा है. संदिग्ध वस्तु मिलने की सूचना बम स्क्वायड टीम को दे दी गई है. जिसके बाद वे घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं. इस मामले में कोडरमा आरपीएफ निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी बम स्क्वायड टीम को दे दी गई है. उनके आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह वाकई में केन बम ही है या किसी असामाजिक तत्वों की करतूत है. जानकारी के अनुसार जहां केन बम बरामद होने बात कही जा रही है वहां से कुछ ही दूरी पर सीआरपीएफ का कैंप भी है.



## कोडरमा में विधायक आवास के पास से स्कॉर्पियो की हुई चोरी

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत गिरिडीह रोड स्थित विधायक डॉ. नीरा यादव के आवास के समीप से सोमवार की रात एक स्कॉर्पियो की चोरी कर ली गई. स्कॉर्पियो के मालिक जलवाबाद निवासी मोहम्मद शाहबाज आलम ने मंगलवार को थाने में चोरी का आवेदन दिया है. पीड़ित ने कहा है कि सोमवार को उनका ड्राइवर बंटी कुमार पासवान उनके स्कॉर्पियो संख्या (जेएच 12 एल 5248) को अपने घर के बाहर खड़ी कर रात्रि विश्राम कर रहा था. इसी दौरान रात करीब दो बजे स्कॉर्पियो की चोरी कर ली गई. उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलने पर जब जीपीएस से लोकेशन ट्रैक किया तो बरही तक स्कॉर्पियो का लोकेशन मिला. यहां अपराधियों ने गाड़ी से जीपीएस को खोल कर फेंक दिया.

## इस तरह भी जाती है जान! टायर फटा और मिस्त्री की हो गयी मौत

संवाददाता। कोडरमा

मौत इस तरह भी अचानक आती है, यह देखने को मिला जब टायर फटने से मिस्त्री की मौत हो गयी. जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित बिंडोमोह के समीप टायर पंचर की दुकान मे खड़े जेसीबी (बैकहो लोडर) का टायर ब्लास्ट होने से टायर मिस्त्री की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गयीं. मृतक की पहचान बिंडोमोह निवासी 51 वर्षीय इजहार खान के रूप मे की गयीं है. जानकारी अनुसार मृतक उक्त मार्ग पर अपनी छोटी सी दुकान में पंचर टायर बनाने का कार्य कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था. प्रत्येक दिन की तरह सोमवार की रात भी वो अपने दुकान मे मौजूद था. जेसीबी (बैकहो लोडर) वहां टायर बनाने के लिए पहुंचा. इसी दौरान एकाएक जेसीबी का टायर फट गया और वहां मौजूद टायर मिस्त्री इजहार उसके चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी. घटना की जानकारी परिजनों द्वारा नवलशाही पुलिस को दिया. इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया. घटना के बाद पूरे गांव में मातम सा पसर गया है.

## हजारीबाग के सांसद से मिले चैंबर पदाधिकारी

**हजारीबाग।** चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल की अध्यक्षता में पदाधिकारियों ने मंगलवार को नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल से उनके झंडा चौक स्थित सेवा कार्यालय में मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी. अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने सांसद से अनुरोध किया कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में व्यापारियों के हित में भी कार्य किया जाए. उन्होंने आए दिन व्यापारियों पर आरोप लगने की बात कही.

बीस सूत्री के उपाध्यक्ष ने कारो नदी का निरीक्षण कर दी चेतावनी

## दो दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो देंगे धरना

संवाददाता। खूंटी

तोरपा शहरी इलाके में विगत 25 दिनों से जलापूर्ति ठप होने की सूचना पर खूंटी जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष और झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद मंगलवार को तोरपा पहुंचे. उन्होंने कारो नदी जाकर इंटेक वेल तथा जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद उन्होंने जलापूर्ति ठप होने की जानकारी उपायुक्त को दी तथा समस्या का निदान कर जल्द जलापूर्ति शुरू कराने का अनुरोध किया. उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों से बात कर जलापूर्ति ठप होने के कारणों की जानकारी ली. विभाग के कनीय अभियंता रावेल होरो ने बताया कि कारो नदी का जलस्तर कम हो जाने के कारण जलापूर्ति ठप्प हो गयी है. नदी पर बांध बनाकर इस समस्या का समाधान किया जायेगा. जुबैर अहमद ने कनीय अभियंता को बांध बनाने का काम तत्काल शुरू करने को कहा. उन्होंने कहा कि गर्मी में जलापूर्ति ठप हो जाने से लोगों को परेशानी हो रही है. कनीय अभियंता ने कहा कि बुधवार को बांध बनाने का काम शुरू किया जायेगा. जुबैर अहमद ने कहा कि दो दिनों में कार्रवाई नहीं हुई तो वे कारो नदी के समीप ही धरने पर बैठ जाएंगे.

**कवायद** अबुआ आवास निर्माण के लिए भुगतान की गई किस्त के अनुरूप कार्य पूर्ण करें

# डीडीसी ने लिया विकास योजनाओं का जायजा, दिये निर्देश

संवाददाता। खूंटी

उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने मंगलवार को मुरहू प्रखंड की कोड़ाकेल और कुड़ापूर्ति पंचायत का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने विभिन्न गावों का भ्रमण कर क्रियान्वित योजनाओं की कार्य प्रगति का भौतिक निरीक्षण किया. साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. उपविकास आयुक्त ने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन योजना एवं जलछाजन योजना का निरीक्षण किया. मौके पर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया कि अबुआ आवास निर्माण के लिए भुगतान की गई किस्त के अनुरूप कार्य पूर्ण किया जाय, ताकि ससमय आवास निर्माण का कार्य पूर्ण हो सके. मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन योजना में निर्देश दिया गया कि योजना में जिन कूपों की खुदाई का कार्य पूर्ण हो चुका है, उन कूपों के लिए पत्थर उपलब्ध करा कर बरसात से पूर्व निर्माण कार्य पूरा करें, ताकि बरसात में कूप को धंसने से बचाया जा सके. इस दौराण पीएमएवाई ग्रामीण के जिला समन्वयक, डीआरडीए के सहायक परियोजना पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मुरहू, प्रखण्ड समन्वयक, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), पंचायत सचिव, रोजगार सेवक उपस्थित थे.



## पांच जुलाई के विजय संकल्प दिवस पर डूब क्षेत्र के घर-घर से ग्रामीणों की उपस्थिति हो : सोमा मुंडा

**खूंटी।** कोयल कारो जनसंगठन की शीर्ष कमटी की बैठक मंगलवार को शहीद भवन, तपकरा में उपाध्यक्ष अनाक्लेतुस कंडुलना की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में उपस्थित अध्यक्ष सोमा मुंडा ने विषय प्रवेश करते हुए पांच जुलाई के विजय संकल्प दिवस तथा सांगठनिक मजबूती पर विशेष कार्य योजना बनाने पर बल दिया. उन्होंने कहा कि विजय संकल्प दिवस के दिन डूब क्षेत्र के घर-घर से ग्रामीणों की उपस्थिति जरूरी है, क्योंकि जब तक विनाशकारी कोयल कारो जल विद्युत परियोजना हमेशा के लिए रद्द नहीं हो जाती है, तब तक एकजुटता और ताकत को बनाए रखना है. बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक ग्रामसभा से शीर्ष कमेटी के लिए प्रतिनिधियों का चयन कर भेजने के लिए पत्र सौंपा जाएगा. पूर्व की भांति गांव-गांव से युवाओं को कमांडर की जिम्मेवारी सौंप कर उन्हें जल-जंगल-जमीन के अधिकार के प्रति सजग किया जाएगा. जन संगठन की अगली बैठक 18 जून को जापुद बगीचा में आयोजित करने का निर्णय लिया गया.

दुकानों में अगलगी की घटनाओं पर प्रशासन एक्टिव मोड में

# व्यवसाइयों के साथ की बैठक

संवाददाता। पलामू

जिले के तरहसी प्रखंड मुख्यालय में दुकानों में अगलगी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस प्रशासन एक्टिव मोड में आ गया है. मंगलवार को थाना प्रभारी नीरज कुमार ने थाना परिसर में स्थानीय व्यवसायियों के साथ बैठक की और असमाजिक तत्वों के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की रात्रि प्रहरी रखना, व्यवसाईयों का संगठन बनाने आदि निर्णय लिए गए. अध्यक्षता उदयपुर वन के मुखिया महेंद्र पासवान ने की, जबकि संचालन चेंबर के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने किया. बताते चलें कि मुख्यालय के शहरी क्षेत्र में दुकानों में आग लगाने की घटनाएं लगातार हो रही है. दो दिन पहले मिडिल स्कूल के समीप दो फल दुकान को फूंक दिया गया था. एक पान गुमटी भी चपेट में आ गया था. इस घटना के बाद व्यवसाईयों में भारी आक्रोश था. मुख्य सड़क जाम कर प्रदर्शन किया गया था. मामले को देखते हुए थाना प्रभारी ने थाना परिसर में बैठक की. कई निर्णय लिए गए. दो रात्रि प्रहरी रखने का निर्णय लिया गया और मानदेय व्यवसाईयों से राशि निर्धारित कर 5000 महीने देने की बात कही गई. रात्रि प्रहरि का कार्य क्षेत्र सुभाष चौक से लेकर मंगल पांडे चौक होते हुए परशुराम चौक तक सुरक्षा की सुरक्षा देना रहेगा. इसके अलावा पुलिस की टीम भी रात्रि गस्ती में रहेगी. किसी तरह की अनहोनी होने पर गस्ती टीम को जानकारी देने का आग्रह किया गया.



## 46% आपराधिक रिकार्डधारी

लोकतंत्र शुचिता और गरिमा की बुनियाद पर अपने प्राधिकार को स्थापित करती है, लेकिन यह बेहद चिंता का विषय है कि आपराधिक रिकार्ड वाले लोग किस तरह संसद के लिए चुन लिए जाते हैं. चुनावों की पूरी प्रक्रिया में सुधार को ले कर लंबे समय से चर्चा होती रही है. यह सही वक्त है कि चुनाव सुधार को ले कर राजनीतिक दबाव बनाया जाए. 2024 का जनादेश भी परोक्ष तरीके से चुनाव सुधारों के लिए माहौल पैदा करता है. बड़ी चिंता का सबब यह है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पंचायत में पहुंचने वाले 543 सांसदों में 46 फीसदी आपराधिक रिकॉर्ड रखते हैं. यह स्थिति हर नागरिक के लिए चिंता का विषय है. क्या इस स्थिति में देश की लोकतांत्रिक शुचिता की रक्षा हो पाएगी? क्या हम मूल्यों की शुचिता का पारदर्शी समाज बना पाएंगे? क्या ये दागदार कालांतर में हमारी व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मसलों का विश्लेषण करने वाली सचेतक संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानी एडीआर की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2109 में चुने गये सांसदों में जहां 233 यानी 43 फीसदी ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की थी, वहीं 18वीं लोकसभा के लिये चुने गए 251 सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की बात मानी है. जो कुल संख्या का 46 फीसदी बैठती है. फिलहाल देश के निचले सदन में आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले सांसदों की यह संख्या पिछले कई दशकों में सर्वाधिक है. वर्ष 2014 में यह संख्या 34 फीसदी, 2009 में 30 फीसदी और 2004 में 23 फीसदी थी. जनप्रतिनिधियों में दागियों की संख्या में उत्तरोतर वृद्धि होना हमारे लोकतंत्र की विसंगति को ही दर्शाता है. जाहिरा तौर पर इनका परोक्ष-अपरोक्ष प्रभाव लोकतंत्र की गुणवत्ता पर पड़ेगा. विडंबना यह है कि इस बार दागी 251 प्रतिनिधियों में से 170 के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं. गंभीर आपराधिक मामलों में लिप्त सांसदों की संख्या में 2009 की लोकसभा के मुकाबले इस बार 124 फीसदी वृद्धि देखी गई है. निश्चय ही यह स्थिति बेहद चिंताजनक है. यह सवाल हर एक जागरूक नागरिक को विचलित कर रहा है कि कैसे संसद में दागियों के पहुंचने का द्वार बंद हो. दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की सजग पहल के बाद ही वर्ष 2020 में निर्देश दिए गए थे कि सभी राजनीतिक दल लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड को प्रकाशित करें. सभी राजनीतिक दल भारतीय लोकतंत्र में शुचिता के लिए सहमति बनाने की जरूरत है. नयी सरकार को इस दिशा में ठोस पहल करने की जरूरत है और विपक्ष के लिए भी अवसर है कि वह अपनी संख्याबल के सहारे चुनाव सुधार के लिए सरकार पर दबाव बनाए. यदि समय रहते इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं होती तो आने वाले वर्षों में अपराधिक रिकार्डधारी सदस्यों का प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जाएगा. इसके साथ ही बड़ा संकट यह भी है कि देश के निचले सदन में करोड़पति बने नेताओं का भी वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है. इस बार संसद में चुनकर आए सांसदों में 504 करोड़पति हैं.

> दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की सजग पहल के बाद ही वर्ष 2020 में निर्देश दिए गए थे कि सभी राजनीतिक दल लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड को प्रकाशित करें.


### सुभाषित

**गुणवन्तः क्लिश्यन्ते प्रायेण भवन्ति निर्गुणाः सुखिनः।**
**बन्धनमायान्ति शुकाः यथेष्टसंचारिणः काकाः॥**


गुणवान को क्लेश भोगना पड़ता है और निर्गुण सुखी रहता है जैसे कि तोता अपनी सुन्दरता के गुण के कारण पिंजरे में डाल दिया जाता है, किन्तु कौवा आकाश में स्वच्छन्द विचरण करता है.

# बहाल हो गया है लोकतांत्रिक संतुलन

**ऐसे माहौल में ऐसी झूठी सामाजिक सहमतियां बनाना कठिन हो जाता है, जो व्यक्तियों को शक्तिहीन करती हों. केवल सत्ता के एक के हाथ से दूसरे के हाथों में जाने की संभावना ही भारत के अभिजात वर्ग और स्वतंत्र संस्थाओं में व्याप्त शासकों की गुलामी की प्रवृत्ति के रास्ते की रुकावट बन जाती है. यह चुनाव भारतीय राजनीति की सामाजिक कल्पना की पुनर्संरचना है. पिछले दशक में भाजपा ने भारतीय राजनीति की सामाजिक कल्पना को पुनर्संयोजित करके पारंपरिक राजनीतिक बुद्धिमत्ता को उलट दिया था.**




• देश-काल


प्रताप भानु मेहता

2024 का आम चुनाव एक अद्भुत क्षण है. निराशा का माहौल, अधिनायकवाद की दमघोंटू छाया और सांप्रदायिकता की घिनौनी हवाएं, कम से कम फिलहाल के लिए, शांत हो गई हैं. 'एनडीए' गठबंधन तीसरी बार सरकार बना सकता है. यह ऐसा मील का पत्थर है, जिसका उपहास नहीं किया जा सकता. लेकिन यह चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं था. खुद राजनीति के जारी रहने की संभावना ही दांव पर लगी थी. कम से कम, इन परिणामों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्राधिकार के बुलबुले में सुई चुभो दी है. उन्होंने इस पूरे चुनाव को खुद अपना मुद्दा बना लिया था. अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन, अपनी सर्वशक्तिमानता और सर्वज्ञता, और अपनी वैचारिक सनक का मुद्दा बना लिया था. फिलहाल, मोदी न तो इतिहास में शामिल किये जाने वाले अजेय योद्धा रह गये हैं, न ही लोगों के बीच में उनकी कोई देवतुल्य छवि रह गयी है. आज, लोगों ने उनके आकार को काट-छांट कर उन्हें समझा दिया है कि आप भी अन्य सबकी तरह सिर्फ एक साधारण राजनेता ही हैं. यह चुनाव भारतीय राजनीति के कई आयामों में, एक क्रांतिकारी पुनर्गठन का पूर्वाभास देता है. सबसे पहले, यह विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच शक्ति का एक बेहतर संतुलन बहाल करता है. अगर चुनाव परिणाम ऐसे नहीं होते तो आज पूरे भारत पर भाजपा के अनियंत्रित प्रभुत्व के ग्रहण का खतरा मंडरा रहा होता. यह एक ऐसा प्रभुत्व था, जिससे हर तरह की राजनीति की संभावना के समाप्त हो जाने, सभी विरोधियों को निगल लिये जाने और सारे नागरिक समाज को उपनिवेश बना लिये जाने का खतरा पैदा होने लगा था.

भारत में अब एक बार फिर से एक गहन प्रतिस्पर्धी राजनीतिक प्रणाली बहाल हो गयी है. ऐसी राजनीति में ही नियन्त्रण और संतुलन तथा जवाबदेही संभव होती है. यह संतुलन आंशिक रूप से 'इंडिया' गठबंधन द्वारा संभव हुआ, खास तौर पर उत्तर प्रदेश में, जहां यह गठबंधन चमत्कारिक रूप से एकजुट रहा. हालांकि भाजपा ने अपना राष्ट्रीय वोट शेयर बरकरार रखा है, लेकिन उसे सीटें नहीं मिली हैं. यदि गठबंधन एकजुट रहता है तो यह एक स्थायी राजनीतिक ताकत बन सकता है. कम से कम, यह एक विकल्प के रूप में एक गंभीर दावेदार बन चुका है. अब 'कोई विकल्प नहीं है' वाली बात नहीं रही. इस बात को स्वीकार करना होगा कि ये नतीजे विपक्ष की उस अपराजेय दृढ़ता के लिए एक सम्मान-पत्र हैं, जिसने सरकार द्वारा निशाना बनाए जाने, शत्रुतापूर्ण मीडिया और गहरे संदेह से भरी हुई चुनाव प्रक्रिया के बावजूद पूरी ताकत से संघर्ष किया है. राहुल गांधी और अखिलेश यादव को, उन पर संदेह करने वालों (जिनमें मैं खुद भी शामिल हूं), को पूरी तरह गलत साबित करने, गठबंधन बनाने और अपने वोटों को स्थानांतरित करने में सक्षम होने के लिए मैं पूरे अंक देता हूं. यह चुनाव, आंशिक रूप से, लोकतंत्र पर छाये हुए खतरे, संस्थानों की गरिमा में गिरावट और संविधान पर जोखिम के विषय पर लड़ा गया था. एक बेहतर संतुलित राजनीति ही संस्थानों की गरिमा को फिर से बहाल करने की संभावना भी प्रदान करती है. स्वतंत्र संस्थाएं और नागरिक समाज भी तभी अधिक सशक्त महसूस करते हैं, जब वे अधिकाधिक राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के माहौल में रहते हैं. ऐसे माहौल में ऐसी झूठी सामाजिक सहमतियां बनाना कठिन हो जाता है, जो व्यक्तियों को शक्तिहीन करती हों. केवल सत्ता के एक के हाथ से दूसरे के हाथों में जाने की संभावना ही भारत के अभिजात वर्ग और स्वतंत्र संस्थाओं में व्याप्त शासकों की गुलामी की प्रवृत्ति के रास्ते की रुकावट बन जाती है.

यह चुनाव भारतीय राजनीति की सामाजिक कल्पना की पुनर्संरचना है. पिछले दशक में भाजपा ने भारतीय राजनीति की सामाजिक कल्पना को पुनर्संयोजित करके पारंपरिक राजनीतिक बुद्धिमत्ता को उलट दिया था. उसका पहला कदम हिंदुत्व पहचान को मजबूत करना था, जिसने आंशिक रूप से ओबीसी और दलितों को शामिल करने के लिए अपने सामाजिक आधार को व्यापक बनाने की कोशिश की. इसने अल्पसंख्यक वोट को अप्रासंगिक बनाने के लिए खंडित सामाजिक पहचानों की राजनीति का भी इस्तेमाल किया. लेकिन ये रणनीतियां अब अपना काम कर चुकी हैं. कुछ सबूत हैं कि दलित भाजपा से दूर चले गए हैं और, अधिक अविश्वसनीय रूप से, वे इंडिया गठबंधन की ओर बढ़ रहे हैं. अल्पसंख्यकों को आखिरकार कांग्रेस और सपा में ठोस भरोसा मिल गया है. प्रधानमंत्री ने लगातार आक्रोश और नफरत के मुद्दों का दोहन करते हुए यही कोशिश की. यह इतना सफल रहा था कि भाजपा के आलोचक भी हिंदी पट्टी को एक ऐसे अभेद्य ब्लॉक के रूप में देखने लगे थे, जिसके कारण देश में उत्तर-दक्षिण विभाजन एक विकल्प के रूप में उभरने लगा था. इस चुनाव की धमाकेदार कहानी ने इस मिथक को तोड़ दिया है, लेकिन इससे भी बड़ा सबक यह है कि राजनीति सामाजिक पहचान से बहुत ज्यादा निर्धारित नहीं होती है, यह अब अलग-अलग तरह के विभिन्न मुद्दों के आधार पर पुनर्गठित होने के लिए तैयार है. इस तरह के चुनाव में, सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष दोनों के लिए, चुनाव परिणाम और उसके नीतिगत निहितार्थ की व्याख्या करना कठिन है. एक हद तक मोदी के अभिमान को चूर कर दिया गया है, लेकिन सांप्रदायिकता और गैरक़ानूनी निगरानी समितियों की गुंडागर्दी वाले जिस सामाजिक ढांचे को उन्होंने मजबूत किया है, वह आसानी से खत्म नहीं होगा. यह स्वायत्त रूप से मजबूत होता रह सकता है. यह चुनाव इस बात का प्रमाण है कि सत्ता के संकेन्द्रण का रास्ता भारत के लिए उपयुक्त नहीं है. लेकिन क्या नया राजनीतिक विन्यास उस तरह की नीतिगत आम सहमति बनाने का माहौल बनाएगा, जो राष्ट्रीय पुनरुत्थान के लिए परिस्थितियां पैदा कर सके? यह एक खुला प्रश्न है. लेकिन अभी के लिए, यह स्वतंत्रता के उस मीठे अमृत का स्वाद लेने का क्षण है, जो बेहतर राजनीतिक प्रतिस्पर्धा लाती है.

**('द इंडियन एक्सप्रेस' से साभार)**

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## दूर दृष्टि आवश्यक

किसी समय एक व्यापारी माल की बहुत सारी बैलगाड़ियां भर कर साथियों के साथ दूसरे देश में जा रहा था. उसने रास्ते में खर्चे के लिए फुटकर सिक्कों का बोरा एक खच्चर पर लाद रखा था. जंगल में चलते हुए फुटकर सिक्कों का वह बोरा किसी तरह से फट गया और उसमें से बहुत से सिक्के निकल कर बाहर गिर गए. इसका पता चलने पर उस व्यापारी ने अपनी सभी बैलगाड़ियों को रोक दिया और वह सिक्के इक्कठे करने लगा. साथ के रक्षकों ने उस व्यापारी से कहा "क्यों कौड़ियों के बदले अपने करोड़ों के माल को खतरे में डाल रहे हो ? यहां इस खतरनाक जंगल में डाकू व चोरों का बड़ा आतंक है, अतः बैलगाड़ियों को शीघ्र आगे बढ़ने दो. रक्षकों की उचित सलाह को अस्वीकार करते हुए उस व्यापारी ने कहा, "भविष्य का लाभ तो संदिग्ध है, ऐसी दशा में जो कुछ उपलब्ध है, उसको छोड़ना उचित नहीं" और वह उन फुटकर सिक्कों को इक्कठा करने में जुट गया. साथ के अन्य लोग और रक्षक उस व्यापारी के माल से भरी बैलगाड़ियों को वहीँ छोड़, आगे बढ़ गए. व्यापारी सिक्कों को इक्कठा करता रह गया और बाकी सभी साथी उस जंगल से चले गये. उस व्यापारी के साथ रक्षकों को न देखकर, डाकुओं ने उस पर हमला कर दिया और उसका सारा माल लूट लिया. उस व्यापारी की तरह जो मनुष्य तुच्छ सांसारिक सुखों में आसक्त होकर मोक्ष प्राप्ति के सारे उपाय छोड़ देते हैं, वे संसार में अनंतकाल तक भ्रमण करते हुए वैसे ही दुखी होते हैं जैसे कौड़ियों के लोभ में, करोड़ों की संपत्ति लुटा देने वाला वह व्यापारी. जो अच्छे कर्म के अच्छे प्रतिफल के बारे में शंकित रहते है और येन केन उपलब्ध कैसे भी कर्मों से मजा उठाने की विचारधारा में ही जीते है, उनकी दशा इस व्यापारी के समान होती है. वे शाश्वत सुख के अस्तित्व से संदेहग्रस्त होकर क्षणिक सुख के प्रलोभन में मदहोश हो जाते है. इसलिए मनीषी ऋषि, मुनि ने संसारियों को सचेत करते रहे हैं कि यह संसार क्षणभंगुर हैं, इसलिए उन मार्गों पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है, जो मोक्ष की ओर ले जाते हैं. जो इस बात को नहीं समझते वे जीवन भर भटकते रह जाते हैं, मरीचिका के जल से अपनी प्यास बुझाना चाहते हैं, उसके लिए दौड़ लगाते रह जाते हैं, लेकिन अंततः उन्हें कुछ भी प्राप्त नहीं हो पाता और अपने जीवन की इतिश्री कर लेते हैं. आवश्यक है कि समय रहते इस पर विचार कर लिया जाये.

## विपक्ष को दरकिनार करने का तरीका नामंजूर

• सियासत

**अनिल सिन्हा**

इस बार के आम चुनाव पिछले चुनावों से कई मायनों में अलग रहे. इस बार सबसे बड़ा सवाल यह था कि लोकतंत्र विभिन्न पक्षों की भागीदारी से चलेगा या नहीं. संभवतः यह देश का पहला चुनाव था, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच किसी भी मुद्दे पर सहमति नहीं थी. देश की राजनीति में आम सहमति का इस तरह टूट जाना बेहद महत्वपूर्ण घटना मानी जा सकती है. आम सहमति खत्म हुई, ऐसा नहीं कि विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच पहले भारी टकराव नहीं हुए हैं. 1975 में लगा आपातकाल का टकराव आज के मुकाबले ज्यादा गंभीर था, लेकिन उस समय भी विदेश नीति और कल्याणकारी कार्यक्रमों को लेकर आम सहमति थी. आपातकाल के ठीक पहले तक संसद और अन्य मंचों पर विपक्ष के साथ सत्ता का संवाद भी जारी था. विरोधी विचारों को सुनने की सरकार की क्षमता काफी अधिक थी. आपातकाल की छोटी सी अवधि को छोड़ दें तो सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सहमति का ऐसा लोप कभी नहीं हुआ था. हालात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मणिपुर की हिंसा पर प्रधानमंत्री की राय सुनने के लिए विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव का सहारा लेना पड़ा. सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच संवाद के अभाव को हम उन फैसलों में भी देख सकते हैं, जिनमें विपक्ष की भागीदारी शून्य थी. नोटबंदी और कोरोना लॉकडाउन ऐसे ही फैसले थे. वैसे भी पिछले एक दशक में बिना बहस के पास होने वाले विधेयकों की संख्या पहले से काफी ज्यादा रही. जरूरी मुद्दों पर सर्वदलीय बैठकों की संख्या भी ना के बराबर रही. नौबत यहां तक आ गई कि सत्ता और विपक्ष का टकराव करीब-करीब दुश्मनी में बदलता दिखने लगा. सत्ताधारी भाजपा की पूरी कोशिश रही कि विपक्ष को देश का दुश्मन साबित किया जाए. सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर चीन या पाकिस्तान के लिए काम करने का आरोप लगाया गया. भाजपा बार-बार कांग्रेस मुक्त भारत का नारा भी दोहराती रही. इन चुनावों के दौरान भी विपक्ष को दुश्मन मानने की अपनी सोच का सत्ता पक्ष ने खुलकर प्रदर्शन किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद कांग्रेस के घोषणा-पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप होने की बात कही. देखा जाए तो यह बहुत गंभीर आरोप है. कांग्रेस के लिए इससे अपमानजनक कुछ हो नहीं सकता है. कांग्रेस ने आजादी के आंदोलन के दौरान लीग से सिर्फ एक बार, 1916 में समझौता किया था, जो लखनऊ पैक्ट के नाम से जाना जाता है. इसमें लोकमान्य तिलक और मोहम्मद अली जिन्ना ने अहम भूमिका निभाई थी. इसके बाद लीग और कांग्रेस कभी साथ नहीं आई. इसके उलट हिंदू महासभा ब्रिटिश भारत के तीन मुस्लिम बहुल प्रांतों में लीग की सरकारों में शामिल हुई. सरकार के रवैये का अंदाजा इस बात से भी होता है कि चुनाव के ठीक पहले ही नहीं, उसके बीच में भी विपक्ष के नेताओं के खिलाफ एजेंसियों का इस्तेमाल बदस्तूर होता रहा. दो पार्टियों के प्रमुख नेता इस दौरान जेल भेज दिए गए. दोनों अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्री भी थे. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जेल जाना तय हो जाने के बाद इस्तीफा दिया. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा नहीं दिया. सुप्रीम कोर्ट की दखल के बाद उन्हें चुनाव प्रचार के लिए कुछ समय तक जेल से बाहर आने का मौका मिला, लेकिन सोरेन को यह सुविधा भी नहीं मिली. विपक्ष को अपमानित करने में सत्ता पक्ष ने परहेज नहीं किया. प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर सत्ता में आने के बाद लोगों की संपत्ति छीन कर अल्पसंख्यकों को देने की साजिश रचने का आरोप लगाया. कांग्रेस ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन बताया. इस मामले में चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठे. प्रधानमंत्री के खिलाफ 14 शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन आयोग ने भाजपा के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री कार्यालय को महज हिदायत भेजकर छुट्टी पा ली. हालांकि इसी तर्ज पर राहुल गांधी के बजाय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को नोटिस भेजा गया. बहरहाल, चुनाव नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि आम मतदाताओं को शासन करने का यह तरीका पसंद नहीं आया. 2014 के बाद 2019 में मोदी की अगुआई वाली पार्टी को पहले से ज्यादा सीटें देने वाली जनता ने इस बार उसे बहुमत से भी नीचे ला दिया तो उसमें छुपे इस संदेश को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता.

> सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर चीन या पाकिस्तान के लिए काम करने का आरोप लगाया गया. भाजपा बार-बार कांग्रेस मुक्त भारत का नारा भी दोहराती रही. इन चुनावों के दौरान भी विपक्ष को दुश्मन मानने की अपनी सोच का सत्ता पक्ष ने खुलकर प्रदर्शन किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद कांग्रेस के घोषणा-पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप होने की बात कही.

## उप्र में धमाकेदार, बिहार में फीका

• सामयिकी

**रवींद्र पटवाल**

2024 लोकसभा के नतीजे अब सबके सामने हैं. भारतीय जनता पार्टी को अहसास था कि इस बार का चुनाव उसके लिए कैटवॉक नहीं होने जा रहा है. ऐसे में उसकी चुनावी रणनीति में उत्तर प्रदेश का रण सबसे अहम बन चुका था. 2014 में भाजपा यूपी से 71 सीटें जीतने में सफल रही थीं, लेकिन 2019 में यह ग्राफ गिरकर 62 हो गया था, लेकिन पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में भाजपा की जोरदार बढ़त ने इस कमी को महसूस नहीं होने दिया था. 2024 लोकसभा चुनाव से पहले हरचंद कोशिश की गई कि समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) एक बार फिर से गठबंधन में चुनाव न लड़ पाएं, तो नतीजे एकतरफा भाजपा के पक्ष में जाने तय हैं. लेकिन उत्तर प्रदेश के चुनाव परिणाम न सिर्फ भाजपा, बल्कि सभी चुनाव विश्लेषकों के लिए हैरत में डालने वाले हैं. भाजपा 2019 के प्रदर्शन से ही पीछे ही नहीं रह गई, बल्कि वह राज्य में दूसरे नंबर की पार्टी हो चुकी है. 37 लोकसभा सीट के साथ समाजवादी पार्टी ने अब तक का सबसे शानदार प्रदर्शन किया है. भाजपा 33, राष्ट्रीय लोकदल 2 और अपना दल एक सीट के साथ एनडीए के पास 80 सीटों में सिर्फ 36 सीटें ही हाथ आई हैं. कांग्रेस भी 2019 के अपने प्रदर्शन को पीछे छोड़ 6 सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही है. एक सीट पर चन्द्रशेखर आजाद की जीत भी कहीं न कहीं इंडिया गठबंधन के पक्ष में कही जा सकती है. दूसरी तरफ बिहार के नतीजे कहीं से भी इंडिया गठबंधन के मनमुताबिक नजर नहीं आते हैं. पिछले विधान सभा चुनाव में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बिहार में बनते-बनते रह गई थी. ऐसा माना जा रहा था कि 2024 आम चुनाव में इस बार महागठबंधन भारी उलटफेर करने में कामयाब रहेगा, लेकिन नतीजे साफ़ बताते हैं कि इस बार भी उसके हाथ मायूसी लगी है. 40 में से 30 सीट जीतकर एनडीए गठबंधन ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मौका देने में अपनी अहम भूमिका निभाई है. इंडिया गठबंधन हालांकि 2019 की तुलना में अपने प्रदर्शन को बेहतर करने में कामयाब रहा है, लेकिन मात्र नौ सीटों पर जीत उसके सही पोटेंशियल को दर्शाने के लिए नाकाफी कहा जा सकता है. इंडिया गठबंधन के यदि तीन युवा चेहरों का आकलन किया जाये तो राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव में सबसे पहले तेजस्वी यादव को ही पहलकदमी लेने वाला नेता माना जा रहा था. इसमें राहुल गांधी की भूमिका हालांकि इन दोनों नेताओं से अलग है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग मुकाम उन्हें भी 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद ही मिल सका. अखिलेश यादव 2012 में ही उत्तर प्रदेश जैसे सबसे बड़े राज्य के मुख्यमंत्री पद को संभाल चुके थे, लेकिन यह सफलता उन्हें अपने पिता स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के दिशानिर्देशन के तहत हासिल हुई थी. इसके बाद वे लगातार दो चुनावों में हार चुके थे और लोकसभा चुनाव में सपा की भूमिका को कभी महत्व नहीं दिया गया. आज बहुसंख्य आम जन के बीच यह सवाल कौंध रहा है कि यूपी जैसे कठिन रणक्षेत्र में सपा-कांग्रेस कैसे इतनी बड़ी जीत हासिल कर सकी, जबकि बिहार में भी आरजेडी, कांग्रेस, लेफ्ट का कहीं ज्यादा मजबूत जनाधार और लालू प्रसाद यादव का मार्गदर्शन मौजूद था, फिर विपक्ष बिहार में उस प्रदर्शन को दोहरा पाने में क्यों विफल रहा? यहां पर गौरतलब है कि अखिलेश यादव की छवि अभी तक एक ऐसे नेता की बनी हुई थी, जो ऐन चुनाव के वक्त ही सक्रिय होते हैं.उनके पास अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाने के अलावा कुछ खास नहीं होता है. वे भाजपा की बुलडोजर नीति की खुलकर मुखालफत करने से बचते आये हैं. उत्तर प्रदेश में मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ राजकीय हमलों की बात तो छोड़ ही दें, उनकी पार्टी के कद्दावर अल्पसंख्यक नेता तक की मदद और संघर्ष में वे फिसड्डी साबित हुए थे. वहीं दूसरी तरफ, तेजस्वी यादव की छवि में लगातार इजाफा हुआ है. जेडीयू-आरजेडी गठबंधन सरकार ने 17 महीने के अल्पकाल में बिहार के लाखों युवा बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देकर तेजस्वी की छवि को कई गुना बढ़ा दिया था. बिहार में आमतौर पर यह माना जा रहा है कि 2025 विधान सभा चुनाव में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में ही राज्य का उद्धार संभव है.लेकिन चुनावी परिणाम तो इस तथ्य से चुगली खाते हैं. इंडिया गठबंधन बिहार में क्यों फिसड्डी साबित हुआ, को जानने के लिए हमें मार्च 2024 के घटनाक्रम की पड़ताल करनी होगी.

> इंडिया गठबंधन के यदि तीन युवा चेहरों का आकलन किया जाये तो राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव में सबसे पहले तेजस्वी यादव को ही पहलकदमी लेने वाला नेता माना जा रहा था. इसमें राहुल गांधी की भूमिका हालांकि इन दोनों नेताओं से अलग है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग मुकाम उन्हें भी 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद ही मिल सका.

### मीडिया में अन्यत्र

## बहुलता की वकालत : चुनाव बाद सर्वे

**शासन प्रणाली** से संतुष्टि के स्तर में गिरावट, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में ठहराव, क्षेत्रीय दलों की सुदृढ़ता एवं कांग्रेस पार्टी का कायाकल्प और हिंदी पट्टी में हाशिए पर रहने वाले वर्गों के बीच हिंदुत्व के असर का लुप्त होना. सीएसडीएस-लोकनीति के चुनाव बाद सर्वेक्षण के मुताबिक, इन सभी कारकों ने 2024 के आम चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के कम बहुमत में योगदान दिया. अपने चुनाव-पूर्व सर्वेक्षण में, इस एजेंसी ने संकेत दिया था कि "बेरोजगारी" और "महंगाई" अधिकांश मतदाताओं के लिए प्रमुख मुद्दे थे और एनडीए के पक्ष में 46 फीसदी के मजबूत समर्थन के बावजूद, सत्ताधारियों का समर्थन करने वालों का एक हिस्सा चुनाव के दौरान विपक्ष का समर्थन करने के लिए राजी था. एनडीए का 43.6 फीसदी का अंतिम मत प्रतिशत, इस साल के गठबंधन के घटकों को 2019 में मिले मत से 1.4 अंक कम था. जबकि इंडिया ब्लॉक ने महत्वपूर्ण रूप से 41.4 फीसदी लोगों (अगर तृणमूल कांग्रेस के मत प्रतिशत को जोड़ लिया जाए) का समर्थन हासिल किया, जो कि 2019 में उसे हासिल हुए मत से एक बड़ी छलांग है. लोकनीति के मुताबिक, पिछले लोकसभा चुनाव में बालाकोट कार्रवाई, पीएम-किसान योजना और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 फीसदी आरक्षण ने भारतीय जनता पार्टी को 303 सीटों के साथ जीत हासिल करने में मदद की थी.



लेकिन इस बार, कई धारणाओं और राजनीतिक मुद्दों ने इस पार्टी को उसके गढ़ों में ही बांध दिया. यहां तक कि ओडिशा और तेलंगाना में मिली बढ़त भी हिंदी पट्टी में इसके नुकसान की भरपाई करने के लिए नाकाफी साबित हुई. उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में दलितों, अन्य पिछड़े वर्गों एवं अल्पसंख्यकों द्वारा कांग्रेस को मजबूत समर्थन दिए जाने और समाजवादी पार्टी द्वारा भाजपा के एजेंडे को संविधान के लिए खतरा बताने की रणनीति ने विपक्ष के अभियान को गति दी. जब उत्तर प्रदेश में लोगों से प्रधानमंत्री पद के लिए उनकी प्राथमिकता के बारे में पूछा गया, तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मोदी के मुकाबले चार अंकों की बढ़त (36 फीसदी बनाम 32 फीसदी) मिली, जिससे भाजपा को चिंतित होना चाहिए. साफ है कि पार्टी अब उत्तराखंड, गुजरात, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों, जहां एक मेहनती विपक्ष की कमी है, को छोड़कर हिंदुत्व पर एक मजबूत कारक के रूप में भरोसा करने की उम्मीद नहीं कर सकती है. इंडिया ब्लॉक के लिए और खासतौर पर कांग्रेस के लिए, उसके विश्वसनीय प्रदर्शन के बावजूद, इन राज्यों में काम निर्धारित है. कांग्रेस ने कर्नाटक में 2023 के विधानसभा चुनावों के मुकाबले अपना मत प्रतिशत भी बढ़ाया, लेकिन एनडीए का मजबूत सामाजिक गठबंधन उन बढ़े हुए मतों को ज्यादा सीटों में तब्दील करने की राह में एक बाधा साबित हुआ. **(द हिंदू)**

### शब्द चर्चा

**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय**

## जन/जनि/जनी

**वैष्णव** जन तो तेने कहिए, जे पीड़ पराई जाणे रे. यह बहुत प्रसिद्ध भजन है, जिसे महात्मा गांधी भी गाया करते थे. इस भजन का मतलब यही है कि भगवान विष्णु का भक्त या अनुयायी वही है, जो दूसरों के दर्द को समझ सकता है. हमारी सनातन संस्कृति में दया, करुणा, ममता और अहिंसा को सर्वोपरि स्थान दिया गया है. भजन के पहले दो शब्द वैष्णव और जन पर विचार करते हैं तो वैष्णव उस व्यक्ति को कहा जाता है, जो भगवान विष्णु को अपना इष्टदेव मानता है. जन संस्कृत तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका अर्थ है व्यक्ति, मनुष्य, सर्वसाधारण लोग, मनुष्यों का समूह, लोक, जनता, प्रजा, अनुचर, अनुयायी, दास, नौकर, कल्पित सात लोकों में पांचवां लोक. राजनीति में विशेषकर चुनाव के समय जनादेश शब्द का प्रयोग खूब होता है. इस जनादेश में दो शब्द हैं-जन और आदेश. यानी देश चलाने के लिए वोट द्वारा जनता जिसे आदेश देती है, वही सरकार बना कर शासन करता है. जनतंत्र, जनसेवा, जनसभा, जनहित आदि शब्दों की पहुंच जन-जन तक है. जन से ही जनता शब्द की उत्पत्ति हुई है, जिसका अर्थ है लोक, जनसमूह, किसी देश या क्षेत्र के समस्त निवासी, जन का भाव, आम नागरिक, सर्वसाधारण, अंग्रेजी भाषा में पब्लिक. वह गाना आपने सुना ही होगा-ये पब्लिक है सब जानती है, लेकिन सच तो यही है कि सब जानने के बाद भी नेताओं की झूठी बातों को सच मानती है और बेवकूफ बन जाती है. फारसी भाषा में इसके ही समान शब्द है ज़न, जो संज्ञा स्त्रीलिंग है. इसका मतलब है स्त्री, नारी, पत्नी, बीवी, जोरू. संस्कृत तत्सम शब्द संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है जनि. इसका अर्थ है उत्पत्ति, जन्म, पैदाईश, स्त्री, नारी, माता, पत्नी, पुत्र-वधू. सुनने में इसके जैसा ही लगने वाला शब्द है जनी. संज्ञा स्त्रीलिंग के रूप में इसका मतलब है प्रकृति, जन्म देनेवाली माता, दासी, अनुचरी, बेटी, स्त्री, लेकिन विशेषण के रूप में जिसे जना गया हो, पैदा की हुई.

## ऐसा मौका फिर कहां मिलेगा ?

• तीर-तुक्का

**रवि प्रकाश**



विधायकों के सच पूछो तो असली मजे तब होते हैं, जब विधानसभा के चुनाव के बाद भी किसी को पूरा बहुमत न मिले. दो-दो, चार-चार विधायकों के इधर से उधर होने पर सरकार बनने और बिगड़ने की जब स्थिति आती है, तब विधायकों की पांचों उंगलियां घी में हो जाती हैं. पार्टियों के नेतागण उन्हें एयर कंडीशंड बसों में बिठाकर होटल और रिसॉर्ट में घुमाने के लिए ले जाने में लग जाते हैं. दामादों की तरह विधायकों की खातिरदारी होती है. कीमती हीरे जवाहरातों की तरह उनकी निगरानी की जाती है और वे कहीं भाग न जाएं, इसके लिए बाकायदा उन्हें खूंटे से बांधकर रखा जाता है. यह जानकारी तो नहीं मिली कि जिस कमरे में विधायक को रखा जाता है, उसका दरवाजा बाहर से चाबी लगाकर बंद होता है अथवा नहीं होता है, लेकिन विधायकों के मोबाइल रखवा लिए जाते हैं और उन्हें बाहर की दुनिया से संपर्क करने की अनुमति नहीं होती है. मेरी दृष्टि में यह विधायकों की खुले बाजार में बिक्री पर रोक लगाने जैसा कदम है. इसका समर्थन कैसे किया जा सकता है? हर व्यक्ति को अपने आपको बेचने का हक है और ज्यादा से ज्यादा कीमत पर बेचने का हक है. अब यह कोई पिकनिक का टूर तो है नहीं कि दस विधायक बस में बैठे और पिकनिक मनाने चले गए. विधायकों को भी पता है कि हमें सौदेबाजी से रोकने के लिए यह सब हलवा-पूरी खिलाई जा रही है. लेकिन वह इसे अपनी बेइज्जती भी नहीं कह सकते. सबको मालूम है कि अगर इन्हें खुला छोड़ा तो ये बिक जाएंगे और पैसे पकड़ लेंगे. विधायकों का कोई रेट ऐसी हालत में नहीं होता. जितने में सौदा पट जाए, वह कम ही कम है. शुरू में जरूर प्रति-विधायक रकम कम होती होगी, लेकिन जैसे-जैसे बहुमत के लिए विधायकों को जुटाने की जरूरत बढ़ती जाती है, वैसे वैसे विधायकों की कीमत भी बढ़ती जाती है. आखिर में जब एक-दो विधायक रह जाते होंगे, जिनके बारे में यह निश्चित नहीं होता कि वे किसके पाले में जाएंगे तो निश्चित रूप से उनका सौदा किसी रियासत को जीतने और हारने की तरह होता होगा. हो सकता है कि तराजू के एक पलड़े पर विधायक बैठ जाते हों और दूसरे पर सोना और हीरा जवाहरात रखा जाता हो. कुछ भी हो सकता है. यह केवल अनुमान की बात है कि सरकार बनने के बाद चालू लोगों की कितनी कमाई होती है. जो लोग सरकार की कार्यप्रणाली के बारे में जानते हैं, उन्हें मालूम है कि छोटी-छोटी चीजों से सौ-पचास करोड़ कमा लिए जाते हैं. आप देख रहे हैं आजकल कि कोई भी घोटाला हो, हजार करोड़ से कम का नहीं होता, बल्कि लाख पचास हजार करोड़ के घोटाले अब मामूली बात हो गई. विधायक के असली रेट का केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है.

# Her Story

# मुस्कुराएगी धरती





फोर्ब्स की एक रिपोर्ट के शावर टाइम में बस दो मिनट कमी कर दें तो 30 प्रतिशत तक पानी आराम से बचाया जा सकता. इसी तरह दांतों में ब्रश करते समय और शेविंग के समय यदि बेसिन का नल बंद रखने की आदत पालें तो करीब सौ गैलन पानी एक महीने में आराम से बचा सकते हैं.

अब इस निष्कर्ष पर लोग पहुंच रहे कि शाकाहार को अपना कर हम प्रकृति के अधिक नजदीक रह सकते. एक पौंड गेंहू को उगाने में जहां 25 गैलन पानी की खपत होती है, वहीं एक पौंड मांस के उत्पादन के लिए 25 सौ गैलन पानी लग जाते हैं. वहीं मांसाहारी भोजन को पकाने में भी अपेक्षाकृत अधिक ऊर्जा की खपत करनी पड़ती है.





एक रिर्पोट के अनुसार लीक करते टैप से सप्ताह भर में 50 लीटर से अधिक पानी बर्बाद चला जाता है. घर के किसी टैप से यदि पानी लीक हो रहा है तो नजरअंदाज न करें, बल्कि तुरंत पलम्बर बुलाएं.

- यदि आरओ से निकलने वाले वेस्ट वाटर को किसी बाल्टी या पात्र में जमा करें तो गाड़ी साफ करने, बागवानी, घर साफ करने आदि कई इस्तेमाल में लिया जा सकता. टॉयलेट में ड्वेल फ्लश सिस्टम से पानी की खपत पर आवश्यकतानुसार नियंत्रण किया जा सकता.
- जब आप दूध के पैकेट खोलें तो उसका छोटा पीस अलग नहीं करें, पैकेट में कट लगा कर दूध निकाल लें. ऐसा करके हम बड़ी संख्या में प्लास्टिक के छोटे टुकड़े कचरे में जाने से बचा लेंगे. प्लास्टिक के छोटे टुकड़े रिसाइकिल नहीं हो पाते.

## उपहार में प्यार




जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या अन्य मौकों को यादगार बनाने के लिए पेड़ लगाएं. उपहार में देने के लिए भी बुके की जगह पौधे दें. कोई दूसरा उपहार भी दे रहे हैं तो उसे रैप करने के लिए प्लास्टिक या पेपर यूज करने की जगह सूती कपड़े का उपयोग करें. एक तो यह रिसाइकिल आसानी से होगा. दूसरा जिसे उपहार दे रहे हैं, वह रैपर भी उपयोग कर लेंगे. किताबें बेशक अच्छी हैं पर उपहार में देने के लिए नहीं. पढ़ने के लिए लाइब्रेरी का उपयोग पर्यावरण के लिहाज से बेहतर है.

## दीवारों को जब सजाना हो



ऑयल पेंट की जगह लेटेक्स पेंट पर्यावरण के लिहाज से अधिक बेहतर है, क्योंकि ऑयल पेंट हाइड्रोकार्बन छोड़ते हैं. साथ ही पेल कलर लगाना भी बेहतर होगा. इससे रोशनी के लिए कमरे में अधिक बल्ब की दरकार नहीं होती. जाहिर है इससे ऊर्जा की बचत होगी. साफ सफाई के समय फ्रीज के पिछले हिस्से की सफाई पर खास ध्यान दें. एक्सपर्ट के अनुसार धूल भरे क्वॉइल्स उर्जा की खपत को तीस प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं. यही हाल बल्ब का भी है. इन्हें भी समय समय पर साफ करें. जब कभी इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदें, कोशिश करें फाइव स्टार रेटिंग का लें जो कम बिजली की खपत करे.

# जलवायु परिवर्तन की मार झेलती स्त्रियां



डॉ विनीता परमार

*पिछले साल से लगातार बढ़ते वैश्विक तापमान की वजह से इस वर्ष भी पूरा देश भीषण गर्मी और लू से झुलस रहा है. अभी बीते दिनों उत्तराखंड के जंगलों की आग की धधक हम तक पहुंची थी. बढ़ती गर्मी के प्रकोप की वजह से दुनिया भर में हर वर्ष करीब 1.53 लाख लोग मौत के शिकार हो जा रहे हैं. इसमें यह भी एक कटु यथार्थ है कि 20 प्रतिशत मौतें अकेले भारत में होती हैं, जो सबसे ज्यादा है. बढ़ती गर्मी की बात होते ही भारतीय रसोई का दृश्य आंखों के सामने आता है जिसमें एक स्त्री जूझती हुई नज़र आती है, रोटियां बेलती वह स्त्री या तो हाउस हेल्पर है या घर की कोई महिला. जलवायु परिवर्तन का प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस किया जा रहा है, लेकिन भारतीय महिलाओं पर इसका असर बड़ा ही गहरा है. भारतीय महिलाओं के साथ विडंबना यह है कि वह खाना भी पका रही हैं दूसरी तरफ संसाधन भी जुटा रही हैं. शहरी महिलाओं की स्थिति थोड़ी संतोषजनक है तो ग्रामीण महिलाएं जलवायु परिवर्तन के कारण फसल उत्पादन में गिरावट, अनियमित वर्षा, सूखा, और बाढ़ जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, जिससे महिलाओं की आजीविका पर गहरा असर पड़ा है.*

*बढ़ती गर्मी की बात होते ही भारतीय रसोई का दृश्य आंखों के सामने आता है जिसमें एक स्त्री जूझती हुई नज़र आती है, रोटियां बेलती वह स्त्री या तो हाउस हेल्पर है या घर की कोई महिला. जलवायु परिवर्तन का प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस किया जा रहा है, लेकिन भारतीय महिलाओं पर इसका असर बड़ा ही गहरा है.*



## दूर, बहुत दूर हो रहा पानी

भारतीय ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं प्रायः पानी लाने का काम करती हैं. जलवायु परिवर्तन के कारण पानी के स्रोत सूख रहे हैं और पानी की कमी बढ़ रही है. इससे महिलाओं को अधिक दूरी तक पानी लाने के लिए जाना पड़ता है या टैंकर से पानी लेने की लाइन में लगना पड़ता है. खाना बनाती स्त्री रसोई के सारे समान की व्यवस्था के साथ पानी, लकड़ी या गैस का जुगाड़ करने में गहन मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की स्थिति से गुजरती हैं.



## बीमारियों का बढ़ता खतरा

जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि उत्पादन में कमी और प्राकृतिक आपदाओं के बढ़ते खतरे से महिलाओं की आर्थिक स्थिरता खतरे में पड़ जाती है. इससे उनकी वित्तीय स्थिति कमजोर होती है और गरीबी बढ़ने का खतरा रहता है. बढ़ते तापमान और बदलते मौसम के पैटर्न के कारण स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही है. उदाहरण के लिए, गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक, मलेरिया, और डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ता है, जो महिलाओं को विशेष रूप से प्रभावित करता है. हाल में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा कराए गए एक आंतरिक शोध के अनुसार बिहार, गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना में महिलाओं और बच्चों पर जलवायु परिवर्तन का असर सीधे देखने मिल रहा है जो उनके पोषण और स्वास्थ्य के साथ जुड़ा हुआ है. प्रदूषण और खान-पान का असर बच्चों में बौनापन, कम वजन और जल्दी गर्भधारण की संभावना आदि के रूप में देखी जा रही है.








## प्रभावित हो रहे नौनिहाल

हमारे देश के करीब 51 प्रतिशत बच्चे गरीबी और जलवायु संकट की दोहरी मार झेलने को मजबूर हैं. आंकड़ों के मुताबिक भारत के करीब 35.2 करोड़ बच्चे वर्ष में एक प्राकृतिक आपदा का सामना जरूर करते हैं. पानी लाने और घर के अन्य कार्यों में अधिक समय लगाने के कारण लड़कियों की शिक्षा पर भी असर पड़ता है. इससे उनकी शिक्षा में रुकावट आती है और वे उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं.

## छूट रहा घर-द्वार



जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं की वजह से लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं. इस स्थिति में विस्थापन के कारण महिलाओं को न केवल नई जगहों पर जाकर बसना पड़ता है, बल्कि उन्हें सामाजिक असुरक्षा और हिंसा का भी सामना करना पड़ रहा है. पिछले दिनों समाचारों में विस्थापन शिविरों में इस तरह की घटनाओं का जिक्र रहा. जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के कारण महिलाओं की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है. प्राकृतिक आपदाओं के दौरान और बाद में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामले बढ़ जाते हैं. वायु प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता खराब हो गई है. जिसका सीधा प्रभाव महिलाओं पर पड़ा है, साथ ही रसोई में काम करनेवाली स्त्रियों के स्वास्थ्य पर प्रत्यक्ष असर पड़ा है.

## नीति निर्माण में रखें ध्यान




हमारे देश में राजनेताओं के साथ जनता के लिए भी पर्यावरण संकट कभी मुद्दा नहीं रहा और शायद यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न संकट विकराल हो चला है. जलवायु परिवर्तन का भारतीय महिलाओं पर गहरा और बहुआयामी प्रभाव पड़ रहा है. इसके समाधान के लिए आवश्यक है कि नीतियों में महिलाओं की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाए और उन्हें जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन और नीतियों के निर्माण में शामिल किया जाए. महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक स्थिरता को सुनिश्चित करना आवश्यक है ताकि वे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का सामना कर सकें और अपने समुदायों की सहायता कर सकें.

# वाह! रिंकल अच्छे हैं, इनसे बढ़ रही धरती की खूबसूरती

**क्या आपको पता है कि कपड़ों के प्रत्येक सेट को इस्त्री करने से 200 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन होता है! इसलिए बिना इस्त्री किए हुए कपड़े पहनकर कोई भी 200 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को रोक सकता है. कुछ इन्हीं बातों का ध्यान रखते हुए अपने देश की अनुसंधान संस्था सीएसआईआर ने हाल ही एक मुहिम शुरू की है–रिंकल क्लॉथ ऑन मंडेज. सीएसआईआर के दफ्तर में अधिकारी-कर्मचारी अब सोमवार को बिना इस्त्री किए हुए कपड़े पहन कर दफ्तर आयेंगे. उनका नारा है – रिंकल अच्छे हैं (डब्ल्यूएएच यानी वाह). बेशक ऐसी पहल का स्वागत होना चाहिए. दैनिक जीवन में ऊर्जा बचाने के छोटे-छोटे उपाय महिलाएं अक्सर आजमाती हैं. आइए, ऐसे ही उपायों से हों रू-ब-रू**



## बनवाई हूं पॉलीमर के ट्रांसपेरेंट रूफ



बिंदु प्रसाद रिद्धिमा

1. हमने आंगन वाला घर बनवाया है जिसके ऊपर पॉलीमर के ट्रांसपेरेंट रूफ हैं. हमारे यहां अन्य घरों से सनलाइट दुगनी, चौगुनी मिलती है. दिन में घर के किसी भी कोने में लाइट्स, बल्ब की आवश्यकता नहीं है.
2. पानी का सरकारी कनेक्शन लिया हुआ है जिससे पानी के लिए मोटर पंप चलाने की आवश्यकता नहीं.
3. काव्य गोष्ठियों या डॉक्टर वाइव्स के मीटिंग में जाती हूं तो ज्यादातर हम पांच सहेलियां एक ही गाड़ी पूल करके आते जाते हैं जिससे मनोरंजन के साथ-साथ ऊर्जा की भी बचत होती है. घर के किसी भी मेंबर के जन्मदिन आदि पर फलवाले पौधे लगाने का रिवाज है.
4. घर पर रोजमर्रा उपयोग में आने वाले इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का समय-समय पर सर्विसिंग करवाती हूं ताकि इनसे ऊर्जा व्यर्थ बर्बाद नहीं हो.
5. कार स्कूटर के साथ-साथ फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर, रूम हीटर इत्यादि का कम से कम उपयोग तथा रखरखाव पर विशेष ध्यान देती हूं.



6. एयर कंडीशनर को 24 या 25 डिग्री तापमान पर कम स्पीड पंखे के साथ चलाती हूं, जिससे रूम जल्दी ठंडा हो जाता है. फिर एक-दो घंटे बाद एयर कंडीशनर ऑफ कर देती हूं, अगर रूम बराबर से बंद रहता है तो बहुत देर तक ठंडा भी रहता है.
7. रिमोट, चार्जर, स्टेबलाइजर इत्यादि को अगर प्रॉपर ऑफ न किया जाए तो एक छोटी सी एलइडी लाइट, इसकी जलती ही रहती है. इसे बंद करने की कोशिश में लगी रहती हूं.
8. सभी को बाल्टी मग से नहाने की सलाह देती हूं और खुद भी ऐसा ही करती हूं.
9. आजकल सोलर पैनल लगवाने के लिए कार्यरत हूं.

## डिटर्जेंट का कम करती उपयोग



गुड़िया झा

1. मैं घर में भी खुद के साथ बच्चों को सभी तैयारी कर नल खोलने को कहती हूं. अगर नल से पानी टपकता है तो जल्द ही उसे ठीक भी करवा लेती हूं. वॉशिंग मशीन या जब हाथ से भी कपड़े धोती हूं तो डिटर्जेंट का इस्तेमाल बहुत अधिक मात्रा में नहीं करती. क्योंकि इससे पानी की बर्बादी ज्यादा होती है और जब यह डिटर्जेंट वाला पानी किसी माध्यम से मिट्टी में पहुंचता है तो मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी समाप्त हो जाती है.
2. छत पर चिड़ियों के लिए खाना और पानी जरूर रखती हूं. जब भी मैं बाहर जाती हूं तो कपड़े का बैग ही उपयोग में लाती हूं.
3. किचन में भी सभी तैयारियां करने के बाद ही गैस जलाती हूं.

### ये उपाय भी काम के

- जब उपकरण उपयोग में नहीं होते हैं तब भी आउटलेट से बिजली लेते हैं. इसलिए जब इस्तेमाल नहीं हो रहे हों तो उन्हें प्लग से हटा कर स्विच ऑफ कर दें.
- ऊर्जा बचाने के लिए रेफ्रिजरेटर की सेटिंग धीमी रखें.
- सीएफएल और एलईडी बल्बों का उपयोग करें.
- सिफारिश के अनुसार एयर फिल्टर को साफ करें या बदलें. एसी और हीटर अन्य उपकरणों की तुलना में अधिक ऊर्जा की खपत करते हैं.
- डिशवॉशर और वॉशिंग मशीन को फुल लोड में चलाएं.
- डेस्कटॉप कंप्यूटर के बजाय लैपटॉप का उपयोग करने से काफी ऊर्जा बचाई जा सकती है.
- कंप्यूटर या लैपटाप को एनर्जी सेविंग मोड में चलाने से भी बिजली बचती है.
- स्क्रीन सेवर का उपयोग करने से बचना चाहिए, इससे भी बिजली ज्यादा खपत होती है.
- फ्रिज का दरवाजा बार-बार खोलने से भी बिजली की ज्यादा खपत होती है.
- जितनी ज्यादा रेटिंग वाला अप्लायंस हो वो उतनी ही ज्यादा बिजली बचाने में मदद करता है. जब भी नया अप्लायंस खरीदें कोशिश करें कि उसकी 5 या कम से कम 3 हो.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# स्पोर्ट्स+

**ब्रीफ खबरें**

### शॉटगन निशानेबाजी विश्व कप में लेगी भाग श्रेयसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह बुधवार को इटली के लोनाटो में शुरू होने वाले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भाग लेने वाले 12 भारतीय निशानेबाजों में शामिल होंगी. पुरुष और महिला ट्रैप क्वालीफायर के पहले तीन दौर में भारत प्रत्येक स्पर्धा में तीन सदस्यों के साथ मजबूत टीम उतारेगा.इस विश्व कप में जीते गए पदक निशानेबाजों को अंक दिला सकते हैं जिससे शॉटगन टीम की घोषणा से पहले उन्हें पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने में मदद मिलेगी.

### चेन्नईयन एफसी ने विलमर जॉर्डन गिल से अनुबंध किया

**चेन्नई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम चेन्नईयन एफसी ने आगामी सत्र से पहले कोलंबिया के स्टार स्ट्राइकर विलमर जॉर्डन गिल के साथ अनुबंध किया है. क्लब ने मंगलवार को यह घोषणा की.कोलंबिया का यह फुटबॉलर काफी अनुभवी है और इससे पहले दो सत्र में आईएसएल में खेल चुका है. विलमर ने 2022 में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी की तरफ से आईएसएल में पदार्पण किया था. इसके अगले सत्र में उन्होंने पंजाब एफसी की तरफ से प्रभावशाली प्रदर्शन किया था.

### एमएमए से जुड़ने वाले पहले भारतीय बनेंगे संग्राम सिंह

**मुंबई।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैंपियन संग्राम सिंह मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) से जुड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बनने के लिए तैयार हैं.संग्राम महिला पहलवान पूजा तोमर के बाद एमएमए फाइटर के रूप में प्रतिस्पर्धा करने वाले दूसरे भारतीय पहलवान बनेंगे. मंगलवार को यहां जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है. विज्ञप्ति के अनुसार संग्राम ने कहा,'कुश्ती ने मुझे बहुत कुछ दिया है जिसमें मेरे देश के लोगों का प्यार भी शामिल है .

### मिडफील्डर फ्रेंकी डी जोंग यूरो 2024 से हुए बाहर

**रोटरडम (नीदरलैंड)।** नीदरलैंड के मिडफील्डर फ्रेंकी डी जोंग टखने की चोट के कारण यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगे जिससे टीम की उम्मीदों को करारा झटका लगा है.नीदरलैंड के फुटबाल महासंघ ने बताया कि बार्सिलोना की तरफ से खेलने वाला यह स्टार फुटबॉलर जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 के लिए उपलब्ध नहीं रहेगा. नीदरलैंड की आइसलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 4-0 से जीत के दौरान डी जोंग बाहर बैठे रहे.नीदरलैंड के कोच रोनाल्ड कोमैन ने कहा, ''वह अगले तीन सप्ताह तक शीर्ष स्तर की फुटबॉल खेलने के लिए फिट नहीं हैं.

टी-20 विश्व कप में भारत बनाम मिनी भारत का मुकाबला आज

## अमेरिका के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने उतरेगी टीम इंडिया

**न्यूयॉर्क।एजेंसी**



मैच प्रारंभः भारतीय समयानुसार रात्रि 8 बजे.

भारत के चोटी के बल्लेबाज अमेरिका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के मैच में बेहतर प्रदर्शन करके आगे के कड़े मैचों के लिए लय हासिल करने की कोशिश करेंगे. अमेरिका की टीम भले ही अनुभवहीन है लेकिन उसने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और भारत उसे किसी भी तरह से कम आंकने की कोशिश नहीं करेगा. भारत के कितने भी अंक हों उसे अगले चरण के लिए ए1 के रूप में वर्गीकृत किया गया है और वह अमेरिका के खिलाफ जीत दर्ज करके सुपर 8 में अपनी जगह सुनिश्चित करना चाहेगा. नासाउ काउंटी मैदान की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल नहीं रही है लेकिन भारतीय बल्लेबाज पाकिस्तान के खिलाफ अपने प्रदर्शन को दोहराने से बचना चाहेंगे जब टीम ने 30 रन के अंदर अपने अंतिम सात विकेट गंवा दिए थे.अमेरिका के खिलाफ ढीला रवैया भारत को भारी पड़ सकता है क्योंकि यह टीम पहले पाकिस्तान को भी हरा चुकी है. अमेरिका की टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका भारत की तरफ से खेलने का सपना पूरा नहीं हो पाया था. इनमें सौरभ नेत्रवलकर और हरमीत सिंह भी शामिल हैं जिन्होंने अपनी टीम की तरफ से अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है. पिच के व्यवहार ने भले ही टीमों के बीच अंतर को कम कर दिया है लेकिन अमेरिका के लिए भारतीय टीम से पार पाना आसान नहीं होगा.

**अमेरिका की टीम में आठ भारतीय मूल के खिलाड़ी :** अमेरिका की टीम दूसरी भारतीय टीम की तरह नजर आती है क्योंकि उसमें भारतीय मूल के आठ खिलाड़ी हैं. इसके अलावा पाकिस्तानी मूल के दो तथा वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड का एक खिलाड़ी उसकी टीम का हिस्सा है.पाकिस्तान पर सुपर ओवर में जीत दर्ज करने के बावजूद अमेरिका के खिलाड़ियों की खास चर्चा नहीं है लेकिन भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन उन्हें क्रिकेट जगत में पहचान दिला सकता है. मोनंक पटेल, हरमीत, नेत्रवलकर, जेसी सिंह और नोशतुश केंजीगे की भारत से जुड़ी अपनी-अपनी कहानी हैं.

### रोहित व विराट की बल्लेबाली पर नजर

जब सामने रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी हों तो मुकाबला आकर्षक होना लाजमी है .कोहली और रोहित जैसे बल्लेबाजों को गेंदबाजी करना या बुमराह जैसे गेंदबाज का सामना करने का मौका हमेशा नहीं मिलता है और ऐसे में अमेरिकी खिलाड़ियों के लिए यह यादगार मौका होगा .भारतीय टीम टॉस जीतने पर निश्चित तौर पर पहले बल्लेबाजी करना चाहेगी . अगर भारत पहले गेंदबाजी करता है तो फिर बुमराह, मोहम्मद सिराज और रविंद्र जडेजा जैसे गेंदबाजों के सामने अमेरिका के लिए तिहरे अंक में पहुंचना भी मुश्किल होगा .

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद. सिराज.

**अमेरिका:** मोनंक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नीतीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रवलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर.

टी-20 विश्व कप के ग्रुप बी में कंगारू टीम का मुकाबला नामीबिया से

## ऑस्ट्रेलिया की नजरें सुपर आठ पर



**भाषा। नॉर्थ साउंड (एंटीगा)**

लगातार दो जीत से आत्मविश्वास से भरा पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां कम रैंकिंग वाले नामीबिया के खिलाफ ग्रुप बी मुकाबले में उतरेगा तो उसकी नजरें आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह पक्की करने पर टिकी होंगी. ऑस्ट्रेलिया ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया है और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन के आंकड़े को पार करने वाली एकमात्र टीम है. टीम ने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के खिलाफ पिछले लीग मैच में 36 रन की जीत के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी.ओमान को 39 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत करने वाले ऑस्ट्रेलिया के दो मैच में दो जीत से चार अंक हैं. स्कॉटलैंड की टीम तीन मैच में पांच अंक के साथ शीर्ष पर है. नामीबिया को हराकर ऑस्ट्रेलिया की सुपर आठ में जगह पक्की हो जाएगी जिसके बाद टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ ग्रुप बी का अपना अंतिम मैच खेलेगी. शीर्ष पर चल रहे स्कॉटलैंड के पास गत चैंपियन इंग्लैंड को पछाड़कर सुपर आठ में जगह बनाने का मौका है. इंग्लैंड के दो मैच में एक अंक हैं. स्कॉटलैंड के खिलाफ उसका पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था.ऑस्ट्रेलिया ने दो हफ्ते पहले अभ्यास मैच में नामीबिया को नौ विकेट पर 119 रन पर रोकने के बाद सात विकेट से जीत दर्ज की थी.

### डेविड वार्नर पर सभी की नजरें

ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना अंतिम विश्व कप खेल रहे डेविड वार्नर ने ओमान के खिलाफ अर्धशतक जड़ा और फिर इंग्लैंड के खिलाफ 16 गेंद में 39 रन बनाकर टीम के सात विकेट पर 201 रन के बड़े स्कोर की नींव रखी. वार्नर ने नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच में भी अर्धशतक जड़ा था. उन्होंने टूर्नामेंट में 141.79 के स्ट्राइक रेट से 97 रन बनाए हैं. वार्नर के सलामी जोड़ीदार ट्रेविस हेड भी अच्छी फॉर्म में हैं और दोनों ऑस्ट्रेलिया को एक बार फिर तेज शुरुआत देना चाहेंगे .नामीबिया को उम्मीद होगी कि ओमान के खिलाफ सुपर ओवर में जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी ऑलराउंडर डेविड वाइसे एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन करेंगे . यह ऑलराउंडर दक्षिण अफ्रीका की ओर से खेलते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में चार बार ऑस्ट्रेलिया का सामना कर चुका है .

### टीमें इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलियाः** मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जंपा.

**नामीबियाः** गेरहार्ड इरास्मस (कप्तान), जेन ग्रीन, माइकल वैन लिंगेन, डायलन लीचर, रूबेन ट्रम्पलमैन, जैक ब्रासेल, बेन शिकोंगो, टैंगेनी लुंगामेनी, निको डेविन, जेजे स्मिट, जान फ्राइलिंक, जेपी कोट्जे, डेविड वाइसे, बर्नार्ड स्कोल्ट्ज, मालन क्रूगर और पीडी ब्लिगनॉट.

समय : भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा.

### करो या मरो के मुकाबले में नेपाल से भिड़ेगा श्रीलंका



**लॉडरहिल (फ्लोरिडा)।** दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ शिकस्त के बाद अंक तालिका में खाता खुलने का इंतजार कर रहा पूर्व चैंपियन श्रीलंका आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में नेपाल को हराकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा.नेपाल को अपने एकमात्र मैच में नीदरलैंड के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा है.बांग्लादेश को पिछले मैच में हराकर दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुकी है. वानिंदु हसरंगा की अगुआई वाली टीम की जीत दूसरे स्थान की दौड़ को और भी रोमांचक कर देगी क्योंकि बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल की दावेदारी भी बरकरार है.श्रीलंका को अगर जीत दर्ज करनी है तो बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा. नेपाल के खिलाफ हार का मतलब होगा कि श्रीलंका का अभियान पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाएगा.

### टीमें इस प्रकार हैं

**नेपाल**

रोहित पौडेल (कप्तान), आसिफ शेख, अनिल कुमार साह, कुशल भुर्तेल, कुशाल मल्ला, दीपेंद्र सिंह ऐरी, ललित राजबंशी, करण केसी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, प्रतीस जीसी, संदीप जोरा, अविनाश बोहरा, सागर ढकाल और कमल सिंह ऐरी.

**श्रीलंका**

वानिंदु हसरंगा (कप्तान), चरिथ असलंका, कुसाल मेंडिस, पाथुम निसांका, कामिंदु मेंडिस, सदीरा समरविक्रम, एंजेलो मैथ्यूज, दासुन शनाका, धनंजय डिसिल्वा, महीश तीक्षणा, दुनिथ वेलालागे, दुष्मंता चमीरा, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना और दिलशान मदुशंका.

समय: मैच भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजे शुरू होगा.

### टी20 वर्ल्ड कप : अंक तालिका

**ग्रुप ए**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +1.455 |
| अमेरिका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.626 |
| कनाडा | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.274 |
| पाकिस्तान | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.150 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.712 |

**ग्रुप बी**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 0 | 5 | +2.164 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +1.875 |
| नामीबिया | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.309 |
| इंग्लैंड | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | -1.800 |
| ओमान | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.613 |

**ग्रुप सी**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +5.225 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +3.574 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -4.217 |
| पीएनजी | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.434 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.200 |

**ग्रुप डी**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| द. अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | +0.603 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.075 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.024 |
| नेपाल | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.539 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.777 |

## कामरान अकमल ने भारत के अर्शदीप से माफी मांगी

**एजेंसी ।लाहौर**



पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के खिलाफ की गई अपनी अनुचित टिप्पणी के लिए माफी मांगी है.भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 विश्व कप में खेले गए मैच का विश्लेषण करते हुए कामरान ने अर्शदीप के सिख धर्म का मजाक बनाया जिसका वीडियो वायरल हो गया था. पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया की थी.

कामरान ने हरभजन को टैग करते हुए एक्स पर लिखा, 'मुझे हाल में की गई अपनी टिप्पणियों पर गहरा खेद है और मैं हरभजन सिंह और सिख समुदाय से ईमानदारी से माफी मांगता हूं. मेरे शब्द अनुचित और अपमानजनक थे. मैं दुनिया भर के सिखों का बहुत सम्मान करता हूं और मेरा कभी किसी को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था. मैं सच में माफी चाहता हूं.' कामरान ने पाकिस्तान की पारी के दौरान यह टिप्पणी की. पाकिस्तान को तब 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम ओवर में 17 रन की जरूरत थी. अर्शदीप ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई और भारत ने यह मैच 6 रन से जीता. अकमल ने ओवर से पहले अर्शदीप को लेकर विवादास्पद टिप्पणी की थी.पाकिस्तान के इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा था,''कुछ भी हो सकता है. देखिए अंतिम ओवर अर्शदीप सिंह को ही करना है. वह अच्छी लय में नहीं दिख रहा है और 12 बज गए हैं.'हरभजन ने यह वीडियो रिपोस्ट किया जिसमें अकमल के साथ बैठे अन्य लोगों को भी हंसते हुए दिखाया गया है. भारतीय ऑफ स्पिनर ने इसके लिए अकमल की कड़ी आलोचना की. हरभजन ने कहा,'आपको अपना गंदा मुंह खोलने से पहले सिखों का इतिहास जान लेना चाहिए. हम सिखों ने आपकी माताओं और बहनों को बचाया जब उन्हें आक्रमणकारियों ने अगवा कर लिया था. समय 12 बजे का था. शर्म आनी चाहिए आप लोगों को.. कुछ तो आभार मानिए.'

नवीनतम बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसके

## सात्विक-चिराग की जोड़ी ने नंबर एक रैंकिंग गंवाई

**नयी दिल्ली ।एजेंसी**



पिछले हफ्ते इंडोनेशिया ओपन में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से हटने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी बैडमिंटन विश्व महासंघ की नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई.चीन के लियांग वेई केंग और वैंग चैंग नई पुरुष युगल नंबर एक जोड़ी है. उनके बाद डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन का नंबर आता है जिन्होंने दो स्थान की छलांग लगाई है.सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मई में थाईलैंड ओपन जीतकर नंबर एक रैंकिंग हासिल की लेकिन पिछले महीने सिंगापुर ओपन में पहले दौर से बाहर हो गई.भारतीय जोड़ी ने मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन से भी नाम वापस ले लिया है.

द.अफ्रीकी बल्लेबाज ने नासाउ काउंटी क्रिकेट ग्राउंड की पिच की आलोचना की

## ऐसी पिचों से क्रिकेट का प्रसार मुश्किल: क्लासेन

**न्यूयॉर्क।एजेंसी**



दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने नासाउ काउंटी क्रिकेट ग्राउंड की पिच और आउटफील्ड की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि अगर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टी20 क्रिकेट के लिए अमेरिका में बाजार तलाश रहा है तो इस तरह की परिस्थितियों में ऐसा करना बेहद मुश्किल होगा.इस मैदान की ड्रॉप इन पिचों पर बल्लेबाजी करना बेहद मुश्किल है. भारत ने टी20 विश्व कप में इस पिच पर 119 जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 113 रन का सफलतापूर्वक बचाव किया. क्लासेन ने बांग्लादेश के खिलाफ 44 गेंद पर 46 रन बनाए और आखिर में उनकी यह पारी निर्णायक साबित हुई.

### क्रिकेट के लिहाज से यह कड़ी प्रतिस्पर्धा है

क्लासेन ने दक्षिण अफ्रीका की चार रन से जीत के बाद कहा,''निश्चित तौर पर अगर आप दुनिया को दिखाना चाहते हैं और यहां बाजार तलाश रहे हैं तो मुझे नहीं लगता कि इस तरह की परिस्थितियों में ऐसा करना संभव होगा. क्रिकेट के लिहाज से यह कड़ी प्रतिस्पर्धा है. इससे शीर्ष टीमों और अन्य टीमों के बीच अंतर कम हो गया है.' इस आक्रामक बल्लेबाज ने कहा कि बल्लेबाज इस तरह की पिच पर खेलना पसंद नहीं करेंगे .

### हमारा लक्ष्य मैच में जीत दर्ज करना था

क्लासेन ने कहा,'ईमानदारी से कहूं तो 'मुझे लगता है कि सभी बल्लेबाज इस स्थान से बाहर निकलना चाहेंगे लेकिन गेंदबाज यही बने रहना चाहेंगे. लेकिन हमने अपनी भूमिका निभाई और हमारा लक्ष्य यहां तीनों मैच में जीत दर्ज करना था. निश्चित तौर पर जितना हमने सोचा था जीत हासिल करना उससे अधिक मुश्किल रहा.'उन्होंने कहा,'हमारे लिए यहां काफी तनाव भरा रहा क्योंकि मैच वास्तव में काफी करीबी बन गए.

**तैयारी** ओलंपिक के लिए भारतीय राइफल और पिस्टल टीम की हुई घोषणा

## दो स्पर्धाओं में मनु भाकर दिखाएंगी अपना जौहर

**नयी दिल्ली।एजेंसी**



भारतीय निशानेबाजी महासंघ ने पेरिस ओलंपिक के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा की जिसमें स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर अकेली ऐसी खिलाड़ी है जो दो स्पर्धाओं में भाग लेगी. टीम का चयन वर्चुअल बैठक में किया गया. टीम में आठ राइफल और सात पिस्टल निशानेबाज शामिल हैं. चयन समिति ने ट्रायल्स के परिणामों को प्राथमिकता देने का फैसला किया जिससे विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल जैसे निशानेबाजों के लिए दरवाजे बंद हो गए. पाटिल अपनी पसंदीदा 10 मीटर एयर राइफल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन इसके बावजूद वह ओलंपिक टीम में शामिल करने की गुहार लगा रहे थे क्योंकि उन्होंने कोटा हासिल किया था. निशानेबाजी में कोई व्यक्तिगत खिलाड़ी नहीं बल्कि देश को कोटा दिया जाता है. टीम के सभी सदस्य, कोच और सहयोगी स्टाफ अभी फ्रांस के वोल्मेरेंज लेस माइंस में शिविर में भाग ले रहे हैं. इसका उद्देश्य परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना है. ओलंपिक में जाने से पहले सभी खिलाड़ी दो सप्ताह के लिए स्वदेश लौटेंगे.

**शॉटगन टीम की घोषणा विश्व कप के बाद :** शॉटगन टीम की घोषणा इटली के लोनाटो में होने वाले विश्व कप के बाद की जाएगी, जिसमें प्रतियोगिताएं बुधवार से शुरू होकर 18 जून तक चलेंगी. पेरिस ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे.भारतीय निशानेबाजों ने इस बार संभावित 24 में से 21 कोटा स्थान हासिल किए हैं. राइफल और पिस्टल में उसने सभी आठ आठ कोटा स्थान हासिल किए हैं. भारत ने इससे पहले कभी इतनी अधिक कोटा स्थान हासिल नहीं किए थे. तोक्यो ओलंपिक के लिए भारत ने 15 कोटा स्थान हासिल किए थे.

### राइफल और पिस्टल निशानेबाजी टीम इस प्रकार

**राइफल :** संदीप सिंह, अर्जुन बबूता (10 मीटर एयर राइफल पुरुष), एलावेनिल वलारिवन, रमिता (10 मीटर एयर राइफल महिला), सिफ्ट कौर समरा, अंजुम मौदगिल (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन महिला), ऐश्वर्य तोमर, स्वप्निल कुसाले (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन पुरुष)

**पिस्टल :** सरबजोत सिंह, अर्जुन चीमा (10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष), मनु भाकर, रिदम सांगवान (10 मीटर एयर पिस्टल महिला), अनीश भानवाल विजयवीर सिद्धू (25 मीटर आरएफपी पुरुष), मनु भाकर, ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल महिला).

## भारत 2025 में जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा

**खेल संवाददाता ।रांची**



संबर 2025 में होने वाले पहले एफआईएच( FIH) जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी भारत करेगा. अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड ने मंगलवार को जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए आयोजन का जिम्मा भारत को सौंपा है. यह पहली बार होगा कि FIH हॉकी जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी. बता दें एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप का पिछला संस्करण 2023 में मलेशिया में हुआ था और जर्मनी ने विश्व कप जीता था.

एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा कि अधिक संख्या में राष्ट्रीय संघों को खेलने के अधिक अवसर प्रदान करना हमारी सशक्तिकरण और सहभागिता रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक है. उन्होंने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि हमने एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए भाग लेने वाली टीमों की संख्या बढ़ा दी है. कहा कि मैं अगले वर्ष हमारे खेल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाली इन 24 युवा टीमों को देखने के लिए उत्सुक हूं

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने कहा कि हमें खुशी है कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी के लिए भारत को चुना है. यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय हॉकी में भारत के बढ़ते महत्व को दर्शाता है . यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए खेल को विकसित करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है. हम भारत के समृद्ध हॉकी इतिहास को साझा करने और युवा प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं.

## ब्रीफ खबरें

### फरार चल रहे दो आरोपी हुए गिरफ्तार

**सहरसा ।** सहरसा-मानसी रेलखंड के कोपरिया स्टेशन पर खड़ी माल ट्रेन से गेहूं चोरी मामले में आरपीएफ ने फरार चल रहे दो आरोपी को गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी में पिंटू सादा, पिता स्वर्गीय बच्ची सादा, दूसरा आरोपी गरीब लाल सादा,पिता रमेश सादा है. दोनों आरोपी मुसहरी डीहा टोला वार्ड नंबर 11 सलखुआ का निवासी है. दोनों आरोपी की गिरफ्तारी आरपीएफ द्वारा मुखबिर की सूचना पर की गई. फिलहाल दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है. जानकारी अनुसार बीते 20 अप्रैल को खड़ी मालगाड़ी से भारी मात्रा में गेहूं चोरी की गई थी.

### 58 कार्टून बीयर बरामद चालक मौके से फरार

**अररिया ।** अररिया नगर थाना पुलिस ने सोमवार की रात महादेव चौक के पास छापेमारी कर मछली लदे पिकअप गाड़ी से भारी मात्रा में बीयर बरामद किया. मछली की आड़ में पिकअप गाड़ी पर 58 कार्टून बीयर लोड था. जबकि सामने से मछली का कैरेट रखा हुआ था. हालांकि गाड़ी का चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा. जानकारी सदर एसडीपीओ रामपुकर सिंह ने दी. एसडीपीओ ने बताया कि जीरो माइल के पास से ही पुलिस ने उस पिकअप गाड़ी को रोकने का इशारा किया गया. पुलिस ने उनका पीछा किया और गाड़ी को पकड़ा. पुलिस ने जब्त गाड़ी 58 कार्टून बीयर बरामद हुआ.

### 57 बोरी मक्का लदा ट्रेक्टर ट्राली की लूट

**किशनगंज ।** जिले के कोचाधामन थाना क्षेत्र में भेड़ियाडांगी ब्लॉक चौक के समीप कुछ बदमाशों ने मक्का लदे ट्रैक्टर को लूट लिया. जानकारी के अनुसार भेड़ियाडांगी ब्लॉक चौक स्थित पुल के पास दो भाई मेसर अली और खुर्शीद मक्का लेकर दिघलबैंक से दालकोला बेचने के लिए जा रहे थे. इस दौरान भेड़ियाडांगी पुल के पास मेसर अली के ट्रैक्टर को 3-4 लुटेरों ने रोककर लूट लिया. इसके बाद दोनों को बंधक बनाकर मारपीट की और ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए. सुबह में सड़क निर्माण का काम कर रहे मजदूरों ने दोनों को देखा तो बचाया. इसके बाद घटना की सूचना पुलिस और परिजनों को दी.

# लालू ने 77 पाउंड का केक काटकर मनाया 77वां जन्मदिन

संवाददाता । पटना

राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को अपने परिवार और पार्टी के नेताओं की मौजूदगी में 77 पाउंड का केक काटकर अपना 77वां जन्मदिन मनाया. लालू की पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सरकारी आवास 10 सर्कुलर रोड के बाहर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एकत्र हुए और मिठाइयां बांटीं. सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने कहा, आप जैसे महान व्यक्ति की बेटी होना मेरा सौभाग्य है. बचपन से ही आपने मुझे जीवन, मानवता, प्रेम, त्याग और कड़ी मेहनत का सही अर्थ सिखाया है. मैं आपकी गोद में खेली, आपकी उंगली पकड़कर चलना सीखा, यही मेरे लिए ईश्वरीय आशीर्वाद है, आपको जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं पापा. राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि प्रसाद हमेशा समाज के वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं.



सिंह ने कहा, पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए उनका संदेश सरल है-समाज के समग्र विकास के लिए काम करें और खासकर ग्रामीण इलाकों में रहने वालों के लिए. उन्होंने कहा कि प्रसाद के जन्मदिन को मनाने के लिए राजद कार्यकर्ताओं द्वारा राज्य के विभिन्न हिस्सों में सामुदायिक भोज का आयोजन किया जा रहा है.

# आत्महत्या की कोशिश करने वाले चीनी नागरिक की मौत

- ली जियाकी को छह जून को ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मी चौक के पास से गिरफ्तार किया गया था

संवाददाता । मुजफ्फरपुर

भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोपी एक चीनी व्यक्ति की मंगलवार को बिहार के मुजफ्फरपुर जिले की एक जेल में कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास करने के बाद मौत हो गई. अधिकारियों ने यह जानकारी दी.

चीन के शांदोंग प्रांत के रहने वाले ली जियाकी को छह जून को ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मी चौक के पास से गिरफ्तार किया गया था. उसके पास से चीन का नक्शा, एक मोबाइल फोन और चीन, नेपाल तथा भारत की मुद्राएं बरामद की गई थीं. अधिकारियों ने बताया कि विदेशी अधिनियम, 1946 के तहत मामला दर्ज किया गया और बाद में ली जियाकी को जेल भेज दिया गया था. उसे अमर शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारागार में रखा गया. अस्पताल की ओर से जारी बयान में कहा गया, सात जून को चीनी नागरिक ली जियाकी जेल के अस्पताल के शौचालय में घायल और बेहोश पाया गया था. उसने टूटे हुए चश्मे से अपने शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को काटने की कोशिश की थी. जेल अधिकारियों ने अस्पताल, मुजफ्फरपुर पहुंचाया, जहां मंगलवार को उसकी मौत हो गई.

### सीतामढ़ी जिले के सुप्पी प्रखंड के अख्ता गांव में हुई घटना

# बागमती में डूबने से चार बच्चों की मौत, तीन के शव बरामद

संवाददाता । पटना

सीतामढ़ी जिले के सुप्पी प्रखंड के अख्ता गांव में मंगलवार की दोपहर बागमदी नदी में नहाने गए चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई. एसडीआरएफ की टीम ने तीन बच्चों के शवों को नदी से बाहर निकाल लिया है जबकि चौथे बच्चे के शव की तलाश जारी है. पुलिस के मुताबिक, चारों बच्चे अन्य साथियों के साथ नदी में नहाने गए थे. नहाने के दौरान दो बच्चे डूबने लगे, जिन्हें बचाने के लिए दो अन्य बच्चे भी गहरे पानी में चले गए. इसी दौरान चारों डूबने लगे. साथियों को बचाने के लिए अन्य बच्चे चिल्लाने लगे. शोरगुल होने पर गांव के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे. इसके बाद ग्रामीणों ने एसडीआरएफ की टीम और थाने को सूचना दी. सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया. इधर, हादसे के बाद घटनास्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना ने कहा कि पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी. फिलहाल, उन्हें निजी कोष से राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है.



## बालू माफियाओं को ग्रामीणों ने जमकर पीटा, एक घायल

**भागलपुर ।** जिले के गोराडीह थाना क्षेत्र के गंगटी गांव के समीप मंगलवार को ग्रामीणों ने बालू माफियाओं को दौड़ा-दौड़ा कर पिटाई कर दी. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कुछ दिन पूर्व बालू माफिया के बीच विवाद हुआ था.



विवाद में एक पक्ष से सुशांत कुमार सिंह ने पंकज यादव के अवैध बालू लदे ट्रैक्टर पुलिस को बुलवाकर पकड़वा दिया था. जिसके बाद से सुशांत और पंकज के बीच विवाद शुरू हुआ थी. पंकज यादव मंगलवार को अपने तीन साथियों के साथ सुशांत कुमार सिंह को मारने के लिए घर से ही उसका पीछा कर रहा था. तभी गंगटी के समीप ग्रामीणों ने पंकज यादव को हथियार के साथ पकड़ लिया और चारों तरफ से घेर लिया फिर दौड़ा-दौड़ा कर उनकी जमकर पिटाई कर दी. दो बदमाश मौका देख फरार हो गया. बताया जा रहा है कि हथियार से लैस पंकज यादव समेत उनके गुर्गे सुशांत सिंह को मरने के लिए पहुंचे हुए थे. सुशांत अपने कार से सवार होकर जगदीशपुर की ओर आ रहे थे. पंकज यादव को पीछा करते देखा सुशांत ने अपना संतुलन खो दिया और कार लेकर नदी में घुस गया. जिससे की कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है. इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल पंकज यादव को भर्ती कराया.

### मंत्रियों के विभागों को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों ने जदयू पर खूब कसा तंज

# बिहार को झुनझुना थमा दिया : तेजस्वी यादव

लगातार न्यूज नेटवर्क। पटना

लोकसभा चुनाव 2024 के रिजल्ट आने के बाद बीजेपी को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने पर सहयोगी दल की बांछे खिल गई थी. खासकर तेलगु देशम पार्टी और जनता दल यू की. तब राजनीतिक विश्लेषक भी यह कहने लगे कि टीडीपी और जदयू किंग मेकर की भूमिका में हैं. मंत्रियों की संख्या और विभाग में चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार की चलेगी. ऐसा इसलिए इन दोनों नेताओं के पास बार्गेनिंग कैपिसिटी ज्यादा है. लेकिन जदयू और टीडीपी की तरफ से कुछ भी नकारात्मक टिप्पणी नहीं आई है. लेकिन असंतुलित नमो के मंत्रिमंडल पर विपक्ष जरूर हमलावर है. इसके अलावा आम लोग भी सोशल मीडिया पर जदयू और नीतीश कुमार को लेकर तरह-तरह के तंज कस रहे हैं.



**बिहार** के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कोई ध्यान नहीं दिया. बिहार से जीते सांसद को मंत्री तो बनाया पर विभाग देने में कोताही बरती गई है. ऐसा लगता है कि विभाग के नाम पर झुनझुना थमाया गया है. बिहार की वजह से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री तो बने पर अच्छा मंत्रालय बिहार के सांसदों को नहीं दिया गया. केवल झुनझुना थमाया गया है.



कटिहार से कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने कहा–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भले जंबो कैबिनेट बनाया पर सहयोगी दल खासकर बिहार इनकी प्राथमिकता में नहीं है. उम्मीद थी कि बिहार को इस बार रेलवे मिलेगा, पर रेलवे तो दूर किसी भी सांसद को ऐसा मंत्रालय नहीं मिला, जिससे बिहार का विकास हो सके. बिहार को अक्सर रेलवे विभाग मिलता रहा है और इस विभाग में अच्छा काम किया है.

### राज्य के 14 जिलों में गर्मी का रेड व पांच जिलों में लू का ऑरेंज अलर्ट

**पटना ।** मौसम विभाग ने राजधानी पटना समेत राज्य के 14 जिलों में गर्मी का रेड अलर्ट जबकि पांच जिलों में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. 14 जून तक दक्षिण बिहार के अधिकांश जिलों में लू चलने की संभावना है. वहीं राज्य के पांच जिलों खगड़िया, मुंगेर, भागलपुर, बांका और जमुई में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. साथ ही पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, छपरा, सीवान और गोपालगंज में गर्म दिन रहने की संभावना जताई है.

# अपराधियों ने घायल कर फाइनेंस कर्मी से लूटे 8.63 लाख रुपये

संवाददाता । सहरसा

सदर थाना क्षेत्र के मत्स्यगंधा स्थित बसहा मोड़ पर एक बाइक सवार तीन अपराधकर्मियों ने मंगलवार को एक फाइनेंसकर्मी को चाकू मारकर घायल कर दिया और रुपए लूट कर फरार हो गये. पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार को करीब 10:15 बजे सदर थानाध्यक्ष को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बसहा बैल चौक, मत्स्यगंधा के पास एक व्यक्ति राजनंद कुमार पिता-महेश मिस्त्री, साकिन-रहुआ तुलसियाही, थाना-बिहरा जो जेना स्मॉल फाइनेंस कर्मी हैं. एक मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात अपराधियों द्वारा हथियार का भय दिखाकर एवं चाकू से वार कर 8.63 लाख रुपया लूट लिए. पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गयी है.

## कारोबार

### सुजलॉन को पवन ऊर्जा परियोजना का मिला ठेका

**नयी दिल्ली ।** अक्षय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन समूह को एएमपीआईएन एनर्जी ट्रांजिशन से 103.95 मेगावाट की पवन परियोजना का ठेका मिला है. कंपनी बयान के अनुसार, समझौते के तहत सुजलॉन पवन टर्बाइन की आपूर्ति करेगी तथा राजस्थान के फतेहगढ़ जिले में स्थापना तथा उसे शुरू करने सहित परियोजना का क्रियान्वयन करेगी. मुख्य कार्यपालक अधिकारी विवेक ने कहा, सुजलॉन और एएमपीआईएन एनर्जी ट्रांजिशन भारत में अक्षय ऊर्जा के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध हैं.

### सेबी 49 अधिकारियों की नियुक्ति करेगा

**नयी दिल्ली ।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने इस साल विभिन्न विभागों में 49 अधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है. इससे सेबी को अपने नियामकीय कामकाज के तेजी से और अधिक प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन में मदद मिलेगी. यह निर्णय भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा मार्च में 97 वरिष्ठ स्तर के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करने के बाद लिया गया है. ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए लिंक मूल रूप से 13 अप्रैल को खुलने वाला था.

### कॉग्निजेंट बेल्कन का करेगी अधिग्रहण

**नयी दिल्ली ।** अमेरिकी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी कॉग्निजेंट लगभग 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर (10, 861 करोड़ रुपये) में डिजिटल इंजीनियरिंग कंपनी बेल्कन एलएलसी का अधिग्रहण करेगी. कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. इसके लिए उसने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. इस सौदे में 1.19 अरब डॉलर नकद और सात जून को कॉग्निजेंट के शेयर मूल्य के आधार पर 9.7 करोड़ डॉलर मूल्य के 14.7 करोड़ कॉग्निजेंट शेयर शामिल हैं. सिनसिनाटी स्थित बेल्कन का स्वामित्व निजी इक्विटी फर्म एई इंडस्ट्रियल पार्टनर्स के पास है.

### दोनों कंपनियां मिसाइल और ड्रोन के साथ आधुनिक हथियार बनाएंगी

# अडानी ग्रुप ने यूएई की ईडीजीई से मिलाया हाथ

भाषा । नयी दिल्ली

भारतीय कारोबारी गौतम अडाणी एनर्जी और पोर्ट के बाद अब हथियार निर्माण के क्षेत्र में उतरने की तैयारी में हैं. दरअसल अब सुरक्षा के लिए आधुनिक हथियार अहम होते जा रहे हैं. जिस देश के पास जितने आधुनिक हथियार होंगे वह उतना ही ताकतवर होगा. यह बात इजाइल और हमास की जंग से पता चल चुका है. इसलिए हथियारों की मांग को देखते हुए भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस गौतम अडाणी अब मिसाइल और ड्रोन के साथ-साथ सेना के लिए दूसरे तरह के हथियार भी बनाएंगे. अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने यूएई की कंपनी ईज (ईडीजीई) ग्रुप के साथ हाथ मिलाया है.

दोनों कंपनियां मिसाइल और ड्रोन के साथ-साथ दूसरे तरह के आधुनिक हथियार बनाएंगी. साथ ही इलेक्ट्रॉनिक और साइबर युद्ध में काम आने वाली टेक्नोलॉजी के विकास में भी एकदूसरे को सहयोग करेंगी. एग्रीमेंट के मुताबिक भारत और यूएई में रिसर्च एंड डेवलपमेंट फैसिलिटीज स्थापित करने और एक्सपोर्ट की संभावनाओं का पता लगाया जाएगा. साल 2019 में स्थापित ईज ग्रुप दुनिया का जाना-माना एडवांस्ड टेक्नोलॉजी ग्रुप है. दोनों कंपनियों ने एक बयान में इस समझौते के बारे में जानकारी दी.



फाइल फोटो

अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के सीईओ आशीष राजवंशी ने कहा कि हमारे बीच यह सहयोग रक्षा क्षमताओं के विस्तार में एक नए युग की शुरुआत है. यह एडवांस टेक्नोलॉजिकल के विकास और भारत-यूएई के बीच द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है. हम ग्लोबल डिफेंस लैंडस्केप में नए मानक स्थापित करना चाहते हैं.

ईज ग्रुप के सीईओ हमद अल मरार ने कहा कि अडानी डिफेंस के साथ हमारा करार एक मील का पत्थर है. इससे भारत की डिफेंस इंडस्ट्री के साथ हमारा सहयोग मजबूत होगा. यह दोनों देशों के सैन्य संबंधों को मजबत बनाने की हमारी परस्पर प्रतिबद्धता को दिखाता है. हम अपने कस्टमर्स को सबसे आधुनिक प्रॉडक्ट्स देना चाहते हैं. साथ ही हम

**किया समझौता**

दोनों कंपनियां मिसाइल और ड्रोन के साथ–साथ दूसरे तरह के आधुनिक हथियार बनाएंगी

एक्सपोर्ट की संभावनाएं भी तलाश करेंगे. दोनों कंपनियों के बीच आपसी सहयोग के लिए जॉइंट प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा.

बता दें कि अडाणी ग्रुप का कारोबार पोर्ट, एयरपोर्ट, इन्फ्रा और ग्रीन एनर्जी समेत कई सेक्टर्स में फैला है. मार्केट कैप के हिसाब से यह टाटा ग्रुप और रिलायंस ग्रुप के बाद देश का तीसरा सबसे बड़ा ग्रुप है. ग्रुप की 11 लिस्टेड कंपनियां हैं. ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस हैं. ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 107 अरब डॉलर है. वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 13वें नंबर पर हैं. अडाणी की नेटवर्थ में इस साल 22.8 अरब डॉलर की तेजी आई है. पिछले साल हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के कारण अडाणी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई थी. लेकिन अब अधिकांश शेयरों ने इसकी भरपाई कर ली है. ग्रुप की कई कंपनियां अपने सेक्टर में अग्रणी हैं.

### टाटा स्टील अपने ब्रिटिश संयंत्र में निवेश की योजना को लेकर आशंकित

**नयी दिल्ली ।** इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने ब्रिटेन के पोर्ट टैलबोट में स्थित अपने संयंत्र में 1.25 अरब पाउंड का प्रस्तावित निवेश ब्रिटिश सरकार और विपक्ष के बीच नीतिगत मतभेदों की वजह से खटाई में पड़ने के बारे में आई खबरों पर चिंता जताई है. पिछले साल सितंबर में टाटा स्टील और ब्रिटिश सरकार के बीच पोर्ट टैलबोट इस्पात संयंत्र में कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए 1.25 अरब पाउंड की संयुक्त निवेश योजना पर सहमति जताई गई थी. इस निवेश में से 50 करोड़ पाउंड की राशि ब्रिटिश सरकार को देनी है. कंपनी ने बयान में कहा, हम ब्रिटिश मीडिया में आई उन खबरों को देखकर आशंकित हैं, जिनमें कहा गया है कि ब्रिटेन के इस्पात उद्योग में कई दशकों का सबसे बड़ा 1.25 अरब पाउंड का निवेश मौजूदा चुनावी प्रक्रिया के दौरान कंजर्वेटिव पार्टी और लेबर पार्टी के बीच उभरे नीतिगत मतभेदों के कारण खतरे में पड़ सकता है. टाटा स्टील ने कहा कि वह आने वाले महीनों में पोर्ट टैलबोट संयंत्र में भारी-भरकम परिसंपत्तियों को बंद करने और पुनर्गठन कार्यक्रम की घोषणा पर कायम रहेगी. टाटा समूह की कंपनी टाटा स्टील ब्रिटेन के पोर्ट टैलबोट में 30 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता वाली सबसे बड़ी ब्रिटिश इस्पात इकाई का संचालन करती है.



**ट्रेलर लॉन्च**

मंगलवार को मुंबई में पंजाबी भाषा की फिल्म जट्ट एंड जूलियट 3 के ट्रेलर लॉन्च पर गायक दिलजीत दोसांझ के साथ अभिनेता जैस्मीन बाजवा (बाएं), नीरू बाजवा (सी).

### थोक बिक्री | उद्योग संगठन सियाम ने मंगलवार को दी जानकारी

# घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री मई में 4% बढ़ी

एजेंसी । नयी दिल्ली

देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 3,47,492 इकाई हो गयी. मई, 2023 में थोक बिक्री कुल 3,34,537 इकाई रही थी. उद्योग संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी. यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के चलते मई महीने में अबतक की सबसे ऊंची बिक्री दर्ज की गई. मारुति सुजुकी ने पिछले महीने 1,44,002 इकाइयां बेचीं, जबकि मई, 2023 में यह आंकड़ा 1,43,708 इकाई था.

हुंदै मोटर इंडिया ने मई में 49,151 वाहन बेचे, जबकि मई, 2023 में यह आंकड़ा 48,601 इकाई था. महिंद्रा एंड महिंद्रा ने मई 43,218 इकाइयां बेचीं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 32,886 इकाइयों की बिक्री की थी. सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बयान में कहा कि सभी खंडों यात्री वाहन, वाणिज्यिक वाहन, दोपहिया और तिपहिया वाहनों में सालाना आधार पर मई में वृद्धि दर्ज की गई है.



उन्होंने कहा, यात्री वाहनों में केवल मध्यम वृद्धि देखी गई है, जिसका मुख्य कारण पिछले वर्ष का उच्च आधार प्रभाव है. मई में दोपहिया वाहनों की बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 16,20,084 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल समान महीने में यह आंकड़ा 14,71,550 इकाई था.

**मारुति सुजुकी ने पिछले महीने 1,44,002 इकाइयां बेचीं, जबकि मई, 2023 में यह आंकड़ा 1,43,708 इकाई था**

पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 55,763 इकाई हो गई, जबकि मई, 2023 में यह 48,610 इकाई थी. अग्रवाल ने कहा, सामान्य से बेहतर मानसून के पूर्वानुमान और नई सरकार द्वारा आर्थिक वृद्धि पर निरंतर जोर दिए जाने के साथ ही 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मोटर वाहन उद्योग 2024-25 में भी स्थिर वृद्धि की उम्मीद कर रहा है.

सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने विस्तार से बताते हुए कहा कि पिछले महीने यात्री वाहनों की आपूर्ति मई में अबतक की सर्वाधिक थी. उन्होंने कहा कि पिछले महीने दोपहिया वाहनों की बिक्री में 10 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, लेकिन यह अब भी मई 2017-18 के स्तर से कम है. मेनन ने कहा, मई, 2024 में तिपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री मई, 2023 की तुलना में 14.7 प्रतिशत बढ़ी, जो मई में अबतक की सर्वाधिक बिक्री है.

# सिंगापुर एयरलाइंस ने यात्रियों को मुआवजे की पेशकश की

- विमान के लड़खड़ाने के कारण एक यात्री की मौत हो गयी थी

एजेंसी । सिंगापुर

सिंगापुर एयरलाइंस ने पिछले महीने वायुमंडलीय विक्षोभ का शिकार हुए एक विमान में सवार 211 यात्रियों को मंगलवार को पूरा हवाई किराया वापस करने और आर्थिक मुआवजे का भुगतान करने की पेशकश की. पिछले महीने लंदन से सिंगापुर की उड़ान में अचानक वायुमंडलीय विक्षोभ के कारण विमान के लड़खड़ाने के कारण एक यात्री की मौत हो गयी थी और कई अन्य लोग घायल हुए थे.

सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) की लंदन से सिंगापुर जा रही उड़ान संख्या एसक्यू321 को 21 मई को भारी वायुमंडलीय विक्षोभ का सामना करना पड़ा था. बोइंग 777-300 ईआर विमान में 211 यात्री और चालक दल के 18 सदस्य सवार थे. विमान को आपात स्थिति में बैंकॉक के सुवर्णभूमि हवाई अड्डे पर उतारा गया था. विमान इतनी बुरी तरह से लड़खड़ाया था कि यात्री और चालक दल के सदस्य विमान की छत तक उछल कर नीचे गिर गए, जिसके परिणामस्वरूप एक व्यक्ति की मौत हो गई और दर्जनों यात्री घायल हो गए. एसआईए ने एक बयान में कहा कि सोमवार को यात्रियों को मुआवजा देने के प्रस्ताव भेज दिये गये. बयान के मुताबिक, इस घटना में जिन लोगों को मामूली चोटें आईं, उन्हें मुआवजे के तौर पर 10 हजार अमेरिकी डॉलर की पेशकश की गई.




फाइल फोटो

# मोदी सरकार के मंत्रियों ने कामकाज शुरू किया



**चिराग पासवान** : बिहार से सांसद एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने मंगलवार को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री का पदभार संभाल लिया. पासवान (42) ने अपने दिवंगत पिता रामविलास पासवान के असली राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है. उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की विशाल संभावनाओं को उजागर करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की.



**अमित शाह** : भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में लगातार दूसरी बार कामकाज संभाल लिया. वह 2019 से यह जिम्मेदारी संभाल रहे हैं.



**जेपी नड्डा** : भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का पदभार संभाल लिया. नड्डा ने कार्यभार संभालने के बाद स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल से भेंट की.



**शिवराज सिंह चौहान**: भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया.



**जीतनराम मांझी** : केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय का कार्यभार मंगलवार को संभाल लिया

## ब्रीफ खबरें

### बाजार समिति से 54 करोड़ रुपये की ठगी

**ठाणे।** खुद को एक राष्ट्रीयकृत बैंक की अधिकारी बताकर मुंबई महानगर क्षेत्र लौह एवं इस्पात बाजार समिति से 54 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में एक महिला के विरुद्ध नवी मुंबई पुलिस ने मामला दर्ज किया है. अधिकारी ने बताया कि महिला ने उनका विश्वास जीतते हुए फर्जी दस्तावेज के साथ उनसे उच्च ब्याज दर का वादा करते हुए सावधि जमा में निवेश करने के लिए प्रलोभन दिया.

### बस आतंकी हमला: 20 लोगों को पकड़ा

**जम्मू ।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में श्रद्धालुओं की बस पर किए गए हमले में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है और सुरक्षा बलों की 11 टीमें काम कर रही हैं तथा पोनी तेरयाथ इलाके की कई तरफ से घेराबंदी की गई है. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों के मुताबिक, 20 से ज्यादा लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ कर रही है.

### हवाई अड्डे से 33 किग्रा सोना बरामद

**मुंबई ।** मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने अलग-अलग मामलों में दो विदेशी महिला नागरिकों के अंतःवस्त्रों और सामान में छिपाया 19.15 करोड़ रुपये मूल्य का कुल 32.79 किलोग्राम सोना जब्त किया है. एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि सोमवार को शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद अफ्रीकी देशों से आई दोनों महिला यात्रियों की संदेह के आधार पर तलाशी ली गई.

### दिल्ली में इस बार बाढ़ नहीं आएगी: सौरभ

**नयी दिल्ली ।** सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि इस बार राजधानी में बाढ़ नहीं आएगी, क्योंकि यमुना नदी को उसके पानी के प्रवाह के लिए साफ रास्ता मिल जाएगा. नदी से गाद निकालने के कार्य का जायजा लेने के लिए सौरभ भारद्वाज ने आईटीओ बैराज का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि बैराज हरियाणा सरकार के अधिकार क्षेत्र में है और पिछले वर्ष दिल्ली में बाढ़ इसके गेट बंद करने के कारण आई थी.

## कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जनता को धन्यवाद देते हुए बोले

# मोदी के सामने प्रियंका लड़ती तो तीन लाख वोट से हारते पीएम

**एजेंसी । रायबरेली (उप्र)**



रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हाल के लोकसभा चुनाव में 'नफरत, हिंसा और अहंकार के खिलाफ मतदान' करने के लिये जनता को धन्यवाद देते हुए मंगलवार को दावा किया कि अगर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाराणसी से चुनाव लड़तीं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो-तीन लाख वोट से हार जाते. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल ने यहां आभार सभा में कहा, इस चुनाव में हिंदुस्तान ने संदेश भेजा है कि हमें नरेंद्र मोदी जी का विजन अच्छा नहीं लगता. हमें नफरत नहीं चाहिए, हमें हिंसा नहीं चाहिए. हमें मोहब्बत की दुकान चाहिए. हमें देश के लिए नया विजन चाहिए. अगर देश को नया विजन देना है तो उत्तर प्रदेश से ही देना होगा और उत्तर प्रदेश ने संदेश दिया है कि हम प्रदेश और देश में इंडिया गठबंधन, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को चाहते हैं.

प्रधानमंत्री को जनता ने संदेश दिया : राहुल ने अयोध्या की सीट पर भाजपा की पराजय का जिक्र करते हुए कहा, जवाब अयोध्या की जनता ने दिया है. सिर्फ अयोध्या में ही नहीं, वाराणसी में भी प्रधानमंत्री जान बचाकर निकले हैं. मैं अपनी बहन (प्रियंका वाड्रा) से कह रहा हूं कि अगर यह वाराणसी में लड़ जातीं तो आज प्रधानमंत्री दो-तीन लाख वोट से वाराणसी का चुनाव हार जाते. उन्होंने कहा, मैं यह बात अहंकार से नहीं कह रहा हूं बल्कि इसलिए कह रहा हूं क्योंकि प्रधानमंत्री को जनता ने संदेश दिया है कि आपकी जो राजनीति है वह हमें अच्छी नहीं लगी. हम प्रगति चाहते हैं. आपने 10 साल इस देश में बेरोजगारी, नफरत और हिंसा फैलाई .

### लोकसभा चुनाव में अवध ने पूरे देश को दिया संदेश : प्रियंका



प्रियंका ने रायबरेली और अमेठी लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस की जीत पर जनता को धन्यवाद देने के लिये यहां आयोजित आभार सभा को संबोधित करते हुए कहा, समाजवादी पार्टी के मेरे सभी साथियों ने हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चुनाव लड़ा. हमने यहां एक सेना बनाई जिसके तहत आपकी मजबूती से रायबरेली और अमेठी हम जीते. यह एक ऐतिहासिक जीत रही. उन्होंने कहा, हमें यह बात कहने में गर्व होता है कि अवध से पूरे उत्तर प्रदेश और पूरे देश में यह संदेश गया कि हमें एक समर्पित, सच्ची और साफ राजनीति चाहिए. पूरा देश आपकी तरफ देख रहा है. उन्होंने जनता से वादा करते हुए कहा, जितनी श्रद्धा, जितनी निष्ठा आपने हमें दिखाई है, उससे दोगुनी श्रद्धा, उससे दोगुनी निष्ठा के साथ हम सब आपके लिए काम करेंगे, अगले पांच सालों के लिए और हमेशा के लिए. प्रियंका ने कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देते हुए कहा, आपने कठिन से कठिन परिस्थितियों में लड़ाई लड़ी. पहली बार चुनाव संचालन में किशोरी लाल शर्मा (अमेठी से नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद) जी नहीं थे. वह अपना चुनाव अमेठी में लड़ रहे थे लेकिन उनके साथियों ने कमान संभाली.

### अब पीटा जा रहा तीन करोड़ घरों का ढिंढोरा : मल्लिकार्जुन



**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि 2022 तक सबसे सिर पर छत की मोदी की गारंटी खोखली साबित होने के बाद अब तीन करोड़ आवास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण के लिए सरकारी सहायता को मंजूरी दी गयी. खड़गे ने कटाक्ष करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, लोकसभा चुनाव में देश ने ऐसा जवाब दिया कि मोदी सरकार को दूसरों के घरों से कुर्सियां उधार लेकर अपना सत्ता का घर संभालना पड़ रहा है. 17 जुलाई 2020 को प्रधानमंत्री जी ने देश को मोदी की गारंटी दी थी कि 2022 तक हर भारतीय के सिर पर छत होगी. ये गारंटी तो खोखली निकली. उन्होंने कहा, अब तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास देने का ढिंढोरा ऐसे पीट रहे हैं, जैसे पिछली गारंटी पूरी कर ली हो.

**एक सरकारी सामान्य शहरी घर 6.5 लाख रुपये में बनता है :** उनके अनुसार एक सरकारी सामान्य शहरी घर औसतन 6.5 लाख रुपये का बनता है, उसमें केंद्र सरकार केवल 1.5 लाख रू देती है.

# जो सीट छोड़नी है उसकी जानकारी बहुत जल्द विधानसभा में दे देंगे : अखिलेश

**एजेंसी । लखनऊ**

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि वह बहुत जल्द विधानसभा में जानकारी देंगे कि लोकसभा सीट और विधानसभा सीट में से वह कौन सी सीट अपने पास रखेंगे. सपा प्रमुख यादव मंगलवार को इटावा जिले के अपने पैतृक गांव सैफई में पत्रकारों से मुखातिब थे. पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि लोकसभा और विधानसभा सीट में से कौन सी सीट वह अपने पास रखेंगे, तो उन्होंने कहा करहल और मैनपुरी के कार्यकर्ताओं को मैंने बताया है कि मैं दो जगह से चुनाव तो जीत गया हूं लेकिन एक सीट छोड़नी पड़ेगी. बहुत जल्द विधानसभा में इसकी जानकारी दी जाएगी. सपा प्रमुख यादव हालिया लोकसभा चुनाव में कन्नौज संसदीय सीट से चुनाव जीते हैं, जबकि 2022 के विधानसभा चुनाव में वह मैनपुरी जिले के करहल




विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीते थे. विधानसभा में फिलहाल उनके पास नेता प्रतिपक्ष का दायित्व है. ऐसा कहा जा रहा है कि यादव विधानसभा की सदस्यता छोड़कर लोकसभा में सपा संसदीय दल के नेता बनेंगे. उप्र की 80 लोकसभा सीटों में से सपा 37 सीटें जीत कर लोकसभा में तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी है.

समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी से जब शुक्रवार को सपा सांसदों की बैठक में अखिलेश यादव को संसदीय दल का नेता चुने जाने के बारे में पूछा गया था तब उन्होंने ''पीटीआई-भाषा'' से कहा था अखिलेश यादव ही सपा संसदीय दल के नेता होंगे. लेकिन इसके लिए एक औपचारिकता होती है जो दिल्ली में पूरी होगी. उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की कि यादव मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से इस्तीफा देंगे. सैफई में यादव ने पत्रकारों से बातचीत में सपा की बड़ी जीत का श्रेय, सपा कार्यकर्ताओं, नेताओं, संगठन के पदाधिकारियों को देते हुए उन्हें बधाई दी. उन्होंने कहा मैं अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं को बधाई दे रहा हूं, इस बार चुनाव में ऐसी जीत हुई, जिससे सपा देश में तीसरे नंबर की पार्टी बन गयी. एक सवाल के जवाब में यादव ने कहा जब सदन चलेगा तो वहां जनता और संविधान के सवालों को रखा जाएगा. जब समाजवादी पार्टी देश में तीसरे नंबर पर पहुंची है, तो हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ी है.

### हत्या के मामले में कन्नड़ अभिनेता दर्शन गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** प्रमुख कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को कथित हत्या के एक मामले में हिरासत में लिया गया है. पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने मंगलवार को यह जानकारी दी.



उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए दर्शन और उसके सहयोगियों से पुलिस पूछताछ कर रही है. दयानंद ने संवाददाताओं को बताया, एक हत्या के सिलसिले में कन्नड़ फिल्म अभिनेता को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि 47 वर्षीय अभिनेता को मैसूर के एक होटल से नौ जून को हिरासत में लिया गया. रेणुका स्वामी नामक व्यक्ति की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तारी की गई है. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मृतक की पहचान रेणुका स्वामी के रूप में हुई है.

## जरांगे के अनशन का चौथा दिन

# तरल पदार्थ लेने से किया इनकार

**एजेंसी । जालना (महाराष्ट्र)**

मराठा आरक्षण से संबंधित मांगों को लेकर चार दिन से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को डॉक्टरों की सलाह के बावजूद नसों के माध्यम से तरल पदार्थ (आईवी फ्लुइड) लेने से इनकार कर दिया. मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत आरक्षण देने की मांग कर रहे जरांगे ने मध्य महाराष्ट्र के जालना जिले में अंतरवाली सराटी गांव में नये सिरे से भूख हड़ताल शुरू की है.

सरकारी ग्रामीण अस्पताल के एक दल ने सुबह उनकी जांच की. उनका रक्तचाप और रक्त शर्करा स्तर कम था और उन्हें नसों के माध्यम से शरीर में तरल पदार्थ लेने की सलाह दी गई है. एक डॉक्टर ने मीडियाकर्मियों को यह जानकारी दी. हालांकि, जरांगे ने कहा कि वह इस



तरह से कोई आहार नहीं लेंगे. उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ऐसा लगता है कि सरकार को हमारी दुर्दशा की बिल्कुल चिंता नहीं है. मराठा समुदाय उन्हें सबक सिखाएगा. महाराष्ट्र के मंत्री और ओबीसी नेता छगन भुजबल के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि सरकार द्वारा मराठाओं को दिया गया 10 प्रतिशत आरक्षण न्यायिक जांच में खरा उतरेगा.

# चंद्रबाबू सीएम के रूप में पद संभालने को तैयार

**एजेंसी । अमरावती**

तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू आज आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए तैयार हैं. इस भूमिका में यह उनका चौथा कार्यकाल होगा. नायडू का विजयवाड़ा के बाहरी इलाके में गन्नावरम हवाई अड्डे के पास केसरपल्ली आईटी पार्क में बुधवार पूर्वाह्न 11.27 बजे शपथ लेने का



कार्यक्रम है. मंगलवार को तेलुगू देशम विधायक दल और राजग के घटक दलों ने नायडू को अपना नेता चुना. तेदेपा, भाजपा और जनसेना वाले राजग के नेता, राज्यपाल एस अब्दुल नजीर से मिलेंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे. शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की उम्मीद है. समारोह की तैयारियों की समीक्षा करने वाले मुख्य सचिव नीरभ कुमार प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के बुधवार सुबह 8.20 बजे दिल्ली से गन्नावरम हवाई अड्डे के लिए रवाना होने और 10.40 बजे तक पहुंचने की उम्मीद है.

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद

# गाजा में संघर्ष विराम प्रस्ताव को दी मंजूरी

**एजेंसी । संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र (संरा) सुरक्षा परिषद ने गाजा में इजराइल और हमास के बीच आठ महीने से जारी युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से सोमवार को अपने पहले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी. अमेरिका समर्थित संघर्ष विराम प्रस्ताव की घोषणा राष्ट्रपति जो बाइडन ने की. अमेरिका का कहना है कि इजराइल ने इस प्रस्ताव को



स्वीकार कर लिया है. वहीं सबकी निगाहें चरमपंथी फलस्तीनी समूह हमास पर हैं, जिसने तीन चरण वाले इस योजना प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है. सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य देशों में से 14 ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए बहुमत से मंजूरी दी, हालांकि रूस मतदान से नदारद रहा. इस प्रस्ताव में इजराइल और हमास से बिना किसी शर्त और विलंब के इसके नियमों को पूर्ण रूप से लागू करने का आह्वान किया गया है. इजराइल और हमास इस योजना पर सहमत होंगे, इसपर सवालिया निशान बरकरार है लेकिन सुरक्षा परिषद ने मजबूती से इस प्रस्ताव का समर्थन किया है और दोनों पक्षों पर प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए दबाव बढ़ाया है. अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सोमवार को इजराइल पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से गाजा में युद्ध के बाद के लिए योजना को स्वीकार करने का आग्रह किया.

**टिप्पणी**

## आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में में तीखी टिप्पणी, कहा- हम भाजपा की फील्ड फोर्स नहीं

# अतिउत्साही भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए रियलिटी चेक हैं चुनावी नतीजे

- मोदी का 400 पार का नारा उनके लिए लक्ष्य और विपक्ष के लिए चुनौती थी

**लगातार न्यूज नेटवर्क**




▪ फाइल फोटो

**एनसीपी गुट को साथ मिलाने पर उठाए सवाल :** आरएसएस के माउथपीस में चुनावों में बीजेपी की अंडरपरफॉर्मेंस के लिए अनावश्यक राजनीति को एक कारण बताया गया. इस आलेख में कहा गया कि महाराष्ट्र अनावश्यक राजनीति का एक प्रमुख उदाहरण है. अजित पवार की अगुवाई में एनसीपी का धड़ा बीजेपी में शामिल हुआ. जबकि बीजेपी और शिवसेना के पास बहुमत था. जबकि शरद पवार का दो से तीन सालों में प्रभाव खत्म हो जाता क्योंकि एनसीपी अंदरूनी कलह से जूझ रही थी.

**ऐसे कांग्रेसी को लाने पर भी तीखी झिड़की :** शारदा ने किसी नेता का नाम लिए बगैर कहा कि बीजेपी में ऐसे कांग्रेसी नेता को शामिल किया गया, जिसने बढ़-चढ़कर भगवा आतंक की बात कही थी और 26/11 को आरएसएस की साजिश बताया था और आरएसएस को आंतकी संगठन तक कहा था. आरएसएस ने इस चुनाव में बीजेपी के लिए प्रचार किया था? इस सवाल के जवाब में शारदा ने कहा कि मैं साफ-साफ कहूं तो आरएसएस, बीजेपी की फील्ड-फोर्स नहीं है.

लोकसभा चुनावों के नतीजों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तीखी टिप्पणी सामने आई है. आरएसएस ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के ये नतीजे बीजेपी के अतिउत्साहित कार्यकर्ताओं और नेताओं के लिए रियलिटी चेक हैं, जो अपनी ही दुनिया में मगन थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व की चकाचौंध में डूबे हुए थे. इस तरह इन तक आमजन की आवाज नहीं पहुंच पा रही थी.

आरएसएस ने अपने माउथपीस ऑर्गनाइजर के ताजा अंक में ये टिप्पणी की है. माउथपीस के लेख में कहा गया है कि आरएसएस, बीजेपी की फील्ड फोर्स नहीं है. लेकिन बीजेपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चुनाव में सहयोग के लिए स्वयंसेवकों से संपर्क भी नहीं किया. इन चुनावी नतीजों से स्पष्ट है कि ऐसे अनुभवी स्वयंसेवकों को भी नजरअंदाज किया गया, जिन्होंने सोशल मीडिया के इस दौर में फेम की लालसा के बिना अथक परिश्रम किया है. आरएसएस के सदस्य रतन शारदा ने इस आलेख में कहा है कि 2024 लोकसभा चुनाव के नतीजे बीजेपी के अतिउत्साही कार्यकर्ताओं और कई नेताओं के लिए रियलिटी चेक की तरह आए हैं. इन्हें अहसास ही नहीं था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार का नारा उनके लिए लक्ष्य और विपक्ष के लिए चुनौती थी.

इस चुनाव में बीजेपी को 240 सीटें मिली हैं, जो बहुमत से कम हैं लेकिन एनडीए 293 सीटों के साथ बहुमत हासिल करने में कामयाब रहा. कांग्रेस को चुनाव में 99 सीटें मिली जबकि इंडिया ब्लॉक के हिस्से 234 सीटें आईं. इस चुनाव में जीत दर्ज करने वाले दो निर्दलीयों ने कांग्रेस को समर्थन दिया, जिसके बाद इंडिया ब्लॉक की संख्या बढ़कर 236 हो गई. शारदा ने लिखा कि चुनावी मैदान में मेहनत से लक्ष्यों को हासिल किया जाता है ना कि सोशल मीडिया पर पोस्टर या सेल्फी शेयर करके. इस वजह से ये अपनी ही दुनिया में मगन थे, प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता के दम पर खुशी मना रहे थे. ऐसे में इन्होंने आमजन की आवाज नहीं सुनी.

## मलावी के उपराष्ट्रपति का विमान लापता

# मौत की आशंका, तलाश जारी

- सैन्य विमान की तलाश में जुटे सैनिक

**एजेंसी ।मालवी**

अफ्रीकी देश मलावी के उपराष्ट्रपति साउलोस चिलिमा को लेकर जा रहा सैन्य विमान सोमवार को ब्लांटायर के पास लापता हो गया. उस विमान में साउलोस चिलिमा के अलावा देश की एक पूर्व प्रथम महिला नागरिक शानिल जिंबिरी समेत 10 लोग सवार थे. सैनिक पर्वतीय जंगलों में लापता सैन्य विमान की तलाश कर रहे हैं. हालांकि अभी तक संपर्क नहीं हो पाया है. राष्ट्रपति लाजारस चकवेरा ने इस बात की जानकारी दी. राष्ट्रपति ने कहा कि मैं जानता हूं कि यह हृदय विदारक स्थिति है. हम सभी चिंतित हैं. लेकिन मैं आपको भरोसा दिलाना चाहता हूं कि मैं विमान का पता लगाने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ रहा हूं. मैं यह उम्मीद भी रख रहा हूं कि सभी लोग जीवित बचेंगे.

### खराब मौसम की वजह से हवाईअड्डे पर ना उतरकर वापस लौट गया था विमान

जानकारी के अनुसार. उपराष्ट्रपति सोलोस चिलिमा (51), पूर्व प्रथम महिला नागरिक शानिल जिंबिरी और आठ अन्य को लेकर विमान दक्षिणी अफ्रीकी देश की राजधानी लिलोंग्वे से सोमवार सुबह 9.17 बजे रवाना हुआ था. इसे करीब 45 मिनट बाद राजधानी से 370 किलोमीटर दूर मजुजु अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरना था. लेकिन खराब मौसम की वजह से विमान नहीं उतरा और वापस लौट गया.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)